रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹71400 10 ग्राम
₹99000 01 किलो
सेंसेक्स 78,540.17 +498.58
डॉलर 85.092 +0.139

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 24 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 319, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 धर्म के बारे में अनुचित और अधूरा...

रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| कांके | रांची |
| अधिक. 24.0° | अधिक. 26.0° |
| न्यून. 10.5° | न्यून. 11.5° |

### 'एक देश, एक चुनाव' पर बनी जेपीसी की बैठक 8 को

**नई दिल्ली।** 'एक देश, एक चुनाव' पर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की पहली बैठक आठ जनवरी 2025 को होगी। जेपीसी के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने यह बैठक बुलाई है। बैठक में लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रस्ताव पर चर्चा होगी। संसदीय सूत्रों ने सोमवार को बताया कि इस बैठक में अधिकारी दो महत्वपूर्ण विधेयकों - संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र (कानून) संशोधन विधेयक के बारे में जानकारी देंगे। इन विधेयकों का मकसद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने के लिए जरूरी बदलाव करना है।

### ईसा मसीह के प्रेम संदेश को मजबूत करें : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि प्रभु ईसा मसीह की शिक्षाएं प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का जश्न मनाती हैं और यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी इस भावना को मजबूत बनाने के लिए काम करें। वहीं, पवित्र बाइबल आशा को शक्ति और शांति के स्रोत के रूप में देखती है। प्रधानमंत्री सोमवार को कैथोलिक बिशप्स कांफ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) के क्रिसमस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में देश की महत्वपूर्ण पहल में योगदान देने के लिए ईसाई समुदाय सहित सभी युवाओं को बधाई दी।

### अदाणी डिफेंस ने किया 400 करोड़ का सौदा

**अहमदाबाद।** अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने सोमवार को घोषणा की कि उसने भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) कंपनी एयर वर्क्स को 400 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी के एक बयान में कहा गया है, अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (एडीएसटीएल) ने एयर वर्क्स इंडिया (इंजीनियरिंग) प्राइवेट लिमिटेड में 85.8 प्रतिशत शेयर हासिल करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

### बिहार में 38 आईपीएस का किया गया प्रमोशन

**पटना।** बिहार में भारतीय पुलिस सेवा (भापुसे) के 38 अधिकारियों को प्रमोशन दिया गया है। राज्य सरकार ने 8 अधिकारियों को डीआईजी रैंक में प्रमोशन दिया है। वहीं, 3 तीन आईपीएस अधिकारी को आईजी रैंक में प्रमोट किया गया है। बिहार सरकार ने जिन आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिला है उनमें सुधीर कुमार पोरिका, चंदन कुमार कुशवाहा, हर किशोर राय, सत्य प्रकाश, आशीष भारती, राकेश कुमार और राजेंद्र कुमार भिल्ल और स्वप्ना मेश्राम जी का नाम शामिल है।

## एक समान शिक्षा का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही हेमंत सरकार

# बिना मान्यता या अधूरी योग्यता वाले स्कूलों पर होगी सख्त कार्रवाई : मंत्री

- बिना अर्हता पूरी किए चल रहे विद्यालय समान शिक्षा के लक्ष्य में बड़ी बाधा

**सुनील बादल**

**रांची।** राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की परिकल्पना के अनुरूप सरकार सभी को एक समान शिक्षा के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। सरकार चाहती है कि बच्चे जब पढ़ाई पूरी करें, तो जैक के पाठ्यक्रम या पढ़ाई के स्तर के कारण सीबीएससी पाठ्यक्रम से पढ़ाई करने वाले बच्चों से पिछड़ न जाएं। इस लक्ष्य में एक बड़ी बाधा बिना अर्हता पूरी किए चल रहे विद्यालय भी हैं, जिन्हें अब अनिवार्य सुविधाएं और योग्यता के साथ यूडाइस (एकीकृत जिला शिक्षा सूचना व्यवस्था) के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन करना होगा, नहीं तो स्कूलों को बंद किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार रंगाई-पुताई के लिए प्रति वर्ष एक लाख तथा छात्रवृत्ति और अन्य सुविधाओं से उन बच्चों को भी जोड़ना चाहती है, पर सातवीं-आठवीं के बाद बच्चों को एडमिशन नहीं मिलता और वे ड्रॉप आउट माने जाते हैं।

उन्होंने कहा कि वैसे कुछ स्कूलों पर विचार किया जा सकता है, जो लगभग अर्हता पूरी करते हैं और उनके क्षेत्र में उनकी आवश्यकता की अनिवार्यता है। उनकी अनुशंसा केंद्र सरकार के पास भी भेजी जाएगी। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि अभी चल रहे 80 'सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' की संख्या दोगुनी करने की तैयारी चल रही है और अगले पांच साल में 5 हजार ऐसे स्कूल खोले जाएंगे। झारखंड सरकार कोटा आधारित सभी वर्ग के बच्चों के लिए 10 महीने का विशेष कोर्स कराएगी, जो विदेश जाना चाहते हैं। शुरू में 50 लोगों का चयन होगा, जिसे 500 तक बढ़ाया जाएगा। उनका चयन एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा।



हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री



रामदास सोरेन
शिक्षा मंत्री

### 20 मार्च तक सभी गैर मान्यताप्राप्त स्कूलों को मान्यता लेने का आदेश शीघ्र : उमाशंकर सिंह



स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड के सचिव उमाशंकर सिंह ने बताया कि स्कूलों को 20 मार्च तक पोर्टल पर सारी सूचनाएं अपलोड करनी अनिवार्य है, अन्यथा उनकी मान्यता रद्द मानी जाएगी और 31 मार्च के बाद उन्हें बंद करना पड़ेगा। इस संबंध में प्रस्ताव पर शिक्षा मंत्री का अनुमोदन आज प्राप्त होने की संभावना है, जिसके बाद आदेश निकाला जाएगा। यह पूछने पर कि बहुत से फर्जी स्कूल बना खेल के मैदान या मापदंड पूरी किए चल रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि सभी को अर्हता पूरी करनी होगी, अन्यथा उन्हें बंद कराया जाएगा। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से इस मुद्दे को उठाया था।

### तीन वर्ष के अंदर मान्यता नहीं ली है, तो विधिसम्मत कार्रवाई होगी : संजय कुमार




भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने झारखंड सहित सभी राज्यों को पत्र लिखा है कि शिक्षा के अधिकार (आरटीई) कानून के लागू होने के बाद तीन वर्ष के अंदर सभी स्कूलों को मान्यता लेनी थी। इसपर अब विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि झारखंड में ऐसे बिना मान्यता के स्कूलों की संख्या देश में सर्वाधिक 5,879 और देश भर में 22,298 है।

### तोरपा में सड़क हादसे में रांची के दो युवकों की मौत

**नवीन मेल डेस्क**

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के कुलडा जंगल के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने सड़क किनारे एक पेड़ को जारदार टक्कर मार दी। इससे कार पर सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चालक मामूली रूप से घायल हुआ। मृतकों के नाम आशीष कुमार सिंह (31) और अरशद अली (30) बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार, आशीष कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के हुरहुरी गांव का रहने वाला था। वर्तमान में डोरंडा मणिटोला में रहता था। वहीं, अरशद अली डोरंडा दर्जी मुहल्ला का रहने वाला था। इस घटना में इनोवा कार का चालक विजय कुमार सिंह घायल हो गया। वह औरंगाबाद का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार अरशद और आशीष गेल कंपनी में काम करते थे। सोमवार को वे कंपनी के काम से इनोवा कार से रनिया की ओर जा रहे थे। चालक विजय कुमार सिंह कार चला रहा था। रनिया जाने के क्रम में कुल्डा जंगल के पास कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सामने और ऊपर के हिस्से की परखच्चे उड़ गए। आशीष और अरशद की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वैसे अरशद और विजय को एंबुलेंस से रेफरल अस्पताल तोरपा लाया गया। वहां चिकित्सकों ने अरशद को मृत घोषित कर दिया।





तेज रफ़्तार इनोवा ने पेड़ को मारी जोरदार टक्कर

शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की उच्चस्तरीय बैठक, कहा

# जन समस्याओं को दूर करने में किसी स्तर पर कोताही नहीं हो



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि व्यवस्था ऐसी हो, जिससे बेहतर परिणाम सामने आ सके। वे सोमवार की रात मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राजस्व संग्रहण, 28 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम की तैयारियों एवं जेएसएससी की सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के विषय पर वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्यवासियों की समस्याओं और शिकायतों की निवारण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए और पूरी निष्पक्षता के साथ जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी करें।

**सीएम बोले**

- शिकायत पर पूरी निष्पक्षता के साथ जांच कर करें कार्रवाई
- राजस्व संग्रह का निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए

मुख्यमंत्री ने राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश संबंधित विभागों को दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण का जो लक्ष्य निर्धारित है, उसे हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए। इसके साथ राजस्व बढ़ोतरी को लेकर नए स्रोत की संभावनाएं तलाशें।

उन्होंने यह भी कहा कि कर संग्रहण में आ रहे व्यवधानों का त्वरित समाधान होना चाहिए। इस दिशा में राजस्व से संबंधित विभागों के बीच समन्वय को लेकर एक सिस्टम तैयार करें। मुख्यमंत्री ने वाणिज्य कर विभाग के तहत फर्जी निबंधन और इनवॉइस के चिह्नित करने के साथ उसे रोकने की दिशा में एनफोर्समेंट सिस्टम बनाने की दिशा में पहल करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इस दौरान अधिकारियों में अब तक राजस्व वसूली से संबंधित जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 28 दिसंबर को रांची के नामकुम में आयोजित होने वाले झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में राज्यभर की महिला लाभुक सम्मिलित होंगी। ऐसे में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के जरिए जेएसएससी की शेष पेज 11 पर

# डेढ़ साल में 10 लाख युवाओं को दी गई पक्की सरकारी नौकरियां : पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअली नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक-डेढ़ साल में लगभग 10 लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। प्रधानमंत्री आज नवनियुक्त अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर नमन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि हमें इसी साल चौधरी साहब को भारत रत्न से सम्मानित करने का अवसर मिला। आज के दिन को हम किसान दिवस के रूप में मनाते हैं।



प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिए युवा प्रतिभा को और निखारने की जरूरत बताते हुए कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। देश में सही मायने में विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें युवा प्रतिभा को और निखारना होगा। यह जिम्मेदारी वास्तव में शिक्षा व्यवस्था पर है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए देश अब उस दिशा में आगे बढ़ चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं के सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग सरकार की प्राथमिकता है। रोजगार मेलों के जरिए लगातार इस दिशा में काम किया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है। आज भी 71 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। बीते एक-डेढ़ साल में करीब 10 लाख युवाओं को हमारी सरकार ने पक्की सरकारी नौकरी दी है और ये अपने आप में बहुत बड़ा रिकॉर्ड है। पहले की किसी भी सरकार के समय इस तरह मिशन मोड में युवाओं को भारत सरकार में पक्की नौकरी नहीं मिली है। आज देश में न केवल लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं, बल्कि ये नौकरियां पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वे रविवार की देर रात ही कुवैत से लौटे हैं और वहां उनकी भारत के युवाओं और प्रोफेशनल्स से काफी बातें हुईं। अब यहां आने के बाद पहला कार्यक्रम देश के नौजवानों के साथ हो रहा है। उन्होंने इसे एक सुखद संयोग बताया। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और उनकी क्षमता को उजागर कर रहे हैं। आज देश के हजारों युवाओं के लिए जीवन की एक नई शुरुआत हो रही है। आपका वर्षों का सपना पूरा हुआ है, वर्षों की मेहनत सफल हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का गुजरता साल आपको और आपके परिवार को नई खुशियां देता हुआ जा रहा है। शेष पेज 11 पर





### संजय सेठ ने रोजगार मेले में 327 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा के सेम्बो स्थित सीआरपीएफ कैंप में सोमवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रोजगार मेले में 327 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों का चयन सीआरपीएफ, सीआईसीएफ, इंडियन पोस्ट ऑफिस, रेलवे और एसएसबी सहित अन्य कई संस्थानों में हुआ है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को रोजगार देने को संकल्पित हैं। इस मौके पर सीआरपीएफ के आईजी साकेत कुमार सिंह, डीआईजी डीएन लाल, कमांडेंट मनीष कुमार और अमित कुमार सहित कई विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

**इंडिया**

# क्षुद्र राजनीति से ऊपर उठकर व्यापकता से ही आएगी समृद्धि



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

वैश्विक गांव में बदल चुकी दुनिया आज सबसे बड़े बाजार के रूप में ही नहीं एक उभरते शक्तिशाली भारत को देख रही है जो अपने बलबूते अपनी पहचान बना रहा है । कृत्रिम मेधा एआइ के आने से भाषा का बंधन भी लगभग समाप्ति पर है और आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करने वाले लोग इसका भरपूर उपयोग तो कर ही रहे हैं मोबाइल तक ऐसे बाजार में आ गए हैं जो तत्क्षण भाषा को बदलने में सक्षम हैं । ऐसे में भारत भी तेज अर्थव्यवस्था की दौड़ में अपने आप शामिल हो गया है और विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से दूसरी या पहली अर्थव्यवस्था बनने कि तीव्र चाहत रखता है । औपनिवेशिक काल और स्वतंत्रता के बीच, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भारत की हिस्सेदारी एक-चौथाई से गिरकर लगभग पांच फीसदी रह गई थी जो आज वैश्विक जीडीपी में हमारी हिस्सेदारी (क्रय शक्ति समता के मामले में) लगभग सात-आठ फीसदी है। हमने अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को दुनिया के विकसित देशों में शामिल कराने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। पर इस बड़े लक्ष्य का पूरा होना राजनीतिक दांवपेंच से ऊपर उठकर निरंतर आर्थिक विकास से ही संभव है। अभी हमारी प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,100 डॉलर है। जबकि आज उच्च आय वाला देश उसे माना जाता है, जहां प्रति व्यक्ति आय 12 हजार डॉलर से अधिक हो। यानी अभी हम उच्च आय वाले देश के छठवें हिस्से के बराबर हैं। चूंकि, वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2047 में उच्च आय वाले देशों की आय सीमा स्वाभाविक ही बहुत अधिक होगी, इसलिए प्रति व्यक्ति आय का हमारा लक्ष्य 15 हजार डॉलर सालाना से अधिक होना चाहिए। भारत को विकसित देश बनाने के लिए आज से 2047 के बीच लगातार आठ फीसदी से अधिक की विकास दर पाना जरूरी है। बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय द्वारा समर्थित निजी निवेश से इस विकास को आगे बढ़ाना होगा। केंद्र सरकार निश्चित रूप से अपना काम कर रही है पर राजनीति से ऊपर उठकर सभी सरकारों को इस मुद्दे पर एकमत होना चाहिए। जीडीपी में 2014 और 2024 के बीच केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय का हिस्सा जीडीपी के 1.5-1.6 फीसदी से दोगुना होकर जीडीपी का 3.0-3.2 फीसदी हो गया है।बुनियादी ढांचे में यह निवेश लॉजिस्टिक की लागत को कम करेंगे और हमारी विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन जैसे कार्यक्रमों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में निवेश से इस क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ेगा। उच्च विकास दर हासिल करने के लिए विनिर्माण और निर्यात का भी विस्तार होना चाहिए।




बुनियादी ढांचे में निवेश और व्यापार सुगमता पर ध्यान देने से व्यापार करने की लागत में कमी आएगी। हालांकि बहुत कुछ हासिल किया जा चुका है, पर अब अगली छलांग पर ध्यान देना चाहिए। राज्य स्तर पर प्रक्रियाओं, मंजूरी, लाइसेंस, फॉर्म्स आदि व्यवस्थाओं को निश्चित रूप से तर्कसंगत और सुव्यवस्थित किया जाना चाहिए। अब यह राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने राज्यों को निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा दें। तेजी से उभर रही नई प्रौद्योगिकी के साथ भारत को तकनीकी रूप से छलांग लगाने के लिए नवाचार-समर्थक नियामक दृष्टिकोण की जरूरत है।

भारतीय नियामकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पर्याप्त क्षमता से सुसज्जित हों और नई प्रौद्योगिकियों को विकसित होने का मौका देने का लचीलापन भी दिखाएं। हमें निर्यात बाजारों को भी आक्रामक रूप से लक्षित करना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश के अलावा केंद्र एवं राज्य सरकारों को भूमि एवं श्रम सुधारों को लागू करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उद्योगों के लिए बिजली की लागत को भी अन्य समकक्ष राष्ट्रों के हिसाब से प्रतिस्पर्धी बनाना चाहिए। सरकार लागत संबंधी कमियों को दूर करने का प्रयास तो कर ही रही है, निजी क्षेत्रों को भी नवाचार, अनुसंधान व विकास और गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। भारत में अनुसंधान व विकास पर ज्यादातर खर्च सार्वजनिक क्षेत्र से होता है। खासकर उद्योग 4.0 (एआई, मशीन लर्निंग इत्यादि) में निजी अनुसंधान एवं विकास हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए आवश्यक है। डिजिटल कौशल और साक्षरता पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए और कौशल विकास उद्योग आधारित होने चाहिए। टिकाऊपन या स्थिरता को हमारे सभी प्रयासों के केंद्र में रखना होगा। आने वाले वर्षों में विकसित राज्यों की तरह झारखंड को भी रणनीति बनानी चाहिए ताकि हमारे प्रतिभावान बच्चे यहां भविष्य ढूंढे और इसे समृद्ध करें । हमारी कंपनियों और सरकारों को इस बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी तरह वैश्विक पूंजी भी अपने निवेश फैसलों में तेजी से आर्थिक, सामाजिक एवं शासन संबंधी मानदंडों को ध्यान में रख रही है। झारखंड अब स्थिर सरकार के साथ विकास के नए युग के मुहाने पर खड़ा है जिसे राज्य के व्यापक हितों के बारे में सोचना चाहिए न कि भावनात्मक चुनावी नारों के बारे में जो हर चुनाव में उछाले जाते हैं । देश की कुल खनिज संपदा के 40% हिस्सेदारी वाले राज्य को अब रोजगार सृजन के बारे में सोचना चाहिए ।युवा और अनुभवी मंत्रियों की नई टीम से उम्मीदें भी बड़ी हैं ।

# फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल का 90 साल की उम्र में निधन

- दादा साहब फाल्के पुरस्कार से किए गए थे सम्मानित

**एजेंसी**




जन्म : 14 दिसंबर 1934
मृत्यु : 23 दिसंबर 2024

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल का सोमवार को 90 साल की उम्र में मुंबई में निधन हो गया है। फिल्मकार श्याम बेनेगल के पारिवारिक मित्र ने उनके निधन की पुष्टि की है। 14 दिसंबर को ही उन्होंने 90वां जन्मदिन मनाया था। उनका जन्म 14 दिसंबर 1934 को त्रिमुलगिरी, सिकंदराबाद में हुआ था। श्याम बेनेगल को नए दौर की फिल्मों के लिए याद किया जाता है। उन्होंने 'अंकुर', 'निशांत', 'मंथन' और 'भूमिका' जैसी फिल्में बनाई थी। श्याम को साल 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्म भूषण सम्मान से नवाजा गया था। वर्ष 2007 में उन्हें भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च पुरस्कार दादा साहब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया था। उन्होंने 1980 के दशक के मध्य में दूरदर्शन के लिए धारावाहिक 'यात्रा', 'कथा सागर' और 'भारत एक खोज' भी बनाई थी। वह इकलौते फिल्म निर्देशक थे, जिन्होंने सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार पांच बार जीता था।

इसके अलावा, श्याम बेनेगल को वर्ष 2012 में साउथ एशियन सिनेमा फाउंडेशन के एक्सीलेंस इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उनको भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह पुरस्कार लंदन में दिया गया था।

शेष पेज 11 पर

# रोजगार मेले की सफलता दर्शाती है पीएम की प्रतिबद्धता : अन्नपूर्णा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को हजारीबाग में आयोजित रोजगार मेला में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारत सरकार देशभर में रोजगार मेलों का आयोजन कर युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे हैं। देशभर में आयोजित होने वाले इस मेले के दौरान 40 से अधिक स्थानों पर विभिन्न मंत्रालयों और विभागों जैसे राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय आदि में नियुक्तियां की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि इन रोजगार मेला की सफलता प्रधानमंत्री की रोजगार सृजन को प्राथमिकता की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही हैं कि हमारे देश ने पिछले कुछ वर्षो में युवाओं के लिए रोजगार उत्पन्न करने में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में 3 अक्टूबर, 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का बजट 800 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जिसका उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में 21 से 24 वर्ष की आयु के 1.25 लाख युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के तहत, 24 विभिन्न क्षेत्रों जैसे तेल, गैस, ऊर्जा, यात्रा, आतिथ्य, ऑटोमोटिव, और बैंकिंग व वित्तीय सेवाओं में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि डीपीआईआईटी ने अब तक 1,17,000 से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता दी है और इन स्टार्टअप्स ने लगभग 12.42 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां का सृजन किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (लागू 1 अक्टूबर 2020) के तहत अब तक 60.49 लाख लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के आधार पर कहा कि पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के रोजगार और श्रम बल भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। भारत की महिलाएं आज सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। नौकरी व उद्यम में कामकाजी महिलाओं की भागीदारी 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 41 प्रतिशत हो चुकी है। एनआरएलएम के माध्यम से 95 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं लगभग 10 करोड़ महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं। एसएचजी सदस्यों में से, 1 करोड़ से अधिक एसएचजी सदस्यों की वार्षिक आय 1 लाख रुपये से अधिक है, अर्थात वे लखपति दीदी हैं। एसटीईएम पाठ्यक्रमों में महिलाओं का नामांकन दर बढ़कर 43 प्रतिशत हो गया है।

## छवि रंजन समेत छह की न्यायिक हिरासत अवधि छह तक बढ़ी

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी छवि रंजन समेत 6 की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 6 जनवरी निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई पर लंबित है। मामले में छवि रंजन, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली व मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में हैं, जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रेम प्रकाश को जमानत प्राप्त है।

# पेसा अधिनियम पर राष्ट्रीय कार्यशाला आज

### मंत्री दीपिका पांडे सिंह होंगी शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को रांची के रेडिसन ब्लू होटल में पेसा अधिनियम पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने 10 पेसा राज्यों - आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मप्र, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान व तेलंगाना में पेसा अधिनियम के लागू होने की वर्षगांठ पर अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी जागरूकता और क्षमता निर्माण गतिविधियां आयोजित करने की सलाह दी है। इसी के तहत झारखंड पंचायती राज विभाग ने पेसा अधिनियम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला में पंचायती राज ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडे सिंह, सचिव पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार विवेक भारद्वाज, संयुक्त सचिव पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार आलोक प्रेम नागर, प्रधान सचिव पंचायती राज विभाग राज्य सरकार विनय कुमार चौबे व निदेशक पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार निशा उरांव शामिल होंगे।

## सोलर तकनीक से खेतों तक पानी पहुंचाएं : हफीजुल हसन



**रांची।** जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने विभाग के इंजीनियरों को निर्देश दिया है कि सोलर तकनीक आधारित सिंचाई योजनाओं से खेतों तक पानी पहुंचाने की दिशा में काम करें। हफीजुल हसन सोमवार को नेपाल हाउस स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय योजनाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा कर रहे थे। बैठक में सभी प्रमंडलों के इंजीनियर सहित आला अधिकारी उपस्थित रहे। पदभार संभालने के बाद हफीजुल की यह पहली समीक्षा बैठक थी। विभागीय मंत्री ने इंजीनियरों को सख्त लहजे में निर्देश दिया है कि काम में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पर राज्य की जनता ने एक बार भरोसा जताया है। इस भरोसा पर खरा उतरना हम सब की जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने योजनाओं में तेजी लाने के साथ समय पर काम पूरा करने को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए। हफीजुल ने कहा है कि बड़ी-बड़ी की जगह छोटी-छोटी योजनाओं पर विभाग काम करने पर ध्यान दे। इससे खेतों तक पानी पहुंचाने में सहुलियत होगी। अधिकारी और इंजीनियर पेंडिग पड़े कामों में तेजी लाएं। कृषि योग्य भूमि में सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराएं।

# 'शाह ने जान बूझकर बाबा साहब का किया अपमान'



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा में देश के गृहमंत्री अमित शाह की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस 24 दिसंबर को देशभर के सभी जिले में अंबेडकर सम्मान मार्च निकलेगी। रांची में यह सम्मान मार्च कांग्रेस भवन से डीसी कार्यालय तक निकाली जाएगी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव और प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।

### गृहमंत्री ने अंबेडकर को किया अपमान : रामेश्वर

झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधायक रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के लिए जो अपमानजनक टिप्पणी की है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है।अब बीजेपी या अमित शाह इस पर जितना भी सफाई दें इस बात से फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि छुपा हुआ एजेंडा उजागर हो गया है कि ये लोग बाबा साहब और उनके बनाए गए संविधान से नफरत करते हैं।

### मणिपुर पर चर्चा से बीजेपी ने किया इनकार

रामेश्वर उरांव ने कहा कि कांग्रेस के कई सांसद सदन में अडानी और मणिपुर पर चर्चा करना चाहते थे, लेकिन बीजेपी ने उसे नकार दिया। बीजेपी अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रही है। लोकतंत्र के लिए ये संकेत सही नहीं है कि सदन में सरकार मुद्दों पर बात नहीं करें। रामेश्वर उरांव ने कहा कि अंबेडकर को लेकर जो बयान अमित शाह ने दिया है वह स्लीप ऑफ टंग नहीं है, बल्कि उनके दिल की बात जुबां पर आ गई है।

### बीजेपी संविधान बदलना चाहती है : कांग्रेस

रामेश्वर उरांव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार का नारा बीजेपी इसलिए दे रही थी क्योंकि उनका इरादा बाबा साहब के संविधान को बदल कर आरक्षण खत्म करने का था, लेकिन देश की जनता ने ऐसा नहीं होने दिया। रामेश्वर उरांव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन की यह सामूहिक मांग है कि अमित शाह इस्तीफा दें या पीएम मोदी उन्हें अपने कैबिनेट से हटाएं।

### राज्य के सभी जिलों में अंबेडकर सम्मान मार्च

झारखंड कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि अमित शाह के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में जो अपमानजनक और अभद्र टिप्पणी की गई है उसके विरोध में कांग्रेस कार्यालय से डीसी कार्यालय तक अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डोरंडा स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद अंबेडकर सम्मान मार्च में शामिल होंगे। मार्च के बाद कांग्रेस के नेता हर जिले के डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेंगे।

# कांग्रेस ने बाबा साहब को हमेशा नीचा दिखाया : सेठ

## भाजपा और एनडीए ने बाबा साहब का किया सम्मान

- *दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों व वंचितों को केवल वोट बैंक समझती है कांग्रेस*



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। श्री सेठ ने कहा कि कांग्रेस के युवराज लोकतंत्र को कलंकित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। यह कांग्रेस पार्टी का पुराना इतिहास है। पंडित नेहरू से लेकर आज सोनिया गांधी, युवराज राहुल गांधी तक सभी ने एक ही परंपरा का निर्वहन किया है। श्री सेठ ने कहा कि विगत दिनों संसद सत्र के दौरान संसद भवन के मकर द्वार पर जो दृश्य भारत ही नहीं पूरी दुनिया के लोगों ने देखा वह लोकतंत्र को कलंकित और अपमानित करने वाला था। लोकतंत्र चलता है ,आगे बढ़ता है लोकलाज से लेकिन कांग्रेस ने सारे लोकलाज को ताखे पर रख दिया। अब कांग्रेस मसल पावर से देश को चलाना चाहती है क्योंकि कांग्रेस पार्टी को जनता लोकतांत्रिक तरीके से पराजित कर चुकी है। कांग्रेस पार्टी संसद में तीसरी बार सत्ता से बाहर हुई है। कांग्रेस सत्ता के बिना बिना पानी की मछली की तरह छटपटा रही है। श्री सेठ ने कहा कि राहुल गांधी संविधान को एक साधारण किताब समझते हैं। बार-बार उसे दिखाकर संविधान की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं। जबकि भाजपा संविधान को एक पवित्र ग्रंथ मानती है और उसके सामने प्रधानमंत्री माथा टेकते हैं। उन्होंने कहा संविधान के रचयिता बाबा साहब अंबेडकर के प्रति कांग्रेस की सोच शुरू से नीचा दिखाने वाला रहा है। श्री सेठ ने कहा कि कांग्रेस बताए कि बाबा साहब के द्वारा नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफे के पत्र को सार्वजनिक नहीं किया गया।

उन्होंने पूछा कि क्यों कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने संसद के सेंट्रल हॉल में डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र को नहीं लगने दिया। पूछा कि क्यों कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने केवल गांधी नेहरू परिवार को भारत रत्न से सम्मानित किया लेकिन उन्हें बाबा साहब अंबेडकर की याद नहीं आई। कहा कि क्यों कांग्रेस पार्टी ने एक भी स्मारक बाबा साहब अंबेडकर के नाम नहीं बनाए जबकि गांधी नेहरू परिवार के नाम हजारों स्मारक इस देश में कांग्रेस सरकार ने बनाए हैं। कहा कि कांग्रेस की सरकार ने ही एनसीआरटी की किताबों में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को नेहरू द्वारा कोड़े मारनेवाले कार्टून छपवाया। कहा कि एम्स दिल्ली की स्थापना में जमीन दान करने वाली राजकुमारी अमृत कौर ने एम्स का नामकरण बाबा साहब के नाम पर रखने की इच्छा जताई थी लेकिन कांग्रेस ने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि एकतरफ कांग्रेस का काला अध्याय है वहीं भाजपा समर्थित सरकार ने ही बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न दिया। आज पीएम के नेतृत्व में बाबा साहब से जुड़े सभी पांच प्रमुख स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है। कहा कि भाजपा और एनडीए देश के दलित, आदिवासी, पिछड़े सहित सभी समाज के विकास केलिए समर्पित है। सबका साथ सबका विकास भाजपा का नारा नहीं संकल्प है जिसे पूरा करने केलिए पार्टी की सरकार समर्पित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास बाबा साहब अंबेडकर के अपमान से भरा हुआ है। कांग्रेस पार्टी को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। प्रेसवार्ता में प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज एवं रमाकांत महतो उपस्थित थे।

## सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री पहुंचे रांची, हुआ स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण (राज्य) मंत्री व संसदीय कार्य मंत्री डॉ एल मुरुगन सोमवार को रांची पहुंचे। उनका स्वागत पत्र सूचना कार्यालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, दूरदर्शन व आकाशवाणी के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। मौके पर मीडिया के अलावा जिला प्रशासन के प्रोटोकॉल विभाग के पदाधिकारी भी मौजूद थे। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने झारखंड दौरे के उद्देश्यों की चर्चा की और बताया कि वह पलामू आकांक्षी जिला जागरूकता कार्यक्रम (एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स अवेयरनेस प्रोग्राम) के तहत जा रहे हैं। इसके साथ ही, पत्रकारों के सवालों पत्रकारों का जवाब देते हुए तमिलनाडु के वर्तमान राजनीति स्थिति पर भी उन्होंने अपने विचार रखें। इसके बाद सड़क मार्ग से डाल्टनगंज के लिए रवाना हुए। जहां रात्रि आठ बजे पलामू (डाल्टनगंज )के सर्किट हाउस में लोक प्रतिनिधियों के के साथ एक बैठक करेंगे। मंत्री तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आए हुए हैं।

### राज्य स्तरीय रबी फसल कर्मशाला में नाराज हुई मंत्री नेहा तिर्की, कहा

# अगली बार से योजना से संबंधित पूरी जानकारी के साथ आए अधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी के हेसाग स्थित पशुपालन भवन में सोमवार को रबी फसल पर राज्य स्तरीय कर्मशाला का आयोजन किया गया जिसमे कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद रही। जहां अपने विभागीय अधिकारियों के जवाब से मंत्री नाराज दिखी। जिला कृषि पदाधिकारियों के पास कृषि मंत्री के सवाल का जवाब नहीं था। कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजना और उसके लाभुकों की सही जानकारी देने में जिला कृषि पदाधिकारी फिसड्डी साबित हुए। इस कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को रबी फसल की सही जानकारी देना और उन्नत कृषि की ओर कदम बढ़ाना रहा। विभागीय सचिव अबू बक्कर




सिद्दिखी ने कहा कि कृषि विभाग में काम करना एक बेहतर अवसर है। किसानों से मिलकर जमीनी, हकीकत को जानकर किसानों को सरकार की योजना का लाभ दिया जा सकता है। बीएयू ने झारखंड की भूमि के अनुसार बीज तैयार किए है जिसका लाभ राज्य के किसानों को दिया जा सकता है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने जब कर्मशाला को संबोधित करते हुए सबसे पहले जिला कृषि पदाधिकारी से विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में सवाल पूछना शुरू किया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कई जिले के जिला कृषि पदाधिकारी से पूछा योजना क्या है और इसके तहत कितने लाभुकों को लाभ मिला। किसी के पास मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं था। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने यहां तक कह दिया की अधिकारी मक्खी मारने के लिए दफ्तर नहीं आए। इसके साथ ही गोड्डा जिला कृषि पदाधिकारी के कर्मशाला से अनुपस्थित रहने पर शोकॉज करने का निर्देश दिया। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया है कि वो जब भी इस तरह की कार्यशाला में शिरकत करने आए, तो पूरी तैयारी के साथ आए। मंत्री ने कहा कि पहले ही विभागीय अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट करने का निर्देश दिया गया था। इसे हर हाल में पूरा करना है। 31 दिसंबर तक अलग - अलग कार्यशाला आयोजित करने का लक्ष्य दिया गया है। उसके बाद 2 से 3 जनवरी तक राज्य कृषि निदेशक तक रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। इस रिपोर्ट में धरातल पर योजना की हकीकत और लाभुकों की संख्या को विशेष तौर पर अंकित किया जाएगा।

## सैंकड़ों युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने कांग्रेस का दामन थामा। केशव महतो कमलेश ने माला एवं कांग्रेस का पट्टा पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। मौके पर कमलेश ने कहा कि समाज के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है। कल के झारखंड का भविष्य आज का युवा ही तय करेगा। इसके लिए जरूरी है कि जनता की समस्याओं को जड़ से जानकर उसके समाधान की दिशा में प्रयास करें। सरकार जन समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है जरूरत सिर्फ एक नेक पहल और उचित मार्गदर्शन की है। राजनीतिक प्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं पर जनता की जिम्मेवारियां होती हैं इस जिम्मेवारी को निभाने में कतई कभी पीछे नहीं हटना है इसमें संगठन का भरपूर सहयोग मिलता रहेगा।

### उद्योग मंत्री ने की विभाग की समीक्षा, कहा

# विभाग रिक्त पदों को भरने के लिए जल्द उठाएगा कदम



## मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री से मिलकर करेंगे विचार-विमर्श

समीक्षा के क्रम में विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों की बात सामने आने पर मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि रिक्त पदों की सूची जल्द उपलब्ध करा दें ताकि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से विचार विमर्श कर जल्द ही इस दिशा में आवश्यक कदम उठाये जाएंगे।

- *राज्य में उद्योगों के विकास के लिए समन्वय बना कर काम करें पदाधिकारी*
- *राज्य में निवेश को बढ़ावा देने व निवेशकों को आमंत्रित करने का रोडमैप करें तैयार*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि झारखंड विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे, विकसित राज्य की श्रेणी में खड़ा रहे इसके लिए जरूरी है राज्य में उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए विभागीय स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस के मद्देनजर सोमवार को उद्योग विभाग एवं विभाग के अंतर्गत विभिन्न निदेशालयों एवं संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की गयी और पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया गया। उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव सोमवार को प्रोजेक्ट बिल्डिंग में उद्योग विभाग के पदाधिकारियों के साथ विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और मेरी सोच है कि झारखंड में उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। राज्य में अधिक से अधिक उद्योग लगे। निवेशक झारखंड आएं और उद्योग लगायें, सरकार उन्हें हर सुविधाएं मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों के विकास के लिए यह भी जरूरी है कि बिचौलियों से सावधान रहा जाए। इस अवसर पर उद्योग विभाग, हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय, जियाडा, जिडको, झारखंड माटीकला बोर्ड, मुख्यमंत्री लघु, कुटीर एवं उद्यम विकास बोर्ड, झारक्राफ्ट, झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र सिंह, अपर सचिव, निदेशक सुशांत गौरव, निदेशक हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय आकांक्षा रंजन, प्रबंध निदेशक, जियाडा प्रबंध निदेशक, जिडको प्रबंध निदेशक, झारक्राफ्ट प्रबंध निदेशक, झारखंड माटीकला बोर्ड सीईओ, मुख्यमंत्री लघु, कुटीर एवं उद्यम विकास बोर्ड सीईओ, झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड सहित विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आदिवासी व दलित के विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : चमरा लिंडा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मंत्री ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए बेहतर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं

मंत्री ने गुमला जिले के स्कूलों में खराब गुणवत्ता की शिकायतों पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित संवेदकों का भुगतान रोकने और उन्हें काली सूची में डालने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला प्रशासन से तीन दिनों के भीतर मामले की जांच रिपोर्ट मांगी है। मंत्री ने सभी आवासीय विद्यालयों में बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराने और दूध-फल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### शिक्षा और रोजगार पर है जोर

**कोचिंग योजना :** मंत्री ने एसटी, एससी छात्रों के लिए रांची और दिल्ली में उच्चस्तरीय कोचिंग की योजना बनाने को कहा।

**साइकिल वितरण:** सत्र 2025-26 में साइकिल वितरण बच्चों के नामांकन के साथ ही पूरा करने का निर्देश दिया।

**छात्रवृत्ति:** सत्र 2023-24 के लिए 157 करोड़ रुपये की पोस्ट-मैट्रिक

### जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने की बैठक

## नमक एवं चीनी का शत-प्रतिशत वितरण नहीं होने पर शो-कॉज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने आपूर्ति संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में जिला के सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी एवं सहायक गोदाम प्रबंधक उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवंटित नमक वितरण कार्य की समीक्षा की गई। इस दौरान जिला के 6 प्रखंड और रांची अनुभाजन क्षेत्र में आवंटित नमक के शत प्रतिशत वितरण नहीं होने पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं पणन पदाधिकारी को शो-कॉज किया गया। नामकुम, रातू, चान्हो, सिल्ली, मांडर, कांके और रांची में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का आवंटित नमक का शत प्रतिशत वितरण नहीं किए जाने पर सख्त चेतावनी देते हुए जिला पूर्ति पदाधिकारी द्वारा दिनांक 26.12.2024 तक सभी को स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश दिया गया है।

**● आवंटित चीनी का अनुदानित राशि जमा नहीं करने पर डीलरों को भी शो-कॉज**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवंटित चीनी का अनुदानित राशि जमा नहीं करने पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को भी स्पष्टीकरण समर्पित करने को कहा गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि दिनांक 26.12. 2024 तक स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करने पर लापरवाही एवं मनमाने रवैया तथा किसी भी स्थिति में चीनी का वितरण प्रभावित होने पर जिम्मेवार मानते हुए संबंधित डीलर के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# दोस्ती और प्रेम का माहौल बनाता है क्रिसमस : बिशप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** क्रिसमस पर्व के लिए राजधानी के गिरजाघरों को लाइट और गुब्बारों के साथ तरह-तरह की सजावटी वस्तुओं से सजाया गया है। यूं तो क्रिसमस ईसाई धर्म का त्यौहार है, लेकिन सभी धर्म और संस्कृति के लोग इस पर्व को बेहद उत्साह के साथ मनाते हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी की क्रिसमस लोग क्यों मनाते हैं। जानते हैं फादर बिशप विंसेंट आइंद से क्या है 25 दिसंबर का इतिहास और क्यों मनाया जाता है क्रिसमस। क्या सच में सांता क्लॉज आते हैं?

**● क्रिसमस डे का इतिहास**

क्रिसमस पर्व के इतिहास को लेकर कई इतिहासकारों के अलग-अलग मत हैं। कुछ इतिहासकारों के अनुसार यह त्यौहार यीशु के जन्म के बाद मनाया जाना शुरू हुआ, तो कुछ ऐसा मानते हैं कि इस पर्व को यीशु के जन्म के पहले से ही मनाया जाता आ रहा है। आर्चबिशप हाउस के फादर बिशप ने बताया कि क्रिसमस एक ऐसा अवसर होता है, जब ईश्वर का बेटा मनुष्य का रूप लेकर दुनिया में आया था। उसे याद करके क्रिसमस मनाया जाता है। यह केवल मसीही विश्वासी ही नहीं, बल्कि कई अन्य लोग भी मनाते हैं। प्रभु ईसा मसीह के जन्म के बाद स्वर्गदूत ने सभी लोगों के बीच पैगाम पहुंचाया कि एक मसीहा का जन्म हुआ है। उन्होंने कहा कि आज कल केक की बिक्री से भी पता लगाया जा सकता है कि क्रिसमस पर्व लोगों के बीच काफी प्रचलित है। दोस्ती-प्रेम एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति का माहौल बनाता है।

**● कैसे मनाते हैं क्रिसमस, क्यों यीशु के बाल रूप को चूमा जाता है?**

क्रिसमस ईसाई धर्म के लोगों का सबसे बड़ा त्यौहार है। इसकी तैयारियां कुछ दिन पहले से ही शुरू हो जाती हैं। इस दिन ईसा मसीह के जन्मोत्सव की खुशी में गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थनाएं की जाती हैं। उन्होंने बताया कि 25 तारीख की रात यीशु मसीह के जीवन से जुड़ी बड़ी घटना है, जो हमारे विश्वास का केंद्र बिंदु है। उन्होंने बताया कि किस तरह से मसीह कृष होकर कलवारी पर्वत तक गए, उन्होंने दुख भोगा। ईसा मसीह ने दुनिया छोड़ने से एक शाम पहले अपने साथियों के साथ भोजन किया था। और, रोटी खाते वक्त उन्होंने कहा कि ये आज की रोटी जो है, इसे मेरा शरीर समझना। उन्होंने कहा, मैं अपना बलिदान अपने लोगों के लिए दे रहा हूं। ईसा मसीह ने अपने लोगों के लिए बलिदान दिया। इसलिए 25 दिसंबर में प्रार्थना के अंतिम में यीशु मसीह के बाल रूप को चूमा जाता है। फादर ने बताया कि इस वर्ष भी प्रतिवर्ष की तरह क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर है। प्रतिवर्ष की तरह धूमधाम से मनाया जाएगा क्रिसमस।



**● संत निकोलस कैसे बना सांता क्लॉज?**

सांता क्लॉज को लेकर भी बच्चों में खास कर काफी सकारात्मक अवधारणा है। यूं कहा जा सकता है जैसे-जैसे क्रिसमस की तारीख नजदीक आती है बच्चों में उत्साह छा जाता है कि क्लॉज आकार तोहफा देकर जाएंगे। सांता नाम के पीछे का राज बताते हुए फादर बिशप ने कहा- न्यूयॉर्क में सांता क्लॉज अवधारणा की शुरुआत हुई। लेकिन, उसकी जड़ यूरोप के मायरा नामक स्थान में है। एक व्यक्ति जिनका नाम निकोलस बिशप हुआ करता था, उनके जीवन और मरण के बाद भी उन्हें याद किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि निकोलस काफी नेकदिल इंसान हुआ करते थे। लोगों की सहायता करने जैसे कामों से उन्होंने यूरोप के मायारा के लोगों में अपनी जगह बना ली थी। बताया जाता है कि यूरोप में निकोलस के चाहने वाले लोग एक समय के बाद न्यूयॉर्क में रहने लगे। संत निकोलस की मौत के बाद भी उन्हें याद करते थे।

न्यूयॉर्क के लोगों ने संत निकोलस के बारे में यूरोप से आए लोगों द्वारा सुना और संत निकोलस का उच्चरण उनके द्वारा सांता क्लॉज किया जाने लगा। इस प्रकार सांता क्लॉज शब्द का जन्म हुआ। आज भी बच्चों को क्रिसमस के मौके पर सांता क्लॉज का इंतजार रहता है।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने जिला स्कूल का किया औचक निरीक्षण

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार ने सोमवार को जिला स्कूल का औचक निरीक्षण किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने निरीक्षण क्रम में शिक्षकों व छात्रों की उपस्थिति, विभिन्न कक्षाओं के पठन-पाठन, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब एवं विभिन्न प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। उनके द्वारा प्रयोगशाला में छात्रों से कई सवाल भी पूछे। साथ ही उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उनके द्वारा विद्यालय में विभिन्न कोष कि जानकारी लिया गया साथ ही इस कोष के माध्यम से विद्यालय में जिन चीजों कि आवश्यकता है, उसे पूरा कराने का निर्देश दिया गया। साथ विद्यालय के शौचालय कि मरम्मती कराने का भी निर्देश दिया गया। छात्रों कि कम उपस्थिति थी। जिसमें उनके द्वारा निर्देश देते हुए इस पर ध्यान देने को कहा गया।

### डीपीएस रांची में एलुमनी मीट का आयोजन

## पूर्व छात्र स्कूल के गौरव हैं : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची में एलुमनी मीट (बैच 1999) का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व छात्रों, सेवानिवृत्त शिक्षकों को पुरानी यादों, सौहार्द और यादगार बातचीत से भरे एक दिन के लिए एक साथ लाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक मधुर स्वागत गीत के साथ हुई। इसके बाद पूर्व छात्रों और सेवानिवृत्त संकाय सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके झा ने स्कूल की विरासत और भविष्य के विकास में पूर्व छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने कहा, हमारे पूर्व छात्र डीपीएस रांची का गौरव हैं और उनकी उपलब्धियां हमारे छात्रों को ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती हैं। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ आरके झा द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस क्षण को शिक्षकों और पूर्व छात्रों दोनों की ओर से भावनात्मक प्रतिक्रियाएँ मिलीं। पूर्व छात्रों ने धन्यवाद ज्ञापन में अपनी यादें साझा कीं, अपने स्कूल के दिनों को याद किया और अपने पूर्व शिक्षकों के साथ जीवंत बातचीत की।

## बारिश से और सर्द हुआ गुमला, अन्य जगहों के तापमान में आयी गिरावट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सर्दी के मौसम में पश्चिमी विक्षोभ के असर से गुमला जिले में हुई बारिश के बाद मौसम और ठंडा हो गया। गुमला का न्यूनतम तापमान पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड में सबसे कम रहा। गुमला का न्यूनतम पारा 6.8 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। गुमला, हजारीबाग और कोडरमा में हुई बारिश के बाद राजधानी रांची, जमशेदपुर, बोकारो, चाईबासा समेत कई जिलों के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मौसम केंद्र रांची ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस दौरान पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा उच्चतम तापमान पूरे प्रदेश में सबसे अधिक रहा। यहां का अधिकतम पारा 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान में 0.2 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान में 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट दर्ज की गई। जमशेदपुर के उच्चतम तापमान में 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि हुई है और न्यूनतम तापमान में 1.8 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट दर्ज की गई है। जमशेदपुर का अधिकतम तापमान आज 26.6 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं, न्यूनतम पारा 13.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है। राजधानी रांची में उच्चतम तापमान 23.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 0.3 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान में 1.5 डिग्री की गिरावट आई है। इसके बाद यह 11.5 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो सामान्य से 2.2 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है। बोकारो का उच्चतम तापमान 1 डिग्री बढ़कर 26.1 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो सामान्य से 0.6 डिग्री अधिक है। बोकारो में न्यूनतम तापमान में 1.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के बाद 11.6 डिग्री रह गया, जो सामान्य से 0.2 डिग्री सेंटीग्रेड कम है।



### सफला एकादशी पर्व कल

## सफला एकादशी से जीवन में सुख शांति का वास होता है: संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि सफला एकादशी हिंदू धर्म मे विशेष महत्व रखने वाला पर्व है। यह एक विशेष उपवासी व्रत है जो भक्तों को आध्यात्मिक उन्नति और परम सुख की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करता है। इस दिन विशेष रूप से भगवान विष्णु की पूजा की जाती है, जिन्हें संसार के पालनहार के रूप में पूजा जाता है। इस वर्ष पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि की शुरूआत 25 दिसंबर को रात 10 बजकर 29 मिनट पर होगी। इस तिथि का समापन 27 दिसंबर को रात 12 बजकर 43 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार 26 दिसंबर दिन गुरुवार को सफला एकादशी का व्रत रखा जाएगा। सफला एकादशी का महत्व विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए है जो जीवन में विभिन्न परेशानियों और दुखों से जूझ रहे होते हैं। यह व्रत मानसिक शांति, समृद्धि और भक्ति की ओर मार्गदर्शन करता है। इस दिन उपवासी रहकर भक्ति में लीन रहने से व्यक्ति के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह एकादशी भगवान विष्णु को प्रसन्न करने का अवसर है, जिनकी उपासना से जीवन में सुख-शांति का वास होता है। व्रत के दौरान श्रद्धालु केवल एक बार भोजन करते हैं और रात को जागरण करते हुए भजन-कीर्तन करते हैं।



## नशे की लत के कारण युवक ने की आत्महत्या

**रांची।** राजधानी के धुर्वा के टंकी साइड नायक बस्ती निवासी एक युवक ने आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार नशे की लत मृत्यु का कारण बताया जा रहा है। मृतक के भाई रवि नायक ने थाना में लिखित आवेदन दिया जिसमें नशा एवं बीमारी के कारण फांसी लगाने से मृत्यु होने की बात बताई लिखी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो पक्षों में मारपीट, एक की मौत

**रांची।** आपसी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट, एक की मौत, एक गंभीर। सूचना पर पहुंची सिल्ली पुलिस ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। मृतक, घायल एवं आरोपी रिश्तेदार बताएं जा रहे हैं।

## एमबीए सेमेस्टर दो के विद्यार्थियों के औद्योगिक भ्रमण का समय तय करें : एनएसयूआई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, रांची के निदेशक डॉ. वीएस तिवारी से मुलाकात कर विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने निदेशक से कहा कि एमबीए (सत्र 2023-25) की सेमेस्टर 2 की परीक्षाओं के बाद विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण आयोजित कराया जाए। ताकि छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक संचालन की व्यावहारिक जानकारी हो सके। इससे उन्हें कक्षा में सीखने व वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों को समझने में सहूलियत होगी। इसके साथ ही उद्योगों के पेशेवरों के साथ बातचीत कर बाजार के रुझान, चुनौतियों व सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में समझने में असानी होगी। औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों की सोच और समस्या समाधान के कौशल में सुधार होगा। यह उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने निदेशक से औद्योगिक भ्रमण का समय तय करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव पवन कुमार, गुलशन सिंह, तान्या कुमारी, आर्यन सिंह समेत अन्य सदस्य शामिल थे।

## सीएमपीडीआई में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**रांची।** सीएमपीडीआई के कांफ्रेंस हॉल में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति)- नराकास, रांची की बैठक का आयोजन सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक व अध्यक्ष नराकास रांची मनोज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि नराकास की परिकल्पना एक ऐसे संयुक्त मंच के रूप में की गई है। यहां आपसी विचार विमर्श से राजभाषा कार्यान्वयन को गति दी जा सके और इसकी प्रगति के मार्ग में आने वाली बाधाओं को पारस्परिक प्रयासों से दूर किया जा सके। इसी बुनियादी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सीएमपीडीआई द्वारा नराकास की विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर पर निदेशकशंकर नागाचारी, विचित्रसेन गुप्त, उप निदेशक, पूर्व क्षेत्र, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय तथा संस्थान के महाप्रबंधक संजय कडम्बार सहित राँची शहर स्थित लगभग 26 पीएसयू के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आज / कल




### राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव

# ग्रामीण उत्पादों और पारंपरिक व्यंजनों की मांग जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के चौथे दिन भी ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों और पारंपरिक व्यंजन की मांग जोरों पर रही। यहां सैंकड़ों स्टॉल्स पर देश और राज्य के विभिन्न जिलों से सखी मंडल की महिलाओं द्वारा निर्मित विविध प्रकार के खाद्य और गैर खाद्य उत्पादों की बिक्री अच्छी रही है। ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद मेले में सखी मंडल की महिलाओं द्वारा नायब हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों की विशेष स्टॉल लगाई गई है। इसमें उनके द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पाद में लाह और कांच की चूड़ियां, बैग्स, पापड़, विभिन्न प्रकार के अचार, डोकरा आर्ट, दाल, मडुआ आटा, बेकरी आइटम, जूते, खिलौने, लौह औजार आदि अन्य कलात्मक वस्तुएं आकर्षण का केंद्र हैं। उत्पादों के माध्यम से महिलाएं अपने हुनर और मेहनत से नई पहचान बना रहीं है, वहीं अच्छी बिक्री भी कर रहीं है।



राधा आजीविका सखी मंडल की सदस्य मीना देवी सरस मेला में पलाश ब्रांड अंतर्गत चना सत्तू, मडुआ आटा, शुद्ध सरसों का तेल, विभिन्न प्रकार के आचार आदि का स्टॉल लगाई है।

यहां तीन दिनों में उनके उत्पादों की बिक्री लगभग 20,000 की हो चुकी है। आर्थिक फायदे के साथ मीना सरस मेले में और भी बहुत कुछ सीख रही हैं और बेहद खुश हैं। सरस मेला के जरिए वह न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी रोजगार दे रही हैं।

पलामू के बटसारा गांव निवासी कौशल्या देवी 2018 में सुमन आजीविका सखी मंडल से जुड़कर 1 लाख का ऋण लिया इसके बाद, उन्होंने कांसी घास से बने सामग्री बनाने का प्रशिक्षण लिया और आज वह रांची सरस मेला के स्टॉल नंबर डी-37 में अपने जैसे टी-कोस्टर, टेबल मेट, पूजा डोलची, टोपी इत्यादि बनाकर घर से ही होलसेल भी करती है और अभी रांची के सरस मेले के तीसरे दिन में लगभग 6000 से 7000 रु का सेल कर चुकी है।

## न्यूज बॉक्स


### रांची- टूंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**रांची।** महा कुंभ मेला 2025 के अवसर पर ट्रेनों मे अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए, यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08067/08068 रांची - टूंडला - रांची कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08067 रांची - टूण्डला कुम्भ मेला स्पेशल, यात्रा प्रारंभ 19 जनवरी 2025 को रांची से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का रांची प्रस्थान 10:30 बजे, मुरी आगमन 11:38 बजे प्रस्थान 11:40 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 12:55 बजे प्रस्थान 13:00 बजे, गोमो आगमन 14:05 बजे प्रस्थान 14:10 बजे, गया आगमन 16:10 बजे प्रस्थान 16:15 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय आगमन 19:45 बजे प्रस्थान 19:55 बजे, प्रयागराज आगमन 23:10 बजे प्रस्थान 23:20 बजे, गोविन्दपुरी आगमन 02:00 बजे प्रस्थान 02:05 बजे एवं टूण्डला आगमन 06:30 बजे होगा। ट्रेन संख्या 08068 टूण्डला - रांची कुम्भ मेला स्पेशल, यात्रा प्रारंभ 20 जनवरी 2025 को टूण्डला से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का टूंडला प्रस्थान 16:20 बजे, गोविन्दपुरी आगमन 20:00 बजे प्रस्थान 20:05 बजे, प्रयागराज आगमन 01:00 बजे प्रस्थान 01:10 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय आगमन 05:20 बजे प्रस्थान 05:30 बजे, गया आगमन 08:40 बजे प्रस्थान 08:45 बजे, गोमो आगमन 11:25 बजे प्रस्थान 11:30 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 12:45 बजे प्रस्थान 12:50 बजे, मूरी आगमन 13:50 बजे प्रस्थान 13:52 बजे एवं रांची आगमन 15:50 बजे होगा। इन ट्रेनों में एसएलआरडी का 01 कोच, जनरेटर यान का 01 कोच, सामान्य श्रेणी के 08 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 03 कोच, वातानुकूलित 3-टियर इकोनॉमी के 04 कोच एवं वातानुकूलित 2-टियर का 01 कोच, कुल 18 कोच होंगे।

### परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन आज से

**रांची।** ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए, यात्रियों एवं परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08602/08601 रांची - गया - रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08602 रांची - गया परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ 24 दिसंबर को रांची से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का रांची प्रस्थान 23:45 बजे, मुरी आगमन 01:30 बजे प्रस्थान 01:35 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 02:50 बजे प्रस्थान 02:55 बजे, धनबाद आगमन 04:50 बजे प्रस्थान 05:10 बजे, गोमो आगमन 05:35 बजे प्रस्थान 05:37 बजे, हजारीबाग रोड आगमन 06:18 बजे प्रस्थान 06:20 बजे, कोडरमा आगमन 06:50 बजे प्रस्थान 06:52 बजे एवं गया आगमन 08:30 बजे होगा। ट्रेन संख्या 08601 गया - रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ 25 दिसंबर को गया से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का गया प्रस्थान 10:00 बजे, कोडरमा आगमन 11:18 बजे प्रस्थान 11:20 बजे, हजारीबाग रोड आगमन 11:55 बजे प्रस्थान 11:57 बजे, गोमो आगमन 12:55 बजे प्रस्थान 12:57 बजे, धनबाद आगमन 13:40 बजे प्रस्थान 14:00 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 15:50 बजे प्रस्थान 15:55 बजे, मूरी आगमन 17:18 बजे प्रस्थान 17:20 बजे एवं रांची आगमन 18:50 बजे होगा। इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 02 कोच एवं सामान्य श्रेणी के 08 कोच, कुल 10 कोच होंगे। ट्रेन संख्या 08604/08603 रांची- गया - रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08604 रांची - गया परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ 29 दिसंबर को रांची से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का रांची प्रस्थान 23:45 बजे, मुरी आगमन 01:30 बजे प्रस्थान 01:35 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 02:50 बजे प्रस्थान 02:55 बजे, धनबाद आगमन 04:50 बजे प्रस्थान 05:10 बजे, गोमो आगमन 05:35 बजे प्रस्थान 05:37 बजे, हजारीबाग रोड आगमन 06:18 बजे प्रस्थान 06:20 बजे, कोडरमा आगमन 06:50 बजे प्रस्थान 06:52 बजे एवं गया आगमन 08:30 बजे होगा।

### धनुर्मास में भगवान की भक्ति और सेवा ही मोक्ष प्राप्ति का मार्ग है



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में निरंतर चल रहे तीस दिनी धनुर्मास व्रत का सोमवार को आठवें दिन के तिरूप्पावै में 'कीलवानम' (पूरब में उषाकाल के प्रकाश) पाशुर का अनुसंधान हुआ। गोदांबा देवी के द्वारा आठवें दिन के पाशुर में भक्त की प्रार्थना और भगवान के प्रति प्रेम का गहन विवरण मिलता है। गोदांबा देवी भगवान श्रीकृष्ण को जगाने का आह्वान करती हैं। गोपियों के साथ गुणगान करती हैं और भगवान से वरदान की याचना करती हैं। यह पाशुर न केवल भक्ति के समर्पण को दर्शाता है, बल्कि भगवान के प्रति अटूट विश्वास और प्रेम को भी प्रकट करता है। गोदांबा जी कहती हैं की भगवान ही हमारी रक्षा करने वाले हैं। इसलिए भगवान से प्रार्थना करती हैं कि कृपा कर भक्तों के जीवन को पवित्र कर दें। धनुर्मास में भगवान की भक्ति और सेवा करना ही मोक्ष प्राप्ति का मार्ग बताया गया है। श्रीगोदांबा देवी श्रीलक्ष्मीजी की अवतारिका है। इन्हें तमिल (द्रविड़) भाषा में आण्डाल के नाम से जाना जाता है। श्रीगोदा देवी का भगवान वटपत्रशायी- श्री रंगनाथ से पाणिग्रहण संस्कार के समय एक नाम भगवान रंगनाथ ने स्वयं दिया - 'चूरिकोड़तेनाचियार'। गोदा देवी अपने गले की उतारी हुई माला भगवान को धारण कराती थी, इसलिए भगवान प्रसन्न होकर यह नाम श्रीगोदा देवी को दिया।

### बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताया गया




**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सृजन शाखा रांची ने अपर बाजार स्थित बालकृष्ण उच्च विद्यालय में बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। दैनिक दिनचर्या में स्वच्छता के नियम अपनाने के तरीके सिखाया। प्रोजेक्टर पर बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताया गया। स्वच्छता से संबंधित खेल का आयोजन किया गया। इसमें 150 बच्चे शामिल हुए। मौके पर कोषाध्यक्ष निधि सराफ, सपना अग्रवाल, नूपुर सराओगी, श्वेता सराओगी, आकृति सिंघानिया, शालू सिंघानिया, राशि सरावगी, सौम्या जैन सहित अन्य उपस्थित थे।

### ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। ऐसे में कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।
ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर - हटिया एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ 27 फरवरी को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल- पुरुलिया - कोटशिला - मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल - गुंडा बिहार - मुरी होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर - हटिया - खड़गपुर मेमू एक्सप्रेस, यात्रा प्रारम्भ 29 दिसंबर को आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन तथा आंशिक प्रारम्भ होगा। इन ट्रेनों का आद्रा - हटिया - आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा।

### रिम्स छात्र अमन हुए सम्मानित

**रांची।** रिम्स अंतिम वर्ष के एमबीबीएस छात्र अमन कुमार सिंह को आईएमए एमएसएन नेशनल चेयरमैन एप्रीसिएशन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें चिकित्सा छात्रों के उत्थान और मेडिकल क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। अमन ने 6 महीनों में 150+ सदस्यों को जोड़ा और झारखंड के सभी 9 मेडिकल कॉलेजों में आईएमए एमएसएन इकाइयों की स्थापना की।

## एक नजर

### हलमाद में भतीजे ने की बड़े चाचा की हत्या



**मुरी।** हलमाद में बड़े पिता की हत्या उसके भतीजे ने किया। मृतक सुखदेव गोराई को मारने वाला भतीजा दिनेश गोराई पुलिस की हिरासत में हैं। मारने वाला दिनेश गोराई भी धायल है और डॉ रमणेश क्लीनिक में भर्ती हैं। सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर से इस संबंध में पुछा गया है। व्यस्तता के कारण जबाब नहीं दे पाए। चर्चा में है कि कुल्हाड़ी से मारने के कारण मौत हो गई।

### बजरंग मेला को लेकर बैठक

**मुरी।** आगामी एक जनवरी उरंगढा तट पर बजरंग मेला मनाने को बैठक की गई। बैठक में कमिटी के विस्तार पर चर्चा की गई। शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न को लेकर कमिटी का पुनर्गठन किया गया। कमिटी में अध्यक्ष प्रकाश महतो, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार, सचिव विकास कुमार मांझी, उपसचिव पवन कुमार,कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, उपकोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्य में राजेश महतो, उदय महतो, लालू प्रसाद महतो ,प्रकाश महतो ,कमल महतो ,कार्तिक महतो, मानसा महतो,डी के महतो,पुसुवा मांझी,भरत महतो, अजीत महतो,पुरन और निर्मल नाग को रखे गए। संरक्षक में अनिल कुमार महतो को रखा गया।

### पर्यटन का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है सकारात्मक प्रभाव

**खलारी।** डीएवी स्कूल खलारी के कक्षा 11वीं कामर्स संकाय के छात्र छात्राओं ने मैक्लुस्कीगंज का भ्रमण किया। वहां उन्हें पर्यटन का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी मिली। इससे बच्चों को पता लगा कि पर्यटन से स्थानीय स्तर पर रोजगार में वृद्धि होती है। पर्यटन के माध्यम से नए रोजगार सृजित किए जा सकते हैं। बच्चों को ज्ञात हुआ कि आस्ट्रेलिया, कनाडा, इंग्लैंड से लोग अब भी मैक्लुस्कीगंज आते हैं। इनके पूर्वज यहां रहा करते थे। मैक्लुस्कीगंज के वातावरण में आज के औद्योगिक युग में प्रकृति का संरक्षण कैसे करें, वहां रहने वाले जीव जंतुओं के जीवन को कैसे बचाया जाए, इसे बच्चों ने नजदीक से देखा और जाना। अपने पर्यटन भ्रमण के दौरान बच्चे राणा काटेज, जीरो माइल रिसोर्ट आदि स्थानों पर गए।

# मिलजुलकर एक-दूसरे के पर्व को मनाना ही हमारी परंपरा : कैलाश



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में प्री क्रिसमस उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में बच्चों द्वारा क्रिसमस गीत केरोल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। क्रिसमस के पूर्व प्री क्रिसमस कार्यक्रम के दौरान केक काटा गया। शिक्षक शिक्षिकाओं तथा स्कूली छात्र-छात्राओं ने केक काटकर खुशियां मनाई। विद्यालय के शिक्षक संदीप सिंह, गुलशन कुमार, जयंतो चौधरी, सलमान अंसारी, अंशु पाठक, राज महतो, और अरिंदम रॉय ने सांता क्लॉज बनकर बच्चों के बीच टॉफियां और उपहार देकर खुशियां बांटी। वहीं दूसरी ओर अरुणिमा खेस और सोमी खाखा ने बच्चों को क्रिसमस की कहानी बताई और प्रेयर कराया। वहीं मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय एकता पर जोर देते हुए सभी विद्यर्थियों से सभी धर्मों के प्रति सदभाव एवं आस्था रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत त्योहारों का देश है यहाँ के लोग सभी धर्मों का त्योहार को सभी धर्म के लोग मिल जुलकर मनाते हैं और खुशियाँ बाँटते हैं यही हमारे देश की खूबसूरती है और धरोहर है । मौके पर शिक्षक, प्रियंका सिंह, अनिल, रंजन चंद्रा, संदीप सिंह, फातिमा एक्का ,कमला, ज्योति धीर, हंसिका, सुशीला, आरती, निर्मला, अनीता, रवि सिंह, सोमी खाखा, सीमा, प्रिस्का,अंजलिका, सविता गुप्ता, अरुणिमा, सावित्री,शैली श्रेया गुप्ता, विजय महतो, गुलशन कुमार, गायत्री देवी, तारा देवी, खुशबू, संचिता, भारती, हेमंत कुमार, राम सिंह, रानी सिंह, निर्मला लकड़ा, सुषमा मिश्रा अंजू पांडे, रियांशु पांडे, प्रियंका गागरी, अमित कुमार, अजय कुमार, मोनी एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थी।

स्कूल में मनाया गया श्रद्धानंद बलिदान दिवस

# महान स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षाविद थे स्वामी श्रद्धानंद : डॉ कमलेश



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
डीएवी स्कूल खलारी में श्रद्धानंद बलिदान दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। प्राचार्य डा. कमलेश कुमार ने स्वामी श्रद्धानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। शिक्षकों व बच्चों ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्राचार्य ने स्वामी श्रद्धानंद को महान देशभक्त, स्वतंत्रता सेनानी और महान शिक्षाविद बताया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने अपने अथक प्रयासों से स्वामी दयानंद सरस्वती तथा आर्य समाज की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार किया। वे देश के लिए मर मिटने वालों में अग्रणी रहते थे। बच्चों को बताया कि स्वामी श्रद्धानंद ने किस प्रकार हमारे समाज में शिक्षा व्यवस्था को ऊंचा उठाने का कार्य किया। स्वामी जी के द्वारा खोले गए गुरुकुल कांगड़ी का सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में इसकी शिक्षा व्यवस्था का लोहा माना गया है। प्राचार्य ने बच्चों को आह्वान किया कि वे स्वामी श्रद्धानंद के जीवन से नैतिक शिक्षा ग्रहण करें व अपने जीवन को उन जैसा उन्नत बनाएं। संस्कृत आचार्य उपेंद्रकुमार आर्य ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद भगत सिंह और राजगुरु की तरह ही गर्म विचारों के नेता थे, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## न्यूज बॉक्स

### खलारी के व्यवसायी सुरेंद्र प्रसाद का निधन



**खलारी।** खलारी के व्यवसायी, समाजसेवी सह गायत्री प्रज्ञा पीठ खलारी के व्यवस्थापक ट्रस्टी सुरेन्द्र प्रसाद का सोमवार को रांची में इलाज के क्रम में निधन हो गया। खलारी केडी बाजार में उनका स्नेहा इलेक्ट्रानिक्स के नाम से बड़ा प्रतिष्ठान है। उनके मृत्यु की खबर से खलारी में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को देवरखंड मुक्तिधाम डकरा में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इधर देर शाम गायत्री प्रज्ञा पीठ खलारी में एक शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा में ललनप्रसाद सिंह, भरत रजक, रेणुका सिंह, यशवर्धन साहु, अजय सिंह, अरूण चौरसिया, दिनेश पांडेय, अवधेश वर्मा, खुशहालचन्द राठौर, प्रेमशंकर पांडेय, सविता राठौर, योगेन्द्र रजक, लक्ष्मण साह आदि शामिल थे।

### गोपाल तिवारी विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**ठाकुरगांव।** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने ठाकुरगांव गुरुगाईं निवासी गोपाल तिवारी को विधायक प्रतिनिधि बनाया है। विधायक ने इससे सम्बंधित पत्र उपायुक्त, उपविकास आयुक्त, एसएसपी, डीएसपी खलारी, विधानसभा क्षेत्र के सभी बीडीओ, सीओ को भी प्रेषित किया है। गोपाल तिवारी को विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने पर गुलाम अहमद मीर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, प्रदीप यादव, लक्ष्मी नारायण तिवारी, झामुमो के शमीम बड़ेहार, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहु, जाकिर हुसैन, रंजन साहु, मनोज गुप्ता, हरि नारायण तिवारी, समीर तिवारी, बबलू प्रजापति, प्रमोद साहू, राजेश राम, जहरुद्दीन अंसारी, सदन साहु, जैनुल अंसारी, भुनेश्वर साहु आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

विदर्भ के विरुद्ध झारखंड को मिली बढ़त

### झारखंड के अर्जुन प्रियदर्शी की घातक गेंदबाजी



**विजयवाड़ा।** अर्जुन प्रियदर्शी की घातक गेंदबाजी की बदौलत झारखंड टीम ने यहां खेले जा रहे हैं विजय मर्चेंट ट्रॉफी के दूसरे दिन पहली पारी में विदर्भ के विरुद्ध मात्र चार रनों की मदद प्राप्त कर ली। प्रियदर्शी ने मात्र 47 रन देखकर 5 विकेट लिया जबकि जीवन पटेल ने दो विकेट लिए। विदर्भ की ओर से ओम धोत्रे ने 8 चौके की मदद से 74, कृष ने 24 एवं कुश शर्मा ने 45 रन बनाए। पहली पारी में चार रन की बढ़त प्राप्त करने के बाद झारखंड ने दूसरी पारी में में स्टंप के समय बिना कोई नुकसान के 17 बना लिए थे।

### सविमं करकट्टा में मनी गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती

**खलारी।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जयंती मनायी गई। कार्यक्रम की शुरूआत माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर व पुष्प अर्पित कर किया गया। श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। विद्यार्थियों ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के बारे में अपना विचार प्रस्तुत किया। कहा कि रामानुजन के प्रमेय व सिद्धांत आज हमलोगों को गणित सीखने में मदद कर रहा है। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य पुरुषोत्तमकुमार सिंह ने रामानुजन के बारे में विस्तृत रूप से विचार व्यक्त किया। छात्रों ने पहाड़ा प्रतियोगिता में भाग लिया। आचार्य संजीव कुमार सिंह ने निर्माणों के पावन युग में गीत गाया। धन्यवाद ज्ञापन आचार्या पूनम पाठक ने दी। इस मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### खूंटी में तेज रफ्तार बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त, तीन घायल

**खूंटी।** शहर के भगत सिंह चौक के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार महिंद्रा बोलेरो वाहन (जेएच 01ईजेड-4179) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पथ निर्माण विभाग के जरिये लगाए गए दिशा सूचक बोर्ड के मजबूत पिलर और पोल से टकराते हुए एक दुकान के शेड में जा घुसा। इस दुर्घटना में वाहन पर सवार तीन लोग घायल हो गए, जबकि वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल खूंटी कटहल टोली के साहिल बोदरा (21) को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024-25 की ताइक्वांडो अंडर 19 प्रतियोगिता

# लता कुमारी ने जीता राष्ट्रीय स्कूली खेल में कांस्य पदक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मध्यप्रदेश के देवास में आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024-25 के अंडर-19 ताइक्वांडो में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। तीसरे दिन लता कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक राज्य के खाते में डाला। इस प्रतियोगिता में संजना कुमारी ने अंडर 55 केजी बालिका वर्ग में पहले मैच में आईपीएससी को 2-0 से, प्री क्वाटर फाइनल में उत्तराखंड को 2-0 से, क्वाटर फाइनल में केंद्रीय विद्यालय संगठन को 2-0 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां लद्दाक से 2-0 से मैच गंवाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

# सरकार दिव्यांग खिलाड़ियों की मदद के लिए प्रतिबद्ध : निशक्तता आयुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
दिव्यांग खिलाड़ियों एवं दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिव्यांग सहायता केंद्र धुर्वा में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि राज्य निशक्तता आयुक्त अभय नंदन अम्बष्ट ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों की मांगों के प्रति गंभीर है एवं उनके सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष विजेता दिव्यांग खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता दी गई है, आने वाले वर्षों में उनके बेहतरी के लिए चरणबद्ध प्रयास किए जाएंगे। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विशिष्ट अतिथि पुनर्वास विशेषज्ञ राहुल मेहता ने कहा के दिव्यांगजनों का खेल के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा उनके राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन में सुधार हुआ है।

### राष्ट्रीय पदक विजेता दिव्यांग खिलाड़ियों को नियुक्ति में आरक्षण मिले : मुकेश कंचन

कार्यशाला में सभी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पारा खिलाड़ियों ने खिलाड़ियों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया तथा अधिनियम 2016 के तहत दिव्यांगजन खेलकूद के संबंध में चर्चा की गई । परिचर्चा में साइटसेवर के जितेंद्र कुमार ने झारखंड में दिव्यांग खिलाड़ियों को सरकार द्वारा जारी खेल नीतियों से अवगत कराया। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी मुकेश कंचन ने कहा कि जो दिव्यांग खिलाड़ी राष्ट्रीय पदक विजेता है उसे सम्मानित राशि दी जाए और सीधी नियुक्ति में आरक्षण मिले। इन सभी समस्याओं को मुख्यमंत्री से मिलकर अवगत कराने की बात कही। मौके पर मौजूद दशरथ कच्छप ने कहा कि सभी दिव्यांग संस्थाओं को एक जुट होकर काम करना पड़ेगा।

बेड़ो में मां दुर्गा का 51 फीट ऊंचा भव्य मंदिर बनकर तैयार

# एक से 11 मार्च के बीच नौ दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का होगा आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में नवनिर्मित मां दुर्गा की 51 फीट ऊंची भव्य एवं विशाल मंदिर का एक से 11 मार्च के बीच नौ दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस निमित्त मां दुर्गा मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं श्रद्धालु कार्यकताओं की संयुक्त बैठक समिति के अध्यक्ष सौमित्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कर कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक रणनीति बनाई गई। बैठक के दौरान समाजसेवी महावीर गोप ने कहा कि बेड़ो प्रखंड के ग्रामीणों का एक बड़ा सपना मां दुर्गा मंदिर के निर्माण के साथ पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि जितनी भव्यता से मंदिर का निर्माण हुआ है। उतना ही आकर्षक एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन भी होना चाहिए। वहीं मंदिर निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभाने वाले महादानी मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पंडा ने कहा कि मां दुर्गा के मंदिर का निर्माण सभी लोगों के सहयोग एवं खुद मां भगवती की इच्छा से हो पाई है। हमें मां दुर्गा के मंदिर को कैसे और भव्य बना पाएं इस पर मंथन करने की जरूरत है। बैठक के दौरान आगामी 1 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित होने वाले नौ दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर दुर्गा मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सौमित्र शर्मा, सचिव परना महतो, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार राय, उमेश महतो, साधन कुमार राय, नकुल राम महथा, सतवीर लाल खन्ना, दशरथ गोप, वाणी कुमार राय, बाबा बजरंगी, सुदामा वर्मा,सुधीर कुमार, कृष्णा सोनी, कमलेश लाल खन्ना, सीताराम महतो, राहुल कुमार, कुश कुमार, सोमा नायक सहित कई लोगों ने बैठक में हिस्सा लिया। इस मौके पर शेष कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने का भी निर्णय लिया गया।

# चिराग नर्सरी स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सोमवार को चिराग नर्सरी स्कुल मुरी में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें कक्षा प्री नर्सरी से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतू सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा अथक प्रयास से कार्यक्रम सफल हुआ।शिक्षिकाओं द्वारा निर्देशित नन्हें बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य दिखाये,और दर्शकों का मन मोह लिए। विद्यालय के निर्देशक सह प्राचार्य दिनेश कुमार महतो ने क्रिसमस के महत्व पर प्रकाश डाले और कहा कि क्रिसमस ईसाइयों का प्रमुख त्यौहार है।यह त्यौहार प्रत्येक बर्ष 25 दिसम्बर को पूरे विश्व में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।इस दिन प्रभु ईसा मसीह का जन्म हुआ था ।इनकी माता का नाम मरियम और पिता का नाम यूसुफ था जो पेशे में एक लकड़ी मिस्त्री था।ईसा मसीह ₹जीसस क्राइस्ट₹एक महान व्यक्ति थे।उन्होंने समाज को प्यार और इंसानियत से रहने की शिक्षा दी।उन्होंने दुनिया के लोगों को प्रेम और भाईचारे के बिषय में संदेश दिया।इस दिन संता क्लाज आकर सभी को गिफ्ट देता है। सभी बच्चो,एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने ध्यान पूर्वक उनकी बातों को सुना। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाएं सरस्वती, रोशनी, बबीता, बिनिता, सुनिता, रीता, सुष्मिता, रीतू, निधि, काजल,पुष्पा, मनीषा, कल्याणी, अंजू बाला, ज्योति एवं सुश्री मून बनर्जी का योगदान सराहनीय रहा।

कोरबा में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगी राज्य की टीम

# नेटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे बेड़ो के 18 खिलाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
छत्तीसगढ़ के कोरबा में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड का प्रतिनिधित्व बेड़ो की टीम करेगी। बेड़ो प्रखण्ड के विभिन्न स्कूलों से चयनित 18 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हो गए। टीम में एस.एस. प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो की 12 वीं की छात्रा आस्था कुमारी, कविता कुमार, सुषमा टोप्पो, सपना मिंज, 11वीं की छात्रा शिवानी कुमारी, पूनम उरांव, रीमा यादव, 11 वीं छात्र आकाश उरांव, दीपक टोप्पो 12 वीं के छात्र सुनील उरांव, करमचंद भगत महाविद्यालय की 12 वीं की छात्रा संगीता उरांव, अंग्रेजी माध्यम के मॉडल स्कूल बेड़ो के नौंवी कक्षा के छात्र लव महतो, आठवीं कक्षा की छात्रा त्रिशूत्री नाग, नूतन लकड़ा, होली कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल के छठी कक्षा के छात्र रोहित उरांव, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेडो.के 10 वीं कक्षा के छात्र निखिल खलखो, शुभम कच्छप, डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल की नौंवी कक्षा की छात्रा रिया यादव शामिल हैं। बेड़ो के उक्त सभी छात्र छात्राएं झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी नेटबॉल नेशनल कोच शशि गोप ने दी है। उन्होंने बताया कि खेलो झारखंड चैंपियनशिप जीतने के बाद अब ये सभी 18 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर कोरबा में आयोजित खेलो इंडिया नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाएंगे। सभी चयनित खिलाड़ियों को बेड़ो से रांची जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी मुन्ना बड़ाईक ने खिलाड़ियों को रवाना किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी खिलाड़ियों ने शशी गोप के नेतृत्व में प्रशिक्षण लेकर राज्य स्तर पर चैंपियनशिप प्राप्त किया और अब राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह बेड़ो सहित पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कोच शशि गोप को भी ढेरों शुभकामनाएं दी।

# अफीम के खेतों में मौजूद रहकर एसपी ने कराया पोस्ते को नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
जिला पुलिस खूंटी के जरिए विभिन्न थाना क्षेत्रों में अफीम की अवैध खेती के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को मुरहू थानांतर्गत चारिद गांव में लगभग 12 एकड़ जमीन में लगी अवैध अफीम की खेती को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार की उपस्थिति में मुरहू थाना की पुलिस ने ट्रैक्टर से रौदकर नष्ट किया। सोमवार को मुरहू थाना क्षेत्र के अलावा खूंटी थाना क्षेत्र के टकरा और हातुधामी में पांच एकड़, अड़की थानांतर्गत बाड़ी निजकेल में 10 एकड़, मारंगहादा थानांतर्गत सेतागड़ा और सारजोमा में छह एकड़ तथा सायको थानांतर्गत जिलिंगकेला गांव में लगभग साढ़े तीन एकड़ खेत में लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया।

# 13 वर्षीया लेखिका अनुष्का सिंह ने अपना उपन्यास 'द विंग्ड रिंग्स' लांच किया



**नवीन मेल संवाददाता। सिन्दरी**
अगर मनुष्य सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों से दूर हो तो वो सफल हो सकता है लेकिन सुखी और शांत नहीं हो सकता। उसका मन हमेशा एक बेचैनी से भरा रहेगा। लेकिन, मानवीय रिश्तों का आधार धन, स्वार्थ, जरूरत या दिमाग नहीं हो सकता। रिश्तों का आधार हमेशा आपसी सम्मान और प्रेम होता है। ऐसे ही एक रिश्ते की बात अंग्रेजी उपन्यास ₹द विंग्ड रिंग्स₹ में की गई है। उपन्यास की बात करने से पूर्व लेखिका एवं उनके पिता जो पूर्व धनबाद जिला सहायक श्रमायुक्त वार्ता हुई, लेखिका महज 13 वर्ष की और दिल्ली पब्लिक स्कूल घनबाद के वर्ग आठ की छात्रा है, पर वो अपने पिता, माता एवं दादा से ऐसे बॉन्डिंग में है कि अपने दिल एवं दिमाग की सभी अभिव्यक्ति की चर्चा परिचर्चा भी करती हैं। पिता रंजीत कुमार अपने पुत्री की मनोदशा को समझते हुए उन्हें अपनी भावना को शब्दों में पिरोने की सलाह देते हैं, जिससे उनकी पुत्री सहर्ष स्वीकार कर अपनी भावना एवं मनोदशा को 'द विंग्ड रिंग्स' उपन्यास के रूप में दुनिया के सम्मुख प्रस्तुत करती हैं। उपन्यास में दो बचपन के मित्र की है जिनमें आपसी सामंजस्य, सोच, भावना सब मिलती हैं। दोनों की दोस्ती एक जोड़े अंगूठी की वजह से शुरू होती है, पर एक अकस्मात दुर्घटना में एक के माता पिता की मृत्यु के कारण अलगाव आ जाता है। अलगाव के बाद भी बचपन की वो यादें दोनों के अंतरआत्मा में जीवंत रहते हैं, जो नवजवान होने के बाद भी खत्म नहीं होता। कहावत है कि नियति में जो लिखा होता है, वो हो कर रहता है और एक दिन फिर से दोनों मिलते हैं एक समूह में, लेकिन दोनों एक दूसरे को पहचान नहीं पाते। धीरे - धीरे दोनों की भावनाएँ, सोच, पसंद मिलने से दोनों में पूर्ववत लगाव बढ़ने लगता है जो पुनः बचपन के रिंग देखने से याद ताजा हो जाती है एवं दोनों एक दूसरे से दो जिस्म एक जान की तरह मिल कर अपनी अपनी भावना ब्यक्त करते है। उसके बाद दोनों एक दूसरे से कभी अलग ना हो पाएं उसके लिए सामाजिक बंधन अर्थात विवाह करने की सोचते हैं, जिसमें उनके मित्रगण उसका साथ देते हैं।

## एक नजर

### उरांव समाज के लोगों ने अपने पूर्वजों को किया याद

**रामगढ़।** उरलुंग गांव के उरांव समाज के लोगों द्वारा गांव के सतबौरी में पत्थलगड़ी व हड़गड़ी रस्मों की अदायगी कर अपने पूर्वजों को याद किया. उरांव समाज के लोगों द्वारा परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना कर पूर्वजों के लिये प्रसाद चढ़ाया. जिसके बाद सामुहीक रूप से प्रार्थना कर अपने पूर्वजों के आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना किया गया. मौके पर सुभाष उरांव, सुरज उरांव, बरंतु उरांव, मंगल उरांव, धनेश्वर उरांव, सिकंदर उरांव, विवेक उरांव, आजाद उरांव, संतोष उरांव, विनोद उरांव, शशि उरांव, तूफान उरांव, दिलीप उरांव, आशा उरांव, मीणा उरांव, शीला उरांव, अमन उरांव, तेतरी उरांव, अनीता कश्यप आदि उपस्थित थे.

### 7 केंद्रों पर हुआ झारखंड राज्य ओलंपियाड का आयोजन

**रामगढ़।** झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची के निर्देश पर झारखंड राज्य ओलंपियाड का आयोजन रामगढ़ जिले के 7 चयनित परीक्षा केंद्रों में किया गया. ओलंपियाड परीक्षा में वर्ग 7, 8 एवं 9 के कुल 2991 बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था. इन बच्चों के गणित, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान विषयों का आकलन राज्य स्तर से उपलब्ध प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट के माध्यम से कराया गया. रामगढ़ जिला में कुल 7 परीक्षा केंद्र झ सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय, कम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका विद्यालय रामगढ़, उच्च विद्यालय कोयरीटोला रामगढ़, महिला कॉलेज रामगढ़, बुनियादी विद्यालय रामगढ़, छावनी बालिका मध्य विद्यालय रामगढ़ एवं राधा गोविंद उच्च विद्यालय रामगढ़ निर्धारित किया गया है।

### मंत्री से मिला विश्वकर्मा समिति लोहवंशी के पदाधिकारी

**रामगढ़।** झारखंड के पेयजल, स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से सोमवार को रामगढ़ जिला श्री विश्वकर्मा समिति लोहवंशी के पदाधिकारी मिले। इस दौरान उन्होंने समाज के विकास में सरकार का सहयोग दिलाने की मांग रखी। समाज के संयोजक बद्री विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज आर्थिक रूप से काफी कमजोर है। इसी वजह से समाज के बच्चों में बुराइयां आसानी से घर कर जाती हैं। अगर हमारा समाज सशक्त और एकजुट हो तो इसका विकास भी संभव है। इसके लिए सरकार को भी पहल करने की आवश्यकता है। इस समाज के लोगों को योजनाओं का लाभ मिले और शिक्षा जगत से इनका जुड़ाव बेहतर हो, इस पर विचार करने की आवश्यकता है।

साहित्यकार बेनीपुरी की 125वें जयंती पर विशेष संगोष्ठी आयोजित

# कलम के जादूगर के रूप में जाने जाते थे बेनीपुरी जी : प्रो हीरामन साहू



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
राम नारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के हिन्दी विभाग में हिन्दी के प्रखर साहित्यकार रामवृक्ष बेनीपुरी की 125 जंयती पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसमे बतौर मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ बिमल किशोर व एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव शामिल हुए. संगोष्ठी की अध्यक्षता हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो हीरामन साव व संचालन हिन्दी के प्राध्यापक प्रो जागेश्वर यादव ने किया. उपस्थित अतिथियों को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया. मुख्यातिथि ने साहित्यकार बेनीपुरी जी के संक्षिप्त जीवनी बताते हुए उन्हें प्रखर, संघर्षशील साहित्यकार व पत्रकार बताया. जिन्होंने सामाजिक जीवन के साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी राष्ट्रपिता के असहयोग आंदोलन में महती भूमिका निभाई. विभागाध्यक्ष प्रो साहू ने बेनीपुरी जी की पूरी जीवन कथा बताते हुए कहा कि उन्हें साहित्य से काफी लगाव था. आजादी की लड़ाई के दौरान उन्हें में नौ बार जेल जाना पड़ा था. जब भी वह जेल से आए उनके हाथों में दो चार ग्रंथों की प्रतियां देखने को मिले. इसी का परिणाम है कि बेनीपुरी जी के भीतर बेचैन चिंतक, बेचैन कवि, बेचैन क्रांतिकारी, बेचैन साहित्यकार और बेचैन योद्धा सभी एक साथ निवास करते थे. विशिष्ट शैलीकार होने के कारण ही बेनीपुरी जी को कलम का जादूगर भी कहा जाता है. संगोष्ठी मे अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार वर्णवाल, प्रो डॉ अशोक कुमार, राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ अजय रविदास, भूगोल के विभागाध्यक्ष डॉ अरुण कुमार रामानुजन आदि सहित महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे. कार्यक्रम का समापन हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ सीमा सिन्हा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. कार्यक्रम में महाविद्यालय कई शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे.

# बहन से मिलने के लिए घर से निकली महिला लापता



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
थाना क्षेत्र के बेड़ोकला से एक महिला के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत बेडोकला निवासी विकास चौधरी, पिता कैलाश चौधरी ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देते हुए बताया कि मेरी पत्नी 21 दिसंबर को लोकिया निवासी अपनी बहन से मिलने के बहाने घर से निकली साथ ही उन्होंने मेरी मां से अपना आधार कार्ड मांग कर ले गई। शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर खोजबीन करना शुरू किया। साथ ही अपने ससुराल मकतपुर जयनगर फोन किया परन्तु कहीं पता नहीं चल रहा है। उन्होंने बताया कि मेरी पत्नी पहले भी फोन पर किसी से घंटों बात करती थी और पुछताछ करने पर कहती थी कि हम तुम्हारे साथ नहीं रहेंगे। वहीं पुलिस आवेदन के आधार पर खोजबीन शुरू कर दी है।

### केन्द्रीय कार्यकारिणी का चुनाव 29 को

**हजारीबाग।** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड केन्द्रीय कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने पर सभी कार्यकारिणी सदस्य, सलाहकार एवं सदस्यों की सहमति से पुनः केंद्रीय कार्यकारिणी का चुनाव का निर्णय लिया गया है। जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक सभी अपने पद पर बने रहेंगे। संस्था के पुनः केंद्रीय कार्यकारिणी का चुनाव के लिए 29 दिसंबर 2024 को समय 11 बजे शहीद स्मारक (नियर सर्किट हाउस) हजारीबाग में मीटिंग रखा गया है।

## न्यूज | बॉक्स

### टीबी उन्मूलन निक्षय शिविर अभियान को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**रामगढ़।** टीबी उन्मूलन हेतु 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर स्वराज के द्वारा उपायुक्त को जानकारी गई की 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक संचालित 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत पूरे जिले में संभावित टीवी मरीजों की पहचान एवं उनके उपचार के लिए कार्य किया जा रहा है।अभियान के तहत टीबी रोग के लक्षण अथवा संभावित टीबी मरीजों का निशुल्क चेस्ट एक्स-रे व अन्य स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। इस दौरान उपायुक्त ने जिला यक्ष्मा पदाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारियो के साथ समन्वय बनाते हुए अभियान के तहत कार्य करने एवं सीएसआर के माध्यम से भी अभियान को उद्देश्यों को पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से किसानों को जोड़ा जा रहा है : ममता देवी



**रामगढ़।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत सोमवार को चितरपुर पशु चिकित्सालय परिसर में (रेलवे ओवरब्रीज के समीप) मौजूद बतौर मुख्य अथिति रामगढ़ विधायक ममता देवी ने 23 बकरी एवं 10 सुकर लाभुकों के बीच वितरण किया। मौके पर विधायक ने कहा कि सरकार की इस योजना से स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को जोड़ा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देने और आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। यह योजना राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, प्रखंड के टीवीओ डॉ. राजेश कुमार ने लाभुकों को बकरी एवं सुकर की उचित देखभाल खानपान तथा उसके रखरखाव में सावधानी बरतने की सलाह दी। जबकि लाभुकों ने सरकार और स्थानीय प्रतिनिधियों का धन्यवाद व्यक्त किया।इससे पूर्व विधायक ममता देवी के पहुंचने पर फूल का पौधा देकर उनका स्वागत किया गया।मौके पर डॉ. गोविन्द प्रसाद (आकस्मिक सेवा), प्रखंड के तकनीकी पदाधिकारी चंद्रमोली सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष एहशान उल्लाह, बीस सूत्री सदस्य उत्तम कुमार पटवा, मो. साजिद, पवन महतो, रंजन कुमार, गोरीशंकर महतो आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय किसान दिवस पर याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री, शैक्षणिक भ्रमण




**बरही ।** भारत के पांचवें प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्म दिन पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय किसान दिवस के मौके पर भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा के 57 विद्यार्थियों का दल रांची व हजारीबाग शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुआ. विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ विशाल नाथ पांडे ने बताया कि पूर्व पीएम स्व सिंह का कृषि के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान रहा है. उन्होंने बताया कि संरक्षित खेती, माडल पौधशाला, कृषि विज्ञान केंद्र राम कृष्ण मिशन रांची प्लांडू ओरमांझी आदि का भ्रमण करेंगे. छठे डीन कमेटी की अनुशंसा के आलोक में कृषि स्नातक छात्रों को अनेक विषयों में स्किल विकास का लक्ष्य रखा गया है. जिसमें बागवानी, प्रसस्करण जैविक उपादान निर्माण बिज उत्पादन आदि प्रमुख है. इसी के मद्देनजर यह शैक्षणिक भ्रमण निर्धारित है.

# हेयर स्टाइलिस्ट सैम एंड जस का एक दिवसीय सेमिनार




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हेयर स्टाइलिस्ट सैम एंड जस का एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन कारगिल पेट्रोल पंप के समीप स्थित रिंग्स एंड रिसेस में किया गया। सेमिनार की शुरूवात सदर विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस संबंध विधायक श्री प्रसाद ने कहा कि हेयरस्टाइल करना, मेक अप और ब्राइडल मेकअप आज के जमाने में एक आवश्यकता बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कभी किसी ने यह नही सोचा था कि हेयर स्टाइल और मेक अप के लिए भी कोर्स और वर्कशॉप करना रहेगा। वहीं सैम एंड जस के फाउंडर जस ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में मेक अप और हेयर स्टाइलिस्ट का एक जगह है। साथ ही इस क्षेत्र में आर्टिस्ट को करोड़ों में कमाने का मौका भी मिल रहा है। कार्यक्रम के संयोजक नवीन कुमार है जो हुरजुरू में सैम एंड जस का फ्रेंचाइजी खोल कर आर्टिस्ट को ट्रेनिंग देने और लोगो को बेहतर हेयर स्टाइल और मेक अप देने का काम कर रहे है।

विवि में राष्ट्रीय गणित दिवस पर सेमिनार का आयोजन

# गणित हमारे जीवन के हर क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण : डॉ मुनीष गोविंद




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में राष्ट्रीय गणित दिवस पर सोमवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, विज्ञान विभाग एचओडी सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद सभी अतिथियों को बुके भेंट कर कार्यक्रम में स्वागत किया गया। इस मौके पर इस दिवस की अहमियत का जिक्र करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके नायक ने कहा कि हकीकत में देखा जाए तो गणित की आवश्यकता प्रत्येक विषय में पड़ती है। उन्होंने कहा कि दरअसल श्रीनिवास रामानुजन जैसे महान गणितज्ञों के योगदान ने दुनिया को एक नई दिशा दी। उनके जयंती को राष्ट्रीय गणित दिवस के तौर पर मनाना ही हमारे लिए गर्व की बात है। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि गणित ना केवल एक शैक्षिक विषय है, बल्कि यह हमारे जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।उन्होंने कहा कि तकनीक के प्रगति के क्षेत्र में भी गणित का अहम योगदान है। डॉ गोविंद ने छात्र-छात्राओं को रामानुजन की तरह ही अपने देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की प्रेरणा दी। सेमिनार में एमएससी की छात्रा अन्नू प्रतिभा व बीएससी के छात्र सार्थक कुमार ने महान गणितज्ञ रामानुजन के योगदान पर विस्तृत चर्चा की। इससे पूर्व अपने स्वागत भाषण में विज्ञान विभाग की एचओडी सबिता कुमारी ने गणित की महत्ता और उसके आम जनजीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

आरके आर्ट व प्रतिभा कला कुंज का छठा अनुमंडलस्तरीय पेंटिग प्रतियोगिता संपन्न

# कला के क्षेत्र में भी बरही के विद्यार्थी बेहतर करें : एसडीपीओ



4 ग्रुप में 28 विद्यालयों के 718 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रविवार को प्रखंड मैदान बरही में आरके आर्ट व प्रतिभा कला कुंज के संयुक्त तत्वाधान में छठा वार्षिक पेंटिग्स प्रतियोगिता आयोजित किया गया. जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल सहित आयोजक रवि केसरी के पिता ब्रह्मदेव केसरी, मां मालती देवी, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, मुखिया राजेंद्र प्रसाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता आदि ने फीता काटकर किया. प्रतियोगिता में अनुमंडल के 28 विभिन्न विद्यालयों के खिलाफ कुल 718 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. जिसका संचालन प्रमोद सिंह एवं रवि केशरी ने संयुक्त रूप से किया. एसडीपीओ श्री बिमल ने प्रतियोगिता आयोजन के लिए आयोजको को बधाई दिया. कार्यक्रम को जिप उपाध्यक्ष, भाजपा जिला उपाध्यक्ष, जिप सदस्या, धनवार मुखिया, प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल के प्रधान रवि कांत ओम आदि ने भी अपने विचार रखे. प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 1 के लिए स्वेच्छापूर्ण चित्रांकन, ग्रुप बी के तहत कक्षा 2 से 5 के लिए नेचर या बड्र्स ऑन द ब्रांच, ग्रुप सी के तहत कक्षा 6 से 10 के लिए होली या दशहरा अथवा रामनवमी और ग्रुप डी के तहत कक्षा 10 से ऊपर के लिए महात्मा गांधी या स्वामी विवेकानंद अथवा भगत सिंह पर चित्रांकन करना था.जिसमे ग्रुप ए में नेक्सजेन किड्स इंटरनेशनल स्कूल बरही के अहमद रजा प्रथम, नवोदय पब्लिक स्कूल साधनापुरी के मो जुल्फेकार तृतीय तथा रौशन कुमार एवं मो अली जैद को सांत्वना के लिए चयनित किया गया.

# दंपति से 1 लाख की छिनतई जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर से लेकर गांव तक लूट और छिनतई का मामला जोर पकड़ता जा रहा है। शहर में जिस तरह से लूटकांड होने लगे हैं उससे लोग काफी दहशत में आ गये हैं। लोगों का कहना है कि किस समय राहगीरों और यात्रियों के साथ लूट हो जाये कहना मुश्किल है।
शहर के मेन रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में सोमवार को छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि बैंक के अंदर पैसा जमा करने के दौरान एक दंपत्ति पैसा जमा करने गये। उसी क्रम में उनके थैले से ब्लेड मारकर 1 लाख रुपए निकाल लिये गये। मामले की जानकारी के बाद पुलिस बैंक परिसर गई और घटना की जांच पड़ताल किया। पुलिस ने कहा की घटना में शामिल अपराधी को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

सुशासन सप्ताह के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# विभिन्न योजनाओं को आम लोग तक पहुंचाना ही उद्देश : संतोष

*कार्यशाला के दौरान रामगढ़ जिले में विगत 5 वर्षों में सुशासन सप्ताह के उद्देश्यों के तहत किए गए विकास कार्यों से संबंधित पीपीटी प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया*




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
19 दिसंबर से 24 दिसंबर 2024 तक संचालित सुशासन सप्ताह के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' विषय पर सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला योजना पदाधिकारी संतोष कुमार भगत के द्वारा जानकारी दी गई की प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के निर्देशानुसार 19 दिसंबर से 24 दिसंबर 2024 तक प्रशासन गांव की ओर अंतर्गत सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान अभियान मोड में जन शिकायत मामलों अथवा सीपीग्राम पोर्टल पर आए मामलों को निष्पादित किया जाना है। सुशासन सप्ताह के तहत प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर भी कार्यशाला एवं बैठक आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के दौरान रामगढ़ जिले में विगत 5 वर्षों में सुशासन सप्ताह के उद्देश्यों के तहत किए गए विकास कार्यों से संबंधित पीपीटी प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ जिला अंतर्गत खनन प्रभावित क्षेत्रों में बंद पड़े खदानों में मत्स्य पालन, रामगढ़ शहर अंतर्गत डीएमएफटी मद से निर्मित लाइब्रेरी, आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन आपूर्ति सहित अन्य सुविधाओं की उपलब्धता, नवजात बच्चों के स्वास्थ्य के लिए संचालित स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट एवं इसके माध्यम से बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही है सुविधा आदि के संबंध में चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान विजन डॉक्यूमेंट हंड्रेड पर भी चर्चा की गई जिसमें सभी विभागों द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं से आम लोगों को अच्छादित किया जाएगा। कार्यशाला के दौरान जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने ईंट भट्ठे का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने अंचल अधिकारी रामगढ़ सुदीप एक्का के साथ रामगढ़ अंतर्गत कैथा क्षेत्र के अलग-अलग कुल पांच स्थलों पर संचालित ईट भट्ठे का औचक निरीक्षण किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा स्थल का भौतिक निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में ईट भट्ठा संचालक स्थल से अनुपस्थित पाए गए जिसके उपरांत सभी संचालकों को दस्तावेजों के साथ मंगलवार को पूर्वाहन 11:00 बजे अनुमंडल कार्यालय, रामगढ़ में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है जिसके उपरांत इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी। सभी ईंट भट्ठों के कागजात की जांच की जाएगी और जिसकी कागजात नहीं होगी उसपर कार्रवाई की जायेगी।

यूथ क्लब ने किया अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# गांव के बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है : विशाल जायसवाल



बेहतनर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** एकल अभियान दक्षिण झारखंड संभाग रामगढ अंचल का अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 22 दिसंबर को सिद्धू कान्हू मैदान रामगढ़ में संपन्न हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ भारत माता एवं सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं ओंकार, गायत्री मंत्र, श्रीराम स्तुति के साथ किया गया । कार्यक्रम में बतौर अतिथि जिला संघ चालक शत्रुधन प्रसाद, कमल बगड़िया, अमित सिन्हा, राजेश ठाकुर, अभिषेक जायसवाल, विनीत मारवाह, राजेश मोदी, ओमप्रकाश कुशवाहा, रितेश कश्यप, डॉ नारायण सिंह, जन्मेंजय प्रताप, मनीष अग्रवाल, विनोद मिश्रा, धिरज पराशर, सुरेश गणक, उमा सिन्हा, वीणा सिंह, संजू प्रसाद, मालती गुप्ता, नीरज पाठक, राजेश साव, धनंजय पुटूस, आयोजन समिति अध्यक्ष विशाल जसवाल, सचिव अंकित रणर मौजूद थे। इस मौके पर विशाल जसवाल ने कहा कि इस खेलकूद के माध्यम से बच्चे आगे बढ़ सकते हैं तथा गांव के बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर एकल अभियान अभ्युदय युथ क्लब के माध्यम से किया जा रहा यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस प्रतियोगिता में रामगढ अंचल के संच रामगढ, गोला बरलंगा, पतरातू, भुरकुंडा, कुजू, माण्डू, सिल्ली, सोनाहातू, इन सभी संचों से कुल 274 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, बालक बालिका का खेल कराया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त बालक, बालिकाओं को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अतिथियों द्वारा उद्बोधन में बच्चों को मार्गदर्शन दिए एवं एकल अभियान ही ऐसा संगठन है जो सुदूरवर्ती गांव क्षेत्र में एकल विद्यालय सुचारू रूप से चला रहे हैं और समाज का बच्चा इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

### सिमडेगा कांग्रेस ने की गृह मंत्री के बयान की निंदा

# भाजपा लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों का हमेशा करती है तिरस्कार : दयामनी बरला

- सतापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की
- गृह मंत्री अमित शाह अपने पद से तुरंत इस्तीफा दे : डेविड तिर्की




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि संसद के सत्र में जिस प्रकार से गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है इसे पूरा कांग्रेस पार्टी के अंदर आक्रोश का माहौल है उन्होंने कहा गृह मंत्री अमित शाह अपने पद से तुरंत इस्तीफा दे वहीं इस मौके पर प्रदेश से पर्यवेक्षक के रूप में आए दयामणि वरला ने कहा 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र सत्तार भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बांबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार तो हद ही पार कर दी। संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी।
अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग मान ली गई। इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई, समता, समानता और न्याय के डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई रास नहीं आई। सतापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की। यही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत बीजेपी की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और बैसाखी सरकार बना कर लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया था लेकिन बीजेपी ये खीज अब संविधान निर्माता पर निकाल रही है और बाबा साहेब का अपमान किया गया है. लेकिन दुख की बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप- प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी।कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है. लेकिन मोदी सरकार डॉ. अंबेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है।उल्टे बीजेपी ने संसद की कार्रवाई ठप्प रखी। यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्कामुक्की की गई। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया। बीजेपी ने षड़यंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई। बीजेपी और उसकी मातृसंस्था हमेशा से डॉ. आंबेडकर और संविधान विरोधी रही है। इन्होंने न सिर्फ संविधान के निर्माण के समय से ही विरोध किया, बल्कि इससे पहले डा. आंबेडकर को चुनाव हरवाया था। कांग्रेस डॉ. आंबेडकर के अपमान को लेकर अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अटल है।जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे।

### इग्नू लर्नर स्पोर्ट सेंटर 3610 में "इंडक्शन मीट" संपन्न

## डॉ रागिनी ने छात्रों को परीक्षा की तकनीक बताई




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कॉलेज इग्नू लर्नर सपोर्ट सेंटर 3610 में इंडक्शन मीट संपन्न हुआ। इस अवसर पर इग्नू रांची रिजनल सेंटर की असिस्टेंट डायरेक्टर डा. रागिनी कुमारी ने वर्ष 2024 के जुलाई सत्र में विभिन्न विषयों में दाखिला लेने वाले बी.ए., एम. ए. डिप्लोमा और सटिफिकेट कोर्स के करीब 150 छात्रों को संबोधित किया। मौके पर एलएससी 3610 के कॉर्डिनेटर सह सिमडेगा कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रामकुमार प्रसाद, असिस्टेंट प्रो. डा. जयन्त कुमार कश्यप, विद्याशंकर कुमार, कौशिक कुमार, उर्मिला देवी, पमिना बाड़ा समेत सेंटर के सभी कर्मी उपस्थित थे।डा. रागिनी कुमारी को एलएससी 3610 की ओर से विशेष स्मृति चिह्न और अंग वस्त्र प्रदान कर पारंपरिक गीत-संगीत से स्वागत किया गया। वहीं रिजनल सेंटर रांची की ओर से बेहत्तर सेवा के लिए कॉर्डिनेटर प्रो. रामप्रसाद कुमार को असिस्टेंट डायरेक्टर डा. रागिनी कुमारी ने प्रशंसा पत्र और अंग वस्त्र से सम्मानित किया असिस्टेंट डायरेक्टर ने सभा को संबोधित करते हुए छात्रों को इग्नू में दाखिला लेने, असाइंमेंट बनाने और परीक्षा देने तक की सारी तकनीकी जानकारियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जुलाई 2024 से जून 2025 के दौरान लगभग एक वर्ष का समय होता है परंतु पाठ्य सामग्री प्राप्ति, असाइनमेंट और रि-रजिस्ट्रेशन कार्य संपन्न करने को मिला दें तो पढ़ाई-लिखाई के सघन कार्यों के लिए छात्र को मात्र तीन-चार महीने ही मिल पाते हैं। इसलिए शुरू से ही बिना समय गंवाएं पढ़ाई के प्रति गंभीर होना चाहिए। डा. रागिनी ने अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गुणवत्ता बनाए रखने वाले डिस्ट्रिक्ट एजूकेशन ब्यूरो के बारे छात्रों को बताया। उन्होंने इग्नू पाठ्क्रम की गुणवत्ता, रिजनल सेंटर रांची द्वारा छात्रों को प्रदान की जा रही सुविधाओं और अवसरों से अवगत कराया। छात्रों का उत्साहवर्द्धन करते हुए असिस्टेंट डायरेक्टर ने बताया कि इग्नू की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाता है।

### भारत माला परियोजना एवं कोलेबिरा-बानो-मनोहरपुर सड़क चौड़ीकरण से संबंधित हुई बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में भारत माला परियोजना एवं कोलेबिरा-बानो- मनोहरपुर सड़क चौड़ीकरण से संबंधित बैठक का आयोजन किया।बैठक में भूमि अधिग्रहण से संबंधित से लंबित मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश सभी अंचलाधिकारी को दिया गया। साथ ही सभी अंचलाधिकारी को मौजावार रैयतों का ससमय भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट भू-अर्जन विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रवि किशोर राम सहित सभी अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

## सुशासन सप्ताह के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह के तहत 19 दिसंबर से प्रशासन गांव की ओर अभियान शुरू किया गया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले भर में सार्वजनिक सेवा वितरण तंत्र में सुधार करना और विभिन्न व्यक्तिगत लाभ योजनाओं के तहत शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना है। इसी क्रम में आज दिनांक-23 दिसंबर को सिमडेगा प्रखंड सभागार में सुशासन सप्ताह के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि अभियान का फोकस प्रभावी शिकायत निवारण, बेहतर सेवा वितरण और केंद्र और प्रदेश द्वारा प्रायोजित योजनाओं की संतृप्ति पर होगा। "सुशासन सप्ताह" देश की प्रगति की कुंजी है। 'प्रशासन गांव की ओर' एक परिवर्तनकारी पहल है जिसका उद्देश्य प्रभावी शासन को ग्रामीण समुदायों के करीब लाना है, जिससे जमीनी स्तर पर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी सेवा वितरण सुनिश्चित हो सके।" उपायुक्त ने कहा कि पारदर्शी,जवाबदेश प्रशासन,नियम एवं कानून सम्मत समावेशी सेवा का लक्ष्य ही सुशासन हो सकता है। जनसेवा में भ्रष्ट आचरणों का त्याग,समय पर जंनसमस्याओ का निष्पादन व सुझाव ही सुशासन की पहचान है। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ जैसे वक्तव्यों परआत्म चिंतन करना चाहिए।कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में मौके पर ही शिकायत निवारण का पोर्टल के माध्यम से शिकायतों का समाधान, सेवा वितरण आवेदनों का त्वरित निपटान, सर्वोत्तम शासन प्रथाओं और सफलता की कहानियों का प्रचार-प्रसार शामिल है।

### आदिवासी परिवारों के साथ मजाक

# बिना जलमीनार बने घरों तक पहुंच गया कनेक्शन

**जलडेगा।** एक ओर राज्य सरकार जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल का जल पहुंचाने के लिए प्रयासरत है, वहीं करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में बने जलमीनार शोभा की वस्तु बन कर रह गई हैं। शुद्ध पेयजल के लिए लालायित लोग जलमीनार बनने के खबर सुनकर काफी आशान्वित थे। लेकिन विभागीय उदासीनता ने ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। आज तक एक बूंद भी पानी नल से नहीं टपका। मामला जलडेगा प्रखंड के पतिअम्बा नीचे गट्टीगढ़ा का है। एक ओर रेल लाइन, दूसरी ओर नदी, इसके अलावा चारों ओर जंगलों से घिरा इस गांव में लगभग 41 परिवार है।

### बिना जलमीनार के घरों तक पहुंचा दिया जल-नल का कनेक्शन

राष्ट्रीय नवीन मेल की टीम जब ग्राउंड रिपोर्टिंग के लिए गांव पहुंची तो लोगों ने बताया कि संवेदक जय मां कंस्ट्रक्शन द्वारा एक साल पहले गांव में दो बोरिंग किया गया है। लेकिन आज तक न तो जलमीनार बना न किसी को एक बूंद पानी मिला। दिखावा के लिए संवेदक द्वारा बिना जल मीनार के घरों तक नल लगा दिया गया है। जिसके कारण यहां के लोग कुआं और दाड़ी का गंदा पानी पीने को विवश है। ग्रामीण सेबयान होब्बो, इलियस तोपनो, संदीप तोपनो, अमित होब्बो, सुगड़ होब्बो, जोन तोपनो, सिलवन्ती होब्बो, पररस होब्बो, सागेन होब्बो, रासा सुरीन, सुखराम सुरीन, बंधनू सुरीन आदि ने कहा हम लोग आदिवासी है हमारे साथ मजाक किया जा रहा है, हमारी सुनने वाला कोई नहीं है। आरोप है कि विभागीय साठ - गांठ के कारण ऐसे संवेदकों के ऊपर कभी कोई कारवाई की खबर नहीं आती है।




### आजादी के 77 साल बाद भी इस गांव में नहीं पहुंच पाई बिजली और सड़क

झारखंड में सरकारी दावा यह है कि आज राज्य का कोई भी गांव बिजली से अछूता नहीं है। राज्य के प्रत्येक गांव में बिजली पहुंचा दी गयी है। पर जमीनी हकीकत और सरकारी दावे के बीच के फर्क को बयान करने के लिए जलडेगा का यह गांव काफी हैं। आजादी के 77 साल पूरे हो जाने के बाद भी जलडेगा के गट्टीगढ़ा गांव में बिजली नहीं पहुंच पाई है। इस गांव के लोग आज भी बिजली और सड़क जैसी बुनियादी चीजों के लिए तरस रहे हैं। शाम के 6 बजते ही ये लोग जंगली जानवरों के डर से अपने घरों में दुबक जाते हैं। यहां के लोग मोमबत्ती और दिए की रोशनी से रात काटने को मजबूर हैं। लेकिन फिलहाल पिछले कुछ महीनों से केरोसिन तेल भी नहीं मिलने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों को राशन लाने के लिए लगभग 12 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। हाथी के आतंक से परेशान ग्रामीणों के लिए यहां वन विभाग द्वारा सोलर लाइट लगवाया गया था जो वर्षों से खराब पड़े हैं। न तो किसी ने मरम्मत किया न ही कोई उन्हें देखने गया। गांव में आंगनबाड़ी केंद्र तक नहीं है। यहां के बच्चे 3 किलोमीटर दूरी तय कर टाटी पंचायत के बरबेड़ा आंगनबाड़ी केंद्र जाते हैं।

### जिला आधार निगरानी समिति की हुई बैठक

## उपायुक्त ने जिला अंतर्गत क्रियाशील आधार केंद्र के संचालन की समीक्षा किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जिला अंतर्गत क्रियाशील आधार केंद्र के संचालन की समीक्षा किया। उन्होंने ने आधार केंद्र द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कार्यालय को सभी टैबलेट को एक्टिव करने का निर्देश दिया। ताकि आंगनबाड़ी केंद्र पर 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का शत प्रतिशत आधार बनाना सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही आईपीपीबी (इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक) के टैब द्वारा के छूटे हुए 0-5 आयु वर्ग के आधार कार्ड से वंचित सभी बच्चों का नया आधार कार्ड बनाने के लिए निर्देश दिया गया। उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा बीआरसी में कार्यरत कर्मियों को आधार कीट का उपयोग करते हुए स्कूल में अध्यनरत सभी बच्चों का शत प्रतिशत आधार पंजीकरण/अद्यतन एवं अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन कराने का निर्देश दिया। साथ ही बीएसएनएल द्वारा क्रियाशील आधार पंजीकरण केंद्र की संचालन बेहतर रूप से करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने जहां-जहां क्रियाशील नहीं है सभी को एक्टिव करने का निर्देश दिया।

## सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल, बिना लाइसेंस सड़कों पर वाहन दौड़ा रहे युवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटी से वापस घर आने के क्रम में हुदुबदा रोड जाने के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार के टक्कर से स्कूटी सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद बाइक सवार तेज रफ्तार से भाग निकला जबकि दोनों घायलों को परिजनों ने ऑटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलडेगा लेकर आए। घटना में घायल लड़की का एक पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। दोनों घायलों के प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया। घायलों की पहचान दिलीप तोपनो, पिता भादवा तोपनो, उम्र 20 वर्ष केलूगा भंडार टोली, मनीषा तोपनो, पिता स्व सिलब्रियूस तोपनो, उम्र 19 वर्ष केलूगा भंडार टोली के रूप में हुई है।

### बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने वालों पर हो कारवाई

जलडेगा में यातायात नियमों की खुली अवहेलना हो रही है। वाहन चालक पुलिस के सामने ही नियमों को ताक पर रख कर आवागमन कर रहे हैं। खासकर युवा वर्ग के वाहन चालकों द्वारा दोपहिया वाहनों की नंबर प्लेटों को बेतरतीब तरीकों से लगाए हुए आसानी से देखा जा सकता है। जबकि गाड़ियों की नंबर प्लेट परिवहन विभाग द्वारा तय मापदंड के आधार पर लगाने का नियम है।

## शांति, सेवा और भाईचारा का संदेश देता है क्रिसमस : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** फरसाबेड़ा स्थित बेलंकानी माता के तीर्थ स्थल में क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम के साथ मनाया गया। क्रिसमस को लेकर तीर्थ स्थल को रंग बिरंगे लाईटों से साज सज्जा की गई है। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने केक काटकर लोगों को क्रिसमस की बधाई दी। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि क्रिसमस प्रेम, शांति, सेवा और भाईचारा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि मिलने-जुलने से दूरियां मिटती है और परस्पर सद्भाव का माहौल बनता है। उन्होंने कहा कि विकास की सकारात्मक सोंच के आधार पर ही हम सामाजिक बराबरी के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस के मौके पर धर्म विश्वसियों से अपेक्षा है कि सच्चे मन से ईश्वर की आराधना करें। दुनिया में शांति, दया, सेवा, सुख, समृद्धि के साथ साथ अपने उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना करें। आपस मे प्रेम, शांति और भाईचारा का संबंध बनाने हुए सभी का सहयोग करने का संकल्प लें। कार्यक्रम में पल्ली पुरोहित फा क्लेमेंट कुल्लू,फा राजेश केरकेट्टा, फा डिकन सिमोन होरो, फा मारकुस, फा अमित, फा अनुज, जिप सदस्य जोसिमा खाखाजिप सदस्य अजय एक्का, सिलबेस्तर बाघवार, प्रतिमा कुजूर, विजय खेस, विजय एक्का, संजय तिर्की आदि उपस्थित थे। मौके पर विधायक का स्वागत भी किया गया।

### क्रिसमस के मौके पर दीन-दुखियों की सेवा करते हुए जरूरतमंद लोगों की करें मदद : जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि गरीबों, असहायों, दीन-दुखियों की सेवा करते हुए जरूरतमंद लोगों में वस्त्र, अनाजों का वितरण करें। उन्होंने कहा है कि क्रिसमस का त्योहार सद्भाव, प्रेम व आशा का प्रतीक है। क्रिसमस का यह बड़ा दिन प्रभु येसु मसीह के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। प्रभु यीसु मसीह का शांति, प्यार व दया का संदेश दुनिया भर के लोगों को एकता की राह दिखाता है।

## न्यूज बॉक्स

### विद्यालय पाकरबहार में पांच दिवसीय प्रीमियर लीग सीजन पांच क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बोलबा।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय पाकरबहार में पांच दिवसीय प्रीमियर लीग सीजन 5 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।पहला ओपनिंग मैच बोलबा और बगड़ेगा के बीच खेला गया जिसमे बोलबा की टीम ने जीत हासिल की। जिसका उद्घाटन मुखिया सुरजन बड़ाइक,बीडीओ, सीओ सुधांशु पाठक और थाना प्रभारी सोनू पाठक के द्वारा फीता काट कर किया गया। वही बीडीओ ने बॉलिंग करके और थानाप्रभारी ने बैटिंग करके शुरुवात की गई। आज के मैच में क्वाटर फाइनल सिमडेगा और बोलबा के बीच खेला गया जिसमे बोलबा की टीम बिजयी रही। सिमडेगा की टीम 10 ओवर में 82 रन ही बना पाई वही बोलबा की टीम विकेट रहते हुवे 9 ओवर में 83 रन बनाकर बिजयी रही। कल के मैच में टानगरगांव और अलिंगुर ,और एकमा और एसएफआई एंटरप्राइज के बीच मैच खेला जाएगा। इसके पूर्व में मुखिया सूरजन बड़ाइक जानकारी दी गई के बच्चो के मनोरंजन और शारीरिक विकास को लेकर क्रिकेट की शुरुवात की गई है।वही बीडीओ ने भी क्रिकेट को शारीरिक विकास के लिए हितकर बताया। उन्होंने इसे खेल की भावना से खेलने को कहा। एम्पायर की भूमिका पुनीत कुमार सिंह और निखिल कुमार ने की है। मौके पर लोकेंद्र सिंह,उपेंद्र सिंह,अरुण बड़ाइक,पंचायत राज पदाधिकारी राहुल बड़ाइक,राज सिंह वही मैच का अयोजन चंद्रशेखर सिंह शिक्षक के द्वारा किया जा रहा है। जिसका समापन 27 दिसंबर को किया जायेगा।

### सिमडेगा सोनार टोली के पास सड़क हादसे में व्यक्ति की दर्दनाक मौत



**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के सोनार टोली के पास बीते देर शाम सड़क हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान गरजा कॉलोनी निवासी कुंभकरण नायक के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार मामा जोधन नायक ने बताया कि कुंभकरण अपनी सास को कोलेबिरा छोड़ने गया था और लौट रहा था इसी दौरान सोनारटोली के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया । इधर सदर अस्पताल में सोमवार को मृतक कुंभकरण की शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया ।बताया गया कि कुंभकरण की दो पत्नी है जिनमें एक पत्नी की चार बच्चे एवं दूसरी पत्नी के तीन बच्चे हैं। इधर बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारी है, तो वहीं किसी ने मवेशी के साथ टकराने की बात कही, हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

### आग तापने के दौरान झुलसने से 5 वर्षीय मासूम बच्ची की हुई इलाज के दौरान मौत



**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र के बाघडेगा बैरबेड़ा गांव में सोमवार की सुबह आग तपने के दौरान आग से झुलस कर 5 वर्षीय प्रिंसी टेटे नामक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर इलाज के क्रम में प्रिंसी की मौत हो गई ।जानकारी देते हुए प्रिंसी के मामा नीरज टेटे ने बताया कि वह जब छोटी थी तभी उसकी मां उसे छोड़कर किसी अन्य प्रेमी के साथ फरार हो गई और उसके बाद पिता भी उसे छोड़कर चले गए तब से पिता बनाकर नीरज उसका लालन पालन कर रहे थे, इधर सोमवार की सुबह आग तपने के दौरान अचानक आग उसके कपड़े पर फैल गई और उसे बुझाने का प्रयास करने पर उसके मामा का हाथ भी झुलस गया। इधर मौत के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस सिमडेगा सदर अस्पताल में मृत बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए परिजनों को सौंप दिया।

### सदर अस्पताल में बाइक की चोरी मामले में आया नया मोड़

**सिमडेगा।** सदर थानान्तर्गत सदर अस्पताल परिसर में बजाज डिस्कबर मोटरसाईकिल JH-20-B9655 की चोरी हाने के संबंध में सिमडेगा थाना कांड सं0-164/24 शनिवार को दर्ज किया गया था। उपरोक्त कांड के अनुसंधान के क्रम यह बात प्रकाश में आई कि उपरोक्त मामला चोरी का नही अपितु गलती से वाहन ले जाने का था। अस्पताल से वाहन ले जाने वाले व्यक्ति के पास भी बजाज डिस्कबर मोटरसाईकिल थी और उनके द्वारा अपना बजाज डिस्कबर न ले जाकर दूसरे का बजाज डिस्कबर ले जाया गया। सदर अस्पताल से ले जाया गया वाहन को बरामद कर लिया गया है तथा पीड़ित प्रवीण कुमार को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है।

### सिमडेगा रोड में डीसी ने कैनरा बैंक के नए ब्रांच का किया उद्घाटन

**सिमडेगा।** सिमडेगा में रोड में सोमवार को दोपहर में उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा केनरा बैंक नमक नए बैंक का सिमडेगा शाखा का उद्घाटन किया। इस दौरान बैंक के महाप्रबंधक सुजीत कुमार साहू के द्वारा उपायुक्त सिमडेगा का साल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके अलावा परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की सिमडेगा सीओ एवं सहकारिता पदाधिकारी का भी स्वागत किया गया। मौके पर उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा किस तरह के बैंक खुलने से लोगों को उनके कार्यों के लिए सहूलियत होगी उन्होंने बैंक में आने वाले सभी प्रकार के ग्राहकों के साथ मधुर व्यवहार करने से संबंधित अपील की और साथ ही कहा कि बैंक में आने वाले किसी भी प्रकार के कोई भी ग्राहक हो उनके साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो तथा उन्हें हर प्रयास किया जाए कि सभी प्रकार की सुविधा मिल सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सीडी रेश्यो को मेंटेन रखें, जिससे कि अधिक से अधिक लोगों को इस बैंक पर विश्वास हो सके। इस दौरान स्वागत भाषण शाखा प्रबंधक राकेश कुमार के द्वारा किया गया वहीं मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक स्मिता मिश्रा ने कहा कि सिमडेगा जिले का यह चौथी शाखा है और आने वाला दिनों में प्रखंड स्तर पर भी यह बैंक खोला जाएगा ,जिससे कि यहां के लोगों को सुविधा मिल सके उन्होंने कहा कि झारखंड में 191 शाखा है। उन्होंने सभी लोगों को बैंक में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। महाप्रबंधक सुजीत कुमार साहू ने भी विस्तार पूर्वक बैंक में मिलने वाले सुविधा एवं ग्राहकों के लिए सरकार द्वारा चलाया जाए स्कीम सहित अन्य चीजों को जानकारी दी और उन्होंने कहा कि यह बैंक भारत सरकार के उपक्रम है और भारत में तीसरा सबसे बड़ा बैंक है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह ,सुरेश शर्मा ,रोहित शर्मा, सुनील कुमार ,चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मोती अग्रवाल, सुनीलाल प्रसाद ,हर्षित अग्रवाल, निशा देवी ,रमेश गोयल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### घर के बाहर खड़े तीन ट्रैक्टर से बैट्री की चोरी

**गावां गिरिडीह।** बीती रात्रि गावां प्रखंड के पिहरा पश्चिमी पंचायत के खेरड़ा गांव से तीन किसान के ट्रैक्टर से अज्ञात चोरों ने बॉक्स को तोड़कर बैटरी की चोरी कर ली। इस बाबत वाहन मालिक रामु महतो, सुरेश साव व सकलदेव प्रसाद यादव ने बताया कि उनका ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा था। लेकिन रविवार की रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा ट्रैक्टर में लगे बॉक्स का ताला तोड़कर उससे बैटरी की चोरी कर ली गई। वाहन मालिकों ने बताया कि इधर कुछ दिनों से चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है अज्ञात चोर आए दिन गांव तथा अगल-बगल में छोटी-बड़ी घटना को अंजाम दे रहे हैं। इधर थाना प्रभारी महेश चंद्र ने बताया कि ट्रैक्टर से बेट्री चोरी की कोई आवेदन नही आया। क्षेत्र में चोरी को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार गश्ती कर रहे है।

### मनरेगा जनसुनवाई का हुआ आयोजन लगाया गया जुर्माना

**गावां, गिरिडीह।** गावां प्रखंड के सेरुआ, अमतरो, बिरने, मंझने, मंझने, खरसान, बादीडीह, गावां व जमडार समेत सभी पंचायतों में मनरेगा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। जनसुनवाई में अंकेक्षण की टीम मौजूद रही। इस बीच नियुक्त ज्यूरी मेंबर ने कई योजनाओं में त्रुटि पाए जाने पर जुमार्ना लगाया। सेरुआ, अमतरो समेत कुछ पंचायतों में मनरेगा के तहत पूर्ण किए गए योजनाओं में शिलापट्ट, बोर्ड आदि लगा हुआ नहीं पाया गया। जिसे तत्काल लगाने का निर्देश दिया गया। कुछ पंचायतों में गाइडलाइन के अनुरूप कार्य नहीं पाया गया। जिसे तत्काल सुधार करते हुए पूरा करने का निर्देश दिया गया। मौके पर मुखिया गुरुसहाय रविदास, चंदन कुमार, मुन्नी देवी, रूपाश्री सिंह, कांग्रेस यादव, निरंजन सिंह समेत कई उपस्थित थे।

### जंगली हाथियों की झुंड ने एक व्यक्ति की ली जान

**डुमरी।** जंगली हाथियों की झुंड ने रविवार की देर रात्रि अतकी पंचायत के बेलाटांड़ ग्राम में एक व्यक्ति को पटक कर मार डाला वहीं घर के आसपास में लगे फसलों को नष्ट कर दिया जबकि घर के दीवार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।खबर पाकर सोमवार की सुबह पूर्व मंत्री बेबी देवी आजसू नेता छक्कन महतो भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो, राजकुमार पांडेय आदि गांव पहुंच शोकाकुल परिवार से मिल सांत्वना दी साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा जल्द दिलाने का भरोसा दिया।वन विभाग के कर्मी आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर हुए नुकसान एवं मृतक के आश्रित को मुआवजा देने की बात कही जबकि मधुबन पुलिस ने शव को जब्त कर थाना ले गयी और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए शव को गिरिडीह भेज दिया।

# शंख व बाशा नदी का संगम एक अद्भुत पिकनिक स्पॉट

## यहां प्राकृतिक सौंदर्य का होता है अद्वितीय अनुभव

सुंदरम केशरी

**चैनपुर।** चैनपुर और जारी के बॉर्डर पर स्थित शंख और बाशा नदी का संगम एक अनोखा पिकनिक स्पॉट है। यहां प्रकृति की गोद में बिताया गया समय हमेशा यादगार होता है। यह स्थल न केवल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है, बल्कि रोमांचकारी गतिविधियों का भी केंद्र है। यहां की प्राकृतिक छटा, घने जंगल और जल धारा पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। शंख और बाशा नदी का संगम एक ऐसा स्थान है, जहां हर दिशा में प्राकृतिक सौंदर्य बिखरा हुआ है। घने जंगल, तेज धारा वाली शंख नदी और विशाल चट्टानें इस स्थान की विशेषता है। यहां के बालू के टापू और शांत जल पर्यटकों को बैठकर प्रकृति का आनंद लेने का अवसर प्रदान करते हैं। विशेष रूप से, सुबह और शाम के समय यहां का दृश्य मनमोहक होता है, जब सूरज की किरणें जल पर पड़ती हैं और एक सुनहरा अक्स बनाती हैं।



### आगंतुक यहां की छटा का करते हैं फोटोग्राफी

यह स्थान केवल प्राकृतिक सौंदर्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां रोमांचकारी गतिविधियों का भी भंडार है। आगंतुकों को यहां जंगली हाथी भी देखने को मिलते हैं। एक से एक पक्षी भी देखने को मिलेगी। जंगल की सैर करना, ट्रैकिंग करना और फोटोग्राफी का आनंद लेना यहां का प्रमुख आकर्षण हैं। इसके अलावा, कई पर्यटक यहां पिकनिक मनाने के साथ-साथ कैम्पिंग का भी आनंद लेते हैं।

### चैनपुर से थोड़ी दूरी पर परमवीर अल्बर्ट एक्का का पैतृक गांव

चैनपुर से थोड़ी दूरी पर परमवीर अल्बर्ट एक्का का पैतृक गांव भी है, जहां पर्यटक जा सकते हैं। यह स्थान न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि यहां का सांस्कृतिक धरोहर भी देखने लायक है।

### शंख नदी की है तेज धारा

हालांकि, यहां की तेज धारा को देखते हुए सावधानी बरतना आवश्यक है। विशेष रूप से बच्चों और परिवार के सदस्यों का ध्यान रखना बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। पिकनिक के दौरान, यह सुनिश्चित करें कि सभी सदस्य सुरक्षित स्थान पर रहें और जल के निकट न जाएं। शंख नदी के समीप एक वॉच टावर भी बनाया गया है। शंख नदी के समीप एक वॉच टावर भी बनाया गया है, जहां से आप जंगल का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। यह टावर एक बेहतरीन स्थान है, जहां से पर्यटक पूरे क्षेत्र का नजारा ले सकते हैं। अगर आप एक अद्भुत पिकनिक का अनुभव करना चाहते हैं, तो शंख और बाशा नदी का संगम अवश्य दौरा करें।

# पीड़ित परिवार वाले से मिले विधायक व जेकेएलएम नेता



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**

ओडिशा में सड़क दुर्घटना में बिरनी प्रखंड के बराय गांव निवासी पवन कुमार मंडल की मौत की खबर ने पूरे गांव को शोकाकुल कर दिया है।प्रवासी मजदूर पवन अपने परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए ओडिशा में कार्यरत थे। 17 दिसंबर को हाइवा वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए पवन का अस्पताल में इलाज चल रहा था, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। सोमवार को उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, जहां अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय प्रतिनिधि एकत्र हुए। पवन मंडल की मृत्यु की खबर सुनकर बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। विधायक ने सरकार और संबंधित विभागों से मुआवजे की मांग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि परिवार को न्याय और मदद दिलाने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कंपनी के उच्च अधिकारियों और श्रम विभाग से बातचीत कर पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक सहायता और मुआवजे की प्रक्रिया तेज करने का आग्रह किया। विधायक ने कहा, यह घटना बेहद दुखद है।


कार्यालय,
जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़
New Collectorate Building Ground Floor, Block-c,
Chhatarmandu, Ramgarh. Pin-825101.
Phone No. – 06553-291183 G-Mail = dahoahyram@gmail.com

आम सूचना

रामगढ़ जिले के सभी लोगों से अनुरोध है कि दिनांक–20.12.2024 से 21वीं पशुधन गणना शुरू की गई है। जिसके अंतर्गत प्रगणक सभी प्रखण्ड़ एवं नगर परिषद में प्रत्येक घर जाकर पशुधन संबंधी जैसे गाय, भैंस, सुकर, बकरी, भेंड़ मुर्गी बतख, आदि अन्य सभी पशु–पक्षी का ड़ाटा संग्रह करेंगें। राष्ट्रीय पशुधन गणना प्रत्येक पाँच साल पर होती है। इससे पहले वर्ष 2019 में 20वीं पशुधन गणना हुई थी। पशु गणना राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर पशुधन संबंधी योजना बनाने में सहायक होती है, जो कि किसानों के आय में वृद्धि एवं देश के उन्नति में सहायक होंगी।

अतः रामगढ़ जिले के सभी लोगो से अनुरोध है कि उक्त कार्य को सफल बनाने हेतु सहयोग अपेक्षित है।

निवेदक,
ह०/– ह०/–
जिला नोड़ल पदाधिकारी, रामगढ़ — जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़

PR.NO.342715 Animal Husbandry(24-25):D


# पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में सोमवार को लोक मीडिया पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एमएएमसी तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने लोक नृत्य, लोक संगीत, कठपुतली नाच, समारोह, मेला, लोक कथा, पारंपरिक चित्रकारी से संबंधित पोस्टर का निर्माण किया। मुख्य रूप से विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र आर्यन, शिक्षक डॉ. विकास चन्द्र एवं हर्षित कच्छप मौजूद रहें। मौके पर डॉ जितेंद्र आर्यन ने छात्रों को संबोधित करते हुए लोक मीडिया के महत्व को बताया। वहीं कहा कि विभाग में हमेशा इस प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिससे छात्रों में शैक्षणिक विकास होता हैं।उन्होंने उपस्थित सभी छात्रों को अपनी शुभकामनाएं भी दी। प्रतियोगिता में प्रथम विजय कुमार महतो,द्वितीय ईशा कुमारी एवं तृतीय शिवानी सिंह हुये।वहीं अन्य छात्रों में मो. वसीम,दुलाल रजवार,सिमरन सिंह सहित अन्य इस प्रतियोगिता में उपस्थित हुए।

# बगोदर में 4 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

बगोदर गिरिडीह। बगोदर में मानवता शर्मशार कर देने वाली घटना सामने आया है। मामला बगोदर के एक गांव की घटना है। जहां एक नाबालिग लड़का ने चार साल बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना का अंजाम दिया है। घटना के बाद परिजनों ने बच्ची को ईलाज के लिए किसी निजी अस्पताल ले गए। जिसके बाद उसे बेहतर ईलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं इस मामले में बगोदर सरिया एसडीपीओ धनंजय कुमार राम ने सोमवार की दोपहर दो बजे बताया कि बगोदर थाना क्षेत्र दुष्कर्म की घटना हुई। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुई आरोपी को बगोदर बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया है।इस मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने घटना को बेहद शर्मनाक बताया। उन्होनें कहा कि आरोपी के सख्त कार्रवाई हो।

उपायुक्त ने अभियंताओं के साथ की समीक्षा बैठक

# अविलंब कार्य प्रारंभ करते हुए राशि व्यय सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मास्य पालन सहकारिता विभाग, समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला एवं कृषि विभाग अंतर्गत एफपीओ को सहायता अनुदान एग्री क्लीनिक की स्थापना से संबंधित बैठक का आयोजन किया। बैठक में उपायुक्त ने कृषक पाठशाला योजना के तहत विस्तृत कार्य योजना का अनुमोदन की समीक्षा की, जिसमें उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि लघु सिंचाई प्रमंडल के अभियंता के द्वारा अविलंब कार्य प्रारंभ करते हुए राशि व्यय सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही एफपीओ को सहायता अनुदान प्रदान करने की योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की सर्वप्रथम एलडीएम एवं डीडीएम नाबार्ड के माध्यम से सत्यापित करते हुए अगली बैठक में रखने का निर्देश दिया। तथा एग्री क्लीनिक योजना के तहत एग्री क्लीनिक संचालन के लिए संस्थाओं का चयन किया गया था। जिसका उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त के माध्यम से मूल्यांकन करते हुए पुनः अगली बैठक में रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को बीज वितरण कार्य को शत प्रतिशत करने की बात कहीं तथा उपायुक्त द्वारा 15 दिसंबर से संचालित धान अधिप्राप्ति से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। जिस पर जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि 11364 कृषकों का निबंधन किया गया है। 15 दिसंबर से अब तक 101 किसान द्वारा 5246.31 क्विंटल धान लैंम्पस को दिया गया है। जिसके आलोक में शत प्रतिशत किसानों के बैंक खाते में प्रथम किस्त की कुल 586592.00 राशि का भुगतान किया गया। उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति योजना में अधिक से अधिक नये किसानों का रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया।



# 11 हजार बिजली पोल से लटक कर युवक ने दी अपनी जान

**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय थाना क्षेत्र के ईरचिट्ठा गांव स्थित मैदान में सोमवार को करीब एक बजे एक युवक ग्यारह हजार बिजली पोल में लटककर अपनी जान दे दी। स्थानीय ग्रामीणों ने गांडेय थाने में घटना की सूचना दी। सूचना पा कर स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर गिरिडीह सदर अस्पताल पोस्टमडम के लिए भेज दिया गया। मृतक युवक की पहचान बेगाबाद थाना क्षेत्र के पेसरा टांड़ के निवासी छोटे लाल मरांडी के पुत्र अनिल मरांडी के रूप में की गई है। मृतक अपनी पत्नी अनीता के साथ रविवार को गांडेय थाना क्षेत्र के मंडरडीह के मनु किस्कू मामा के घर आए थे। मृतक युवक की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। परिजनों की घटना की जानकारी मिलने पर रो रोकर बुरा हाल है ।


Annexure 1

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/RAMGARH F2 - 17/2024-25

दिनांक–23.12.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | DMFT न्यास परिषद् एवं DMFT प्रबंधकीय समिति से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 3 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 26.12.2024 2:00 बजे अपराह्न |
| 4 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.01.2025 5:00 बजे अपराह्न |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.01.2025 2:00 बजे अपराह्न |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0/ई–मेल | कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।<br>मो0–8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |

| क्र० | प्रखण्ड | ग्राम/पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गोला | मगनपुर | पंचायत–मगनपुर, ग्राम–जागी में सिदवायर कोची से लेकर बुड़गोड़ता रोड़ तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 62,27,600.00 | 10,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | गोला | सरला कलां | ग्राम–सरला कलां से टोला जारा पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 75,91,400.00 | 10,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | गोला | नावाडीह | ग्राम नावाडीह (चोकरबेड़ा) में गांव देवती से घसीयानाला तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 88,54,300.00 | 10,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 4 | गोला | गोला | ग्राम–गोला, बजरंगबली मंदिर से लेकर राजमहल नायक के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 24,97,900.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 5 | माण्डू | किमा | किमो पंचायत के चोय बस्ती मयुरनचवा मोड तक 6 KM लगभग पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 98,79,300.00 | 10,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 6 | माण्डू | किमा | किमो से चठनीया तक पी०सी०सी० पथ निर्माण 5 KM. (Part- 1) | 79,14,100.00 | 10,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 7 | माण्डू | ओरला | ओरला पंचायत के ग्राम जोबला में मुख्य पथ से प्रदीप सोरेन के घर तक लगभग 1300 फीट पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 29,36,100.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 8 | माण्डू | हेसागढ़ा | ग्राम पंचायत हेसागढ़ा के ग्राम केरीबन्दा में बंशी मांझी के घर से छापर टोला दिनेश मांझी के घर तक लगभग 1500 फीट पी०सी०सी० पथ एवं सुनिलाल हेम्ब्रोम के घर से बाबुराम मांझी के घर तक लगभग 1000 फीट पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 43,88,900.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 9 | माण्डू | नावाडीह | नावाडीह पंचायत के ग्राम जमुनदाहा में कालीकरण रोड से आनन्द किस्कू के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 99,21,400.00 | 10,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 10 | माण्डू | पिण्डरा | ग्राम पिण्डरा के बसबनवा टोला में शिवलाल मांझी के घर से लेकर सरकारी कूप तक नाली का निर्माण। | 24,86,000.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 11 | पतरातू | भुरकुण्डा | विनय कुमार के घर से लेकर जोगेन्द्र करमाली के घर होते हुए चरकु रविदास के घर के आगे तक पी०सी०सी० सडक का निर्माण करवाना। लगभग 400 मिटर। | 29,90,700.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 12 | पतरातू | चोरधरा | चोरधरा तुरी टोला मेन रोड से कनकनी नाला के पुलिया तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 46,52,100.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 13 | पतरातू | जवाहर नगर | ग्राम जवाहर नगर बिरसा चौक से एला एंगलाईज स्कूल तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 40,92,800.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 14 | पतरातू | चोरधरा | जुबली मोड़ से लेकर बिरसा नगर दुन्दुआ हनुमान मंदिर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 80,19,400.00 | 10,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 15 | पतरातू | हरिहरपुर | पंचायत हरिहरपुर मंझलीटांड़ में मेन रोड से श्री राजेन्द्र महतो के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 28,19,900.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 16 | पतरातू | सौन्दा बस्ती | महादेव मंदिर सौन्दा बस्ती पंचायत से मो० आलम के घर तक पंचायत जयनगर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 43,10,000.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 17 | पतरातू | पीरी | ग्राम पीरी डीकेबी ईट भट्ठा से छठ घाट तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 31,58,400.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 18 | पतरातू | चिकोर | ग्राम चिकोर पंचायत भवन से कब्रिस्तान तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 37,35,200.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 19 | पतरातू | भुरकुण्डा | योगेन्द्र पाठक के घर से लेकर न्यू बैरक चौक तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य लगभग 200 मिटर। | 22,89,200.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 20 | पतरातू | पटेल नगर | पटेल नगर पंचायत में करमाली टोला बिरसा चौक से करमाली टोला बस्ती तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 20,15,900.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 21 | पतरातू | किरीगढ़ा | ग्राम किरीगढ़ा मुख्य चौक से रेलवे फाटक तक 01 किमी पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 17,34,100.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 22 | पतरातू | चिकोर | ग्राम चिकोर अपेश्वर सिंह के नीम पेड़ से गॉवा देता तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 13,81,300.00 | 2,500.00 | 03 (तीन) माह |
| 23 | रामगढ़ | बारलौंग | बारलौंग चौक से प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र बारलौंग तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 32,41,100.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 24 | चितरपुर | चितरपुर पूर्वी | प्रखण्ड NH-23 चितरपुर पूर्वी में बेपरिया पोड़ा होते हुए REO रोड कालीकरण तक एवं कोची नाला तक पी०सी०सी० पथ एवं गार्डवाल निर्माण। | 93,98,300.00 | 10,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 25 | चितरपुर | बोरोबिंग | बोरोबिंग, ग्राम–मुरूबन्दा शिव मंदिर पुल से लेकर नायक टोला तक पी०सी०सी० पथ एवं गार्डवाल निर्माण। | 7,52,800.00 | 1,250.00 | 03 (तीन) माह |
| 26 | दुलमी | मदगी | ग्राम मदगी के वासुदेव होटल से प्राथमिक विद्यालय मदगी तक गार्डवाल निर्माण। | 99,03,500.00 | 10,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 27 | दुलमी | सिरू | बुधबाजार सिरू पंचायत सचिवालय में पेभर ब्लॉक का निर्माण। | 23,31,100.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 28 | दुलमी | कोरचे | Construction of Boundary Wall at Utkramit High School, Korche, Usra, Dulmi. | 27,55,600.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |

नोट– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 342701 Minor Irrigation(24-25).D


गौशाला में पिकनिक और सेवा का दिखा संगम

# हजारीबाग यूथ विंग ने गौशाला में मनाया पिकनिक, कर्मचारियों को किया सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग यूथ विंग ने सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर समाजसेवा और आपसी सामंजस्य का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। शहर से करीब 7 किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरा पल समिति द्वारा संचालित गौशाला परिसर में आयोजित इस पिकनिक के दौरान संस्था के सदस्यों ने न केवल उत्साहपूर्वक पिकनिक का आनंद लिया, बल्कि गौशाला के कर्मचारियों को तिलकुट और कंबल भेंट कर उनका सम्मान भी किया। कार्यक्रम की शुरूआत उत्साहपूर्ण माहौल में हुई, जहां सभी सदस्य पारंपरिक लिट्टी-चोखा बनाने में जुटे। स्वयं के द्वारा बनाए गए इस व्यंजन का आनंद लेते हुए सदस्यों ने सामूहिकता और भाईचारे का संदेश दिया। गौशाला कर्मचारियों को तिलकुट और कंबल वितरण का उद्देश्य उनके कार्यों की सराहना करना और सर्दी के मौसम में उनकी सहायता करना था। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की कर्मचारियों का योगदान अमूल्य है। उनके लिए कुछ करना हमारा कर्तव्य है साथ ही कहा की यह आयोजन केवल आनंद के लिए नहीं था, बल्कि समाजसेवा और सामूहिकता के हमारे मूल्यों को सुदृढ़ करने का एक प्रयास था। गौशाला कर्मचारियों की सेवा और समर्पण के प्रति हमारा यह छोटा सा योगदान उनके प्रति आभार व्यक्त करने का एक माध्यम है। ऐसे कार्यक्रमों से हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा मिलती है, और हम इसे भविष्य में भी जारी रखेंगे। इस अवसर पर संस्था के सभी पदाधिकारी और सदस्यगण उपस्थित रहे। उन्होंने इसे समाजसेवा और आपसी सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों ने इस प्रकार की पहल को भविष्य में भी जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। हजारीबाग यूथ विंग ने यह संदेश दिया कि खुशी बांटने से ही बढ़ती है, और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का यह सबसे सुंदर तरीका है। पिकनिक का संचालन कुशलतापूर्वक करते हुए प्रभारी के रूप में उपाध्यक्ष विकास केसरी एवं जयप्रकाश खंडेलवाल को नियुक्त किया गया था।



महिला का फंदे से झूलता मिला शव

# मृतिका की मां ने दहेज हत्या का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

तिसरी थाना इलाके के गड़कुरा पंचायत के भूराई में एक महिला का शव फंदे से झूलता मिला है. मृतका अमरजीत शर्मा की पत्नी 30 वर्षीय सुलेखा देवी थी. घटना की जानकारी पर तिसरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया.घटना को लेकर मृतका की मां सोनिया देवी ने दहेज की खातिर अपनी बेटी की हत्या का आरोप दामाद अमरजीत शर्मा, सास समेत अन्य ससुरालवालों पर लगाया है. इस संबंध में मृतका की मां ने तिसरी थाना में लिखित आवेदन दिया है. आवेदन में मां सोनिया देवी ने बताया कि 12 वर्ष पूर्व उन्होंने अपनी बेटी सुलेखा की शादी अमरजीत शर्मा के साथ की थी. शादी के बाद उसे दो बच्चे भी हुए. इस दौरान लगातार उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाता था. इस दौरान दहेज की भी मांग की जाती थी. इधर घटना को लेकर मृतका की सास सुमित्रा देवी का कहना है कि मृतका ने लोन ले रखा था. इस दौरान फाइनेंस कंपनी के लोग तगादा में आए थे. जिस कारण प्रताड़ित होकर उसने आत्महत्या कर लिया. इस दौरान वह घर पर नहीं थी. वहीं पंचायत के मुखिया इब्राहिम अंसारी ने कहा कि लोन के कारण ही घटना हुई है.

> मानसिक दैनंदिनी रखना अच्छी बात है। रात में सोने से पहले थोड़ी देर के लिये बैठो और उस दिन पर पुनर्विचार करो। देखो कि तुम क्या बनते जा रहे हो। क्या तुम अपने जीवन के प्रवाह से प्रसन्न हो? यदि नहीं, तो इसे बदल डालो। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, 'परमहंस योगानन्द के वचनामृत'

## संपादकीय

# अर्थव्यवस्था संतुलन और रिजर्व बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लगातार ग्यारहवीं बार रेपो दर को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा जाना, धीमी होती आर्थिक वृद्धि और लगातार मुद्रास्फीति के दबाव के बीच सतर्कता का संकेत है। रेपो दर को 6.5 फीसदी बनाए रखने का फैसला रिजर्व बैंक के विकास को बढ़ावा देने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के दोहरे उद्देश्य को रेखांकित करता है। अक्तूबर में मुद्रास्फीति की दर 6.2 फीसदी थी, जो छह फीसदी की ऊपरी सहनीय सीमा से अधिक थी।रिजर्व बैंक व्यापक रूप से उधार लेने की लागत को कम करने में हिचकिचा रहा है। दरों को स्थिर रखने के निर्णय के बावजूद रिजर्व बैंक ने आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बैंकिंग प्रणाली में तरलता बढ़ाने के लिए वैधानिक तरलता अनुपात (सीआरआर) में 50 आधार अंकों की कटौती की है। इसे 4.5 फीसदी से घटाकर चार फीसदी करने के निर्णय से बैंकिंग प्रणाली में 1.16 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त तरलता आएगी और बैंकों की सकल आय में प्रति वर्ष लगभग 8,000 करोड़ रुपये की वृद्धि होगी। रिजर्व बैंक का नजरिया संतुलन दशार्ता है। रिजर्व बैंक आर्थिक मंदी के जोखिमों से निपटते हुए मुद्रास्फीति को दो से छह फीसदी के भीतर रखने को प्राथमिकता में रख रहा है। यह फैसला वैश्विक मौद्रिक रुझानों के अनुरूप है, जहां विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अस्थिर वैश्विक स्थितियों और अगले वर्ष राष्ट्रपति ट्रंप की कार्रवाइयों के कथित जोखिमों के प्रति सतर्क हो रहे हैं। हालांकि, आलोचकों का तर्क है कि यह दर में कटौती के माध्यम से विकास को प्रोत्साहित करने का एक खोया हुआ अवसर हो सकता है, क्योंकि भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2024 की तीसरी तिमाही में 5.4 फीसदी है, जो सात तिमाहियों का निचला स्तर है। एक लोकप्रिय वित्तीय एजेंसी द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में 50 में से मात्र सात अर्थशास्त्रियों ने इस बार दरों में कटौती की घोषणा की थी। यह देखते हुए रिजर्व बैंक के पास मूल्य स्थिरता और मुद्रास्फीति नियंत्रण के लिए गुंजाइश है, जैसा कि इसके घोषित जनादेश में कहा गया है, और लगातार दो महीनों से उपभोक्ता मुद्रास्फीति छह फीसदी की सीमाओं के पार है, ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि रिजर्व बैंक इस बार दरों में कटौती नहीं करेगा। इसके अलावा, डोनाल्ड ट्रंप की जीत ने डॉलर के मजबूत होने, वैश्विक मुद्राओं के कमजोर होने, अमेरिकी सरकार के बॉन्ड्स की पैदावार में उच्च वृद्धि के लिए मंच तैयार किया है। कर कटौती, कम विनियमन, उच्च टैरिफ और समग्र संरक्षणवाद की ट्रंप की अपेक्षित नीति के कारण उभरते बाजारों से धन का प्रवाह अमेरिकी बाजारों में हो रहा है। आरबीआई के सामने यह मुश्किल चुनौती थी कि वह मुद्रास्फीति को नियंत्रित करे और अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन दे, जो स्पष्ट रूप से धीमी पड़ रही है और साथ ही यह सुनिश्चित करे कि भारतीय रुपये पर बहुत अधिक दबाव न पड़े। भारतीय रुपये में व्यवस्थित अवमूल्यन आरबीआई का अघोषित लक्ष्य है। लोकसभा चुनाव के कारण, मार्च से जून की अवधि में केंद्र सरकार के बुनियादी ढांचे के खर्च और नई परियोजनाओं को मंजूरी देने में कटौती की गई थी। जुलाई 2024 में केंद्रीय बजट पारित होने के बाद भी केंद्र सरकार का खर्च कम रहा है और बजटीय अनुमान से नीचे रहा है। केंद्रीय खर्च में यह धीमी वृद्धि, उच्च मुद्रास्फीति, कोई कर रियायत नहीं और डेढ़ साल से अधिक समय तक उच्च ब्याज दरें जारी रहने से निजी खपत में गिरावट आई है। उपभोक्ता मांग में इस गिरावट के कारण वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के परिणामों में कॉरपोरेट आय में धीमी वृद्धि हुई।

## आज की बात

# उपभोक्ता के बढ़ते शोषण पर अंकुश जरूरी

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और यह आजादी की शताब्दी वर्ष 2047 तक उच्च मध्य आय के दर्जे तक पहुंचने की आकांक्षा के साथ विश्व बाजार बनने के पथ पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। देश यह भी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारतीय बाजार एक ऐसी आदर्श बाजार व्यवस्था को स्थापित करें जिसमें उपभोक्ताओं की ठगी की बढ़ती घटनाएं पर पूर्णतः नियंत्रण हो। इसके लिये उपभोक्ता में उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधित जागरूकता को बढ़ाने, जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल, ठगी इत्यादि संकटों से उपभोक्ता को मुक्ति दिलाने एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के बारे में लोगों को जानकारी देकर उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से भारत में 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में उपभोक्ता का मतलब ही ठगी का शिकार हो गया है। देश का प्रत्येक आदमी कहीं न कहीं अक्सर ठगा जा रहा है। आनलाइन बाजार व्यवस्था एवं ई-बाजारवाद में ठगी की घटनाएं एक बड़ी समस्या एवं चुनौती बन गयी है। सरकार ने उपभोक्ता के अधिकारों के संरक्षण के लिए कानून भी बनाया है। उन्हें जगाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। फिर भी उपभोक्ता सोये हैं, जबकि मुनाफे के लिए छल के नए-नए तरीके आजमाए जा रहे हैं, क्योंकि दो तिहाई से ज्यादा आबादी अपने ही अधिकारों के प्रति सतर्क नहीं है।


ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए इसी दिन 24 दिसंबर, 1986 को भारत सरकार ने ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इस अधिनियम एवं बाद में किये गये संशोधनों का उद्देश्य उपभोक्ताओं का दोषपूर्ण वस्तुओं, लापरवाह सेवाओं एवं अनुचित व्यापार प्रथाओं से संरक्षण करना है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के छह मौलिक अधिकार सुरक्षा का अधिकार, चुनने का अधिकार, सूचित किये जाने का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, निवारण पाने का अधिकार एवं उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार हैं। यह दिन भारतीय ग्राहक आन्दोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। उपभोक्ता संरक्षण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य यह है की किसी भी शासकीय पक्ष ने इस विधेयक को तैयार नहीं किया बल्कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने प्रथमतः इस विधेयक का मसौदा तैयार किया। हम में से हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है। कोई व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिये सामान




खरीदता है, वह उपभोक्ता है। उपभोक्ता क्योंकि संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। बहुत कम उपभोक्ता जानते होंगे कि उनके क्या अधिकार हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है और इसके साथ ही अगर वह धोकाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली, ठगी आदि का शिकार होते हैं तो वह इसकी शिकायत कर सकें। इस कानून में जीवन एवं संपत्ति के लिए हानिकारक सामान और सेवाओं की बिक्री के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार दिया गया है, खरीदी गई वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो, उसके बारे में जानकारी का अधिकार एवं इसके लिए आवाज उठाने का अधिकार है।

बढ़ते बाजारवाद एवं उदारीकरण के इस दौर में जैसे ही हम अपनी जरूरत की कोई चीज या सेवा लेते हैं, तभी उपभोक्ता का ठप्पा हमारे ऊपर लग जाता है। कायदे से किसी चीज या सेवा के एवज में चुकाई जाने वाली कीमत में किसी भी तरह की घोखाधड़ी एवं ठगी नहीं होना चाहिए, लेकिन अक्सर उपभोक्ता ठगे जाते हैं। खराब गुणवत्ता की चीजें और सेवा प्रदाता से अपने अधिकारों के हक की लड़ाई ही जागरूक उपभोक्ता की पहचान है। उपभोक्ता दिवस मनाते हुए हम केवल उपभोक्ता अधिकारों की ही बात नहीं करते बल्कि उपभोक्ता की उन्नत एवं सम्यक सोच को भी विकसित करते हैं। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये उपभोक्ता जागृति जरूरी है। आज का उपभोक्तावादी दृष्टिकोण एक प्रकार का सम्मोहन बन गया है, हिस्टीरिया की बीमारी बन गया है। सम्मोहन करने वाला जैसा नचायेगा, उपभोक्ता वैसा ही नाचेगा, फिर उपभोक्ता संरक्षण कैसे संभव होगी? यह तभी संभव है जब हमारा उपभोग के प्रति सम्यक दृष्टिकोण होगा। नया उपभोक्तावाद एक प्रकार से नई हिंसा का उपक्रम है। हिंसा, प्रतिस्पर्धा, सत्ता की दौड़ एवं आर्थिक साम्राज्य को इससे नया क्रूर आकार मिला है। क्योंकि उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ ने व्यक्ति को संग्रह, सुविधा, सुख, भोग-विलास एवं स्वार्थ से जोड़ दिया है। स्वार्थों के संघर्ष में अन्याय, शोषण एवं अनैतिकता होने लगी। आज की उपभोक्तावादी एवं सुविधावादी जीवन-धारा में जैसे-जैसे भोगवाद बढ़ता जारहा है, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, प्रकृति दोहन, आतंकवाद, युद्ध, संघर्ष की स्थितियों बढ़ती जा रही है। समाज, राष्ट्र एवं विश्व में व्याप्त प्रदर्शन, दिखावा एवं फिजुलखर्ची पर नियंत्रण जरूरी है।

सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है, उनके हितों का संरक्षण भी किया जा रहा है, इसी की निष्पत्ति है 'जागो ग्राहक जागो' जैसे अभियान। उपभोक्ता अधिकारों पर काम करने वाली एनजीओ कट्स (सीयूटीएस) इंटरनेशनल ने समय-समय पर सर्वे के माध्यम से पता लगाया है कि कितने उपभोक्ता ठगे जाते है और कितने उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सचेत है। उपभोक्ता मंत्रालय के व्यापक जागरूकता अभियान के बावजूद गलत उत्पाद बेचकर मुनाफा कमाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी ठगी के शिकार 90 प्रतिशत लोगों ने तो कभी शिकायत ही नहीं की है। चार से पांच प्रतिशत उपभोक्ता ही कंपनी या उत्पाद निमार्ता के पास अपनी शिकायत दर्ज कराते हैं। हालांकि हाल के वर्षों में आनलाइन खरीद और साइबर क्राइम में वृद्धि के चलते लोगों में अपने आप जागरूकता बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र के लोग कुछ ज्यादा जागरूक हुए हैं, जबकि गांवों के लोग अभी भी अनजान हैं। गांवों के लोग यह भी नहीं जानते कि खरीदारी से पहले आईएसआई, आईएसओ एवं एगमार्क जैसे गुणवत्ता प्रमाणन की छानबीन करनी चाहिए। इंटरनेशनल कंज्यूमर पालिसी एक्सपर्ट प्रो. बीजान मिश्रा का कहना है कि अगर किसी से प्रेरित होकर कोई व्यक्ति उचित फोरम में चला भी गया तो गारंटी नहीं कि उसे समाधान मिल ही जाए। शिकायत दर्ज कराने वाले केवल 18 से 20 प्रतिशत उपभोक्ताओं को ही संतोषजनक समाधान मिलता है। बाकी को या तो समाधान नहीं मिला या कार्रवाई से संतुष्टि नहीं मिली। हालांकि सुखद संकेत है कि कई मामलों में त्वरित समाधान मिलने से उपभोक्ता निवारण तंत्र पर भरोसा धीरे-धीरे बढ़ रहा है। ई-प्लेटफार्म पर भरोसा नहीं होने पर भी खरीदारी बढ़ रही है। एक सर्वे में बात आई है कि शहरों में 56 प्रतिशत उपभोक्ता आनलाइन खरीद करने लगे हैं। हालांकि अलग बात है कि उन्हें आनलाइन खरीदे गए उत्पादों की गुणवत्ता पर भरोसा फिर भी नहीं होता।

आज की बाजार शक्तियां उपभोक्ताओं का शोषण करती है। इन्हीं उपभोक्तावादी एवं बाजार शक्तियों के कारण जीवन में सुख का अभिप्राय केवल भोग और उपभोग को माना जाने लगा हैं। ऐसे में झूठी शानो-शौकत के दिखावे के चक्कर में उपभोक्ता अविवेकशील होकर अनावश्यक चीजों को भी थैले में भरकर घर ला रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## राजनीति की बात

# अटल बिहारी वाजपेयी एक अजातशत्रु

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सही मायने में अजातशत्रु थे। उनसे जो कोई एक बार मिल लेता, उसे वे अपना बना लेते थे। आज अगर वे जीवित होते तो सौ साल के होते। 25 दिसंबर,1924 को ग्वालियर में जन्मे वाजपेयी जी ने 16 अगस्त,2018 को दिल्ली में अपनी अंतिम सांस ली। 93 साल के जीवन में वे 65 साल पूरी तरह से राजनीति में सक्रिय रहे। उन्होंने अलग तरह की राजनीति की। दिल्ली ही नहीं देश के अनेक हिस्सों में सैकड़ों लोग ऐसे मिल जाएंगे जो अटल जी से जुड़े किस्से सुनाने लगेंगे। अपने निधन से सालों पहले वे बीमार होने के चलते राजनीति से दूर हो गए थे, बावजूद इसके उनके सरकारी आवास पर उनसे मिलने वालों का तांता लगा रहता था। यह जानकर लोगों को ताजुब्ब होगा कि प्रधानमंत्री रहते हुए उनसे जो नेता सबसे ज्यादा मिलने जाते थे, उनमें एक नाम उनके भारी राजनीतिक विरोधी भाकपा महासचिव इन्द्रजीत गुप्त का था। उनके मित्रों की सूची में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला का नाम प्रमुख था। देश में कांग्रेस की सरकार थी और देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए विपक्ष के नेता रहे अटल जी की अगुवाई में तब के विदेशमंत्री संयुक्त राष्ट्र गए थे। उन्हें देखकर पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के पसीने छूट गए थे। 1999 के लोकसभा चुनाव में अटल जी लखनऊ और गुजरात के गांधीनगर से चुनाव लड़ रहे थे। लखनऊ में उनके सामने समाजवादी पार्टी ने फिल्म अभिनेता राज बब्बर को चुनाव लड़वाया। एक व्यवसायी जो एक मीडिया घराना भी चलाते थे, अटल जी को हराने के लिए हर प्रयास कर रहे थे। चुनाव में अटल जी की भारी जीत हुई। वे प्रधानमंत्री बने। कोई और होता तो उस व्यवसायी को परेशान करता। प्रधानमंत्री बनने के बाद अटल जी ने उनको समय देकर उनसे मुलाकात की। उसी मीडिया संस्थान के एक पत्रकार उनके साथ गांधीनगर गए हुए थे। गुजरात के तब के मुख्यमंत्री सुरेश मेहता ने अटल जी को खुश करने के लिए उस व्यवसायी के खिलाफ खिलाफ मुकदमा कायम करवाया था। अटल जी की चिंता उनके साथ गए उस मीडिया घराने के पत्रकार के नौकरी की थी। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी साथ गए दूसरे वरिष्ठ पत्रकार को दी। दिल्ली के अपने मित्र कांग्रेस नेता जग प्रवेश चन्द्र के अनुरोध पर उन्होंने एक विधायक की सदस्यता बचाई। अपनी विचारधारा के प्रति वे समर्पित थे। 1996 में उनकी सरकार केवल 13 दिन में चली गई। 27 मई,1996 को संसद में उन्होंने कहा कि सरकार बचाने के लिए वे विचारधारा से समझौता नहीं कर सकते। 1998 में वापस उनकी सरकार बनी जो 13 महीने चली और 1999 में बनी सरकार ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने 24 दलों के साथ मिलकर ऐतिहासिक सरकार चलाई और रिकार्ड काम किए।


मनोज कुमार मिश्र

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# भारत , वीटो और भारत की चेतावनी

भारत के पास वीटो पावर नहीं है फिर भी भारत अब पहले वाला भारत नहीं है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर 'वीटो' लगाने की अनुमति नहीं देगा और वह किसी डर की परवाह किए बिना राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा वह करेगा। एस जयशंकर ने भले ही किसी का नाम न लिया हो, लेकिन उनका इशारा सीधे तौर पर चीन की ओर था। दरअसल, यूएन में चीन भारत से जुड़े प्रस्ताव वर वीटो का इस्तेमाल कर अड़ंगा लगाता रहा है। सबसे पहले तो ये जान लीजिये कि ये वीटो पावर है क्या बला? दरअसल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य देशो को मिला हुआ विशेषाधिकार ही वीटो पॉवर कहलाता हैं। जिन देशों के पास यह विशेषाधिकार होता हैं वो परिषद् में प्रस्तावित किसी भी प्रस्ताव को रोक सकते हैं या उसे नकार सकते हैं, भले ही उसके पक्ष में कितने भी वोट पड़े हों। किसी प्रस्ताव को पारित करने के लिए परिषद् के सारे स्थायी सदस्यों का वोट और 4 अस्थाई सदस्यों का वोट मिलना जरूरी होता हैं। सुरक्षा परिषद् के पाँच स्थायी सदस्य जिन्हें वीटो पॉवर प्राप्त हैं उनमें महाबली अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन शामिल है। भारत को अभी तक ये विशेषाधिकार नहीं मिला है। भारत की विदेश नीति में इस समय स्पष्टता का अभाव है। भारत कभी अमेरिका के साथ खड़ा दिखाई देता है तो कभी रूस के साथ। भारत ने अपने पारंरिक विरोधी चीन के साथ भी रिश्ते सुधरने के प्रयास भी किये हैं लेकिन उसे हमेशा खतरा बना रहता है की यदि संयुक्त राष्ट्र में भारत के खिलाफ कोई मामला गया तो चीन उस पर अपने वीटो का इस्तेमाल कर सकता है। भारत के खिलाफ अभी हालाँकि कोई प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में नहीं है लेकिन ऐसे तमाम मामले हैं जो वहां उठाये जा सकते हैं, इसीलिए शायद विदेशमंत्री जयशंकर ने अपनी और से कहा कि स्वतंत्रता को कभी भी तटस्थता के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। हम 'संगत' होने के किसी डर की परवाह किए बिना अपने राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा, वह करेंगे। भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर वीटो लगाने की अनुमति नहीं दे सकता। जयशंकर ने कहा कि भारत आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। एक तरफ, पिछले दशक ने दिखाया है कि उसके पास क्षमताएं, आत्मविश्वास और सबसे महत्वपूर्ण बात, व्यापक मोर्चों पर विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता है।


राकेश अचल

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

जब मृत्यु आए, तो उस पर हँसें। मृत्यु केवल एक अनुभव है जिसके द्वारा आपको एक बहुत बड़ा पाठ सीखना है: आप मर नहीं सकते। हमारा वास्तविक स्वरूप, अर्थात आत्मा, अमर है। हम थोड़े समय के लिए मृत्यु नामक उस परिवर्तन में सो सकते हैं, परन्तु हमारा नाश कभी नहीं हो सकता। हमारा अस्तित्व है, और वह अस्तित्व शाश्वत है।

# मृत्यु को समझना

मृत्यु होने पर, आप भौतिक शरीर के सब सीमा बन्धनों को भूल जाते हैं और अनुभव करते हैं कि आप कितने स्वतन्त्र हैं। पहले कुछ क्षणों में भय की भावना रहती है- अज्ञात का भय, किसी वस्तु का भय जिससे चेतना अपरिचित है। परन्तु उसके बाद एक महान् अनुभूति होती है: आत्मा चैन और स्वतन्त्रता की हर्षपूर्ण भावना का अनुभव करती है। आप जान जाते हैं कि आपका अस्तित्व नश्वर शरीर से अलग है। हममें से प्रत्येक को किसी दिन मरना ही है, अतः मृत्यु से भयभीत होने का क्या लाभ। निद्रा में आप अपने शरीर की चेतना खो देने की सम्भावना पर दुःखी नहीं होते, आप निद्रा को स्वतन्त्रता की एक अवस्था के रूप में स्वीकार करते हैं और उत्सुकता से उसकी प्रतीक्षा करते हैं। उसी प्रकार मृत्यु है, यह विश्राम की एक अवस्था है, इस जीवन से निवृत्ति। इसमें भयभीत होने की कोई बात नहीं है। जब मृत्यु आए, तो उस पर हँसें। मृत्यु केवल एक अनुभव है जिसके द्वारा आपको एक बहुत बड़ा पाठ सीखना है: आप मर नहीं सकते। हमारा वास्तविक स्वरूप, अर्थात आत्मा, अमर है। हम थोड़े समय के लिए मृत्यु नामक उस परिवर्तन में सो सकते हैं, परन्तु हमारा नाश कभी नहीं हो सकता। हमारा अस्तित्व है, और वह अस्तित्व शाश्वत है। लहर किनारे तक आती है, और फिर सागर में वापस चली जाती है; वह खो नहीं जाती। यह सागर के साथ एक हो जाती है या पुनः दूसरी लहर के रूप में वापस आ जाती है।



श्री श्री परमहंस योगानंद

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**सूखी साख नवाब की, लाज बचाये कौन?**
**दुनिया भौचक देखती, मुंह वाले सब मौन।।**
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आपकी बात

# अपराजिता के प्रतीक युद्ध में प्रियंका को दिए जवाब पर सवाल

राजनीति में संकेतों और प्रतीकों का एक अलग महत्व है। गत 25 नवंबर 2024 से 20 दिसंबर 2024 तक कुल 26 दिनों तक चले शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन प्रियंका गांधी वाड्रा और बीजेपी सांसद अपराजिता सारंगी के बीच चले 'प्रतीक-वार' ने जो हलचल मचाई उसने यह स्पष्ट करके रख दिया कि राजनीति में प्रतीकों और संदर्भों की भूमिका कितनी दमदार हो सकती है।इस सत्र में वायनाड से नवनिर्वाचित प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने हैंडबैग को प्रतीक बनाते हुए खूब सुर्खियां बटोरी। अमूमन सार्वजनिक जीवन में सभी महिलाएं हैंडबैग का इस्तेमाल करती ही हैं और इस दृष्टि में श्रीमती वाड्रा कोई अपवाद नहीं हैं। इसके बावजूद उन्होंने अपने हैंडबैग को फिलीस्तीन, बांग्लादेश व अडाणी विवाद की घटनाओं से जोड़ते हुए वह संदेश दे डाला जिसके लिए कांग्रेस विगत कई महीनों से एक तरह से असफल प्रयास करती रही है। इतना ही नहीं, महज एक हैंडबैग के बूते तत्संबंधी संदेश देने में कामयाब प्रियंका ने सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया की सुर्खियों का एक साथ संधारण भी कर डाला।विरोध प्रदर्शन के लिए हैंडबैग के इस प्रतीक से बन रहे नैरेटिव का कोई सीधा जवाब न गृहमंत्री के पास था और प्रधानमंत्री या सरकार के पास ही इसे लेकर कोई कार्ययोजना थी। ऐसा कुछ संभव भी नहीं था क्योंकि सरकार की नीतियों के विरोध के बावजूद इसमें न कोई वक्तव्य था और न किसी तरह के असंसदीय आचरण का कोई प्रयास ही था। श्रीमती वाड्रा के इस विरोध की धार को कुंद करने आवश्यकता तो थी परन्तु यह सबकुछ संसद की कार्ययोजना में संभव नहीं था। प्रतीकों के माध्यम से सत्ता पक्ष को हलकान करनेवाले उहापोह से निकालने के लिए एक ही विकल्प था और वह विकल्प सिर्फ प्रतीक ही हो सकता था। बहरहाल भारतीय जनता पार्टी की भुवनेश्वर से सांसद और पूर्व आईएएस अपराजिता सारंगी ने मोर्चा संभाला और शीतकालीन सत्र के अंतिम क्षणों का भरपूर उपयोग करते हुए वायनाड की नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को उपहार में एक हैंडबैग देने का कारनामा कर दिखाया। आमतौर पर कोई भी वरिष्ठ व्यक्ति अपने से कनिष्ठ जन को उपहार देता ही है। इसमें कुछ भी अनोखा तथ्य नहीं था परन्तु यहाँ 'प्रतीक युद्ध' की क्षमता का एक अहसास जरूर था। उल्लेखनीय है कि उपहार में दिए गए इस हैंडबैग में 'फिलीस्तीन' या 'बांग्लादेश' के बजाय 'सिखों का नरसंहार' और '1984' लिखा हुआ था। निसंदेह श्रीमती सारंगी के इस उपहार में दर्ज यह संदेश 1984 के सिख विरोधी दंगों की ओर इशारा करता है। संयोगवश इस मामले में आम अवधारणा यह है कि सिक्खों के नरसंहार के लिए राजीव गांधी सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार है। प्रतीकों के इस खेल के मजे देखिए कि पहले तो प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस बैग को स्वीकार किया और धन्यवाद भी दिया परन्तु संदेश पढ़ते ही उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि मेरे साथ ये मत कीजिए। निसंदेह ओड़िशा के भुवनेश्वर से सांसद अपराजिता सारंगी ने यह बैग प्रियंका को एक प्रतीकात्मक संदेश देने के उद्देश्य से ही सौंपा था और वे अपने उस मकसद में कामयाब भी हो गई जिसके अंतर्गत प्रियंका व कांग्रेस को उसके इतिहास की याद दिलाने की मंशा छिपी हुई थी।


केदारनाथ दास
बसिया।



ज्ञातव्य है कि कभी फिलीस्तीन और बांग्लादेश मार्का हैंडबैग से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर छाये रहे परन्तु सत्रावसान के साथ अपराजिता का अपराजेय बैग अब सुर्खियों में है।

सोशल मीडिया में वायरल वीडियो की मानें तो इस मामले में प्रियंका गांधी ने संयम खोते हुए तीखी प्रतिक्रिया के साथ अपने गुस्से का इजहार किया है। इस मामले का दिलचस्प पहलू यह भी है कि प्रतीकों के माध्यम से सरकार को घेरने के अनुभवहीन प्रयासों के बीच अपने असंतुलित व्यवहार के कारण श्रीमती वाड्रा अब खुद घिर गई हैं। इतना ही नहीं, बगैर किसी वाद विवाद व लिखा पढ़ी के बावजूद इस 'प्रतीक-वार' ने न केवल नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती वाड्रा को बल्कि पूरे कांग्रेस को साल 1984 के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### छावनी प्रवेश के साथ अखाड़ों के लिए महाकुंभ की औपचारिक शुरुआत

# पंचदशनाम आवाहन अखाड़े की हुई भव्य पेशवाई

**महाकुंभ नगर, (आईएएनएस)**

प्रयागराज में वर्ष 2025 में 13 से 25 जनवरी तक चलने वाले महाकुंभ में अखाड़ों की अहम भूमिका है। मेला क्षेत्र में शिविर लगाने से पहले सभी 13 अखाड़ों की तरफ से धर्म ध्वजा की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही भव्य छावनी प्रवेश के साथ अखाड़ों के लिए कुंभ की औपचारिक शुरुआत हो रही है।

कुंभ मेले में भागीदारी के लिए अखाड़ों की पेशवाई की भव्यता लोगों को मुग्ध कर रही है।एक अलग ही आध्यात्मिक अनुभूति के दर्शन हो रहे हैं। ऐसे में नैनी के मडौका आश्रम से पंचदशनाम आवाहन अखाड़े की पेशवाई के दौरान भव्य नजारा देखने के लिए मिला। पंचदशनाम आवाहन अखाड़े की पेशवाई पूरी तैयारी और सनातन की भव्यता को प्रदर्शित करते हुए निकली। जहां बैंड बाजों और डीजे के साथ भक्ति रस से सराबोर माहौल के बीच साधु-संत पेशवाई में शामिल हुए।



पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा ने त्रिवेणी मार्ग से प्रवेश किया। इस दौरान बग्गी और घोड़ों पर सवार संत और उनके अनुयायियों ने यात्रा की शोभा को बढ़ाया। इसके बाद वे नया रीवा मार्ग से लेप्रोसी मिशन चौराहा होते हुए नया यमुना पुल से त्रिवेणी मार्ग के जरिए फोर्ट रोड चौराहा, त्रिवेणी मार्ग से अखाड़ा शिविर पहुंचे। इसके साथ ही अखाड़े का शिविर प्रवेश संपन्न हुआ। इस मौके पर संतों का स्वागत लोगों ने भी फूल माला से किया। रास्ते में पुष्पवर्षा करके लोगों ने संतों का स्वागत करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान नागा साधु भी झूमते हुए नजर आए, जो ढोल-नगाड़ों के साथ फूल-मालाओं से लदकर आगे बढ़ रहे थे। नागा साधु घोड़े और ऊंट पर सवार थे। पुलिस व्यवस्था भी पूरी तरह मौजूद रही। अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी जी ने इस अवसर पर कहा कि उनके अखाड़े का मूल उद्देश्य सनातन का प्रचार-प्रसार और धर्म की रक्षा करना है। लेकिन, वर्तमान समय में सृष्टि के सामने सबसे बड़ा संकट पर्यावरण की रक्षा का है। इसके लिए वह 'वृक्ष लगाओ, सृष्टि बचाओ' महाअभियान के अंतर्गत श्रद्धालुओं और सनातनियों से वृक्ष लगाने का संकल्प ले रहे हैं। वह स्वयं महाकुंभ में इस बार अखाड़े में आने वाले भक्तों को प्रसाद के रूप में 51 हजार फलदार पौधे दे रहे हैं।

## आयकर रिफंड प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते को करें सत्यापित : आयकर




**नई दिल्ली (हि.स.)।** आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने वाले करदाताओं को रिफंड प्राप्त करने के लिए उनके बैंक अकाउंट का सत्यापन जरूरी है। आयकर विभाग ने टैक्सपेयर्स को रिफंड पाने के लिए सलाह दी है कि वे अपने बैंक खाते को सत्यापित करें। आयकर विभाग ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि यदि आपका रिफंड आपके बैंक खाते के सत्यापन/पुनः सत्यापन न होने के कारण विफल हो गया है, तो कृपया सुनिश्चित करें कि आपका बैंक खाता मान्य है या पुनः सत्यापन किया गया है, जैसा भी लागू हो। विभाग ने कहा कि करदाताओं कृपया ध्यान दें! यदि आपने अपने बैंक खाते के सत्यापन/पुनः सत्यापन के बाद 'रिफंड पुनः जारी करने का अनुरोध' प्रस्तुत नहीं किया है।

## प्राचीन नैमिषारण्य तीर्थ के कुएं में 20 फीट पर मिला पानी

- संभल में चौथे दिन भी जारी रहा एएसआई का सर्वे

**मुरादाबाद (हि.स.)**



उत्तर प्रदेश के संभल जिले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की चार सदस्यीय टीम का सर्वे लगातार चौथे दिन सोमवार को भी जारी रहा। सर्वे के दौरान संभल के प्राचीन नैमिषारण्य तीर्थ में एक और प्राचीन कुआं सामने आया है, जिसमें करीब 20 फुट पर पानी मिला है। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि पुराने समय में इस कुएं में 20 फुट नीचे ही पानी था, जबकि वर्तमान में संभल में जल स्तर 100 फुट से ज्यादा नीचे है।

अधिकारियों ने बताया कि एएसआई ने शुक्रवार और शनिवार को संभल में छह तीर्थ स्थलों और 19 कुओं का सर्वे किया था। रविवार को चंदौसी तहसील के प्राचीन बावड़ी में खुदाई की, जिसमें प्राचीन बावड़ी मिली। संभल के 19 प्राचीन कुओं और 68 तीर्थों का वर्णन तमाम धर्मग्रंथों में मिलता है।

संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने धर्मग्रंथों में वर्णित इन कुओं सहित तमाम प्राचीन कुओं को खोजकर उन्हें पुनर्जीवित कराने की मुहिम चला रखी है। संभल में 46 साल पुराने मंदिर मिलने के बाद जिलाधिकारी ने जांच के लिए एएसआई को पत्र लिखकर जिले के प्राचीन तीर्थस्थलों और कुओं का निरीक्षण कराने की मांग की थी। एएसआई ने भी संभल में कई तीर्थ स्थलों और मंदिरों के साथ ही प्राचीन कुओं का सर्वे पिछले तीन दिन में किया है।

### बिहार के पूर्णिया में भीषण हादसा

# पिकअप ने 13 को रौंदा, 5 की मौत

### बाइक वाले से विवाद के बाद नशे में धुत पिकअप चालक ने लोगों को कुचल दिया

**पटना (हि.स.)।** बिहार में पूर्णिया जिले के धमदाहा में रविवार की रात 10 से 11 बजे के बीच एक पिकअप ने 13 लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि दो ने सोमवार के तड़के इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में एक छह साल का बच्चा भी है। यह घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत धोकवा की है। पुलिस के मुताबिक, सभी घायलों को पहले अनुमंडलीय अस्पताल धमदाहा में भर्ती करवाया गया, जहां से सभी को पूर्णिया रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची। आठ लोगों को पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मृतकों में ज्योतिष ठाकुर (60), संजीता देवी (50), मनीषा कुमारी (13), अखिलेश मुनि (13) और अमरदीप कुमार (06) हैं। घायलों ने कहा कि एक बाइक वाले से साइड देने को लेकर पिकअप के चालक से विवाद हुआ। इसके बाद नशे में धुत पिकअप चालक वापस आया और लोगों को रौंद डाला।

इस वारदात के समय पिकअप की तेज रफ्तार में देखकर मौके पर अफरातफरी मच गई। हादसे की जानकारी मिलते ही धमदाहा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मासूम समेत तीनों लोगों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वारदात के बाद चालक घर छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।



## पुणे में डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे नौ मजदूरों को कुचला, 3 की मौत

**मुंबई (हि.स.)।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के वाघोली चौक इलाके में रविवार की रात को एक डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे नौ मजदूरों को रौंद दिया। इस हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में दो बच्चे भी हैं। छह घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इनमें से तीन की हालत गंभीर है। पुलिस ने नशे में धुत आरोपित डंपर चालक गजानन टोटे को गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हिम्मत जाधव ने हादसे की पुष्टि की है। पुणे सिटी पुलिस जोन-4 के पुलिस उपायुक्त हिम्मत जाधव ने बताया कि यह हादसा रविवार की रात करीब एक बजे हुआ। यह मजदूर अमरावती जिले से पुणे में मजदूरी के लिए आए थे। यह लोग वाघोली के केसनंद नाका पुलिस स्टेशन के सामने रविवार रात को सो गए थे। रात करीब एक बजे सभी को डंपर ने रौंद दिया। हादसे में विशाल विनोद पंवार (22 ), वैभव रितेश पवार (01 ) और वैभव रितेश पवार (02) की मौत हो गई।

## असामाजिक तत्वों ने बाबा साहेब की प्रतिमा को किया खंडित, तनाव

**अहमदाबाद (हि.स.)।** अहमदाबाद के खोखरा इलाके में बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने खंडित किया है। इससे इलाके में तनाव पैदा हो गया है। खोखरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। जानकारी के मुताबिक खोखर इलाके में केके शास्त्री कॉलेज के सामने डॉ जयंती वकील चॉल के पास बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा लगी है।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर शुरू हुई उड़ान यात्री कैफे की सुविधा

**कोलकाता (हि.स.)।** अब कोलकाता एयरपोर्ट पर सिर्फ दस रुपये में चाय उपलब्ध है। यह नई पहल यात्रियों के लिए खुशी की वजह बन गई है। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने इस बदलाव पर खुशी जताते हुए कहा कि यह आम जनता की जीत है। राघव चड्ढा ने संसद के शीतकालीन सत्र में एयरपोर्ट पर खाने-पीने की चीजों के बढ़े हुए दामों का मुद्दा उठाया था।

# झूठा नाटक बंद करे कांग्रेस : भाजपा

### अंबेडकर के साथ किए गए व्यवहार के लिए बिना शर्त देश से माफी मांगे

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी को झूठा नाटक बंद कर डॉ भीमराव अंबेडकर के साथ किए गए व्यवहार के लिए बिना शर्त देश से माफी मांगनी चाहिए। गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में दिए बयान के खिलाफ कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन की योजना बनाई है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने इसको लेकर आज भाजपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस पर हमला बोला और कहा, हम देश की जनता को कांग्रेस की सच्चाई भी बताएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें कानून मंत्री के पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया था और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया। भाजपा के समर्थन वाली वीपी सिंह सरकार ने आखिरकार उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। वहीं, कांग्रेस पार्टी अब उनके नाम पर प्रेस कांफ्रेंस कर रही है। कांग्रेस पार्टी को अपना पाखंड बंद करना होगा। प्रसाद ने कहा कि डॉ अंबेडकर को त्यागपत्र के बाद बोलने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू को लिखे अपने त्यागपत्र में कई बातें व्यक्त की थीं। सबसे पहले, उन्होंने कहा था- मैं (बीआर अंबेडकर) सबसे योग्य था और वित्त में अनुभव रखता था और उद्योग से जुड़ा था।

## बाबा साहब के नाम पर छलावापूर्ण राजनीति करने वालों से सावधानी जरूरी : मायावती

**लखनऊ (हि.स.)।** संसद में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) 24 दिसंबर (मंगलवार) को देशव्यापी आंदोलन करने की घोषणा की है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने इस शांतिपूर्ण आंदोलन की सफल बनाने सर्वसमाज के लोगों से अपील की है। बसपा प्रमुख ने कहा, केंद्रीय गृहमंत्री ने संसद में जिस तरह से बाबा साहब पर विरोधी टिप्पणी की है, उसे वापस लें। लेकिन, अभी तक उनकी ओर से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आई है। अमित शाह के बयान को वापस लेने की मांग को लेकर बसपा मंगलवार को देश भर में जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की सर्वसमाज से अपील की है।

# नये साल में आपका व्हाट्सएप हो सकता है बंद, चेक कर लें अपना फोन

**उदय चंद्र**

**नई दिल्ली।** अगर आप अभी भी पुराने एंड्रॉइड किटकैट वर्जन वाले स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए है। दुनिया की सबसे पॉपुलर मैसेजिंग ऐप व्हाट्सएप (हँ*२अस्त्रस्त्र) ने ऐलान किया है कि वह जनवरी 2025 से एंड्रॉइड किटकैट वर्जन पर काम करना बंद कर देगा।

खबरों के अनुसार व्हाट्सएप को चलाने के लिए अब नए ऑपरेटिंग सिस्टम और आधुनिक हार्डवेयर की जरूरत महसूस हो रही है। 10 साल पहले लॉन्च हुआ एंड्रॉइड किटकैट अब पुराने जमाने की चीज बन चुका है। हालांकि, इतने समय तक व्हाट्सएप ने इसे सपोर्ट किया, लेकिन अब यह बदलाव अनिवार्य हो गया है। अगर आपका फोन किटकैट वर्जन पर है, तो आपको जल्द ही नया फोन खरीदने की जरूरत पड़ेगी।

## किन फोन पर बंद होगा व्हाट्सएप?

व्हाट्सएप का सपोर्ट बंद होने वाले फोन की लिस्ट में सैमसंग, एलजी, सोनी और एचटीसी जैसे ब्रांड के नाम शामिल हैं। आइए जानते हैं कौन-कौन से मॉडल्स पर व्हाट्सएप 1 जनवरी 2025 से काम नहीं करेगा।

| सैमसंग | एचटीसी | एलजी | मोटोरोला | सोनी |
|---|---|---|---|---|
| गैले क्सी एस 3 | वन | ऑप्टिमस जी | मोटो जी | एक्सपीरिया जेड |
| गैलेक्सी नोट 2 | वन + | नेक्सस 4 | रेजर एसडी | |
| गैलेक्सी एस 3 | डिजायर 500 | जी 2 मिनी | मोटो ए | |
| गैलेक्सी एस 4 मिनी | डिजायर 601 | एल 90 | (2014) | |



दरअसल, व्हाट्सएप समय के साथ नए फीचर्स और अपडेट्स लेकर आता है, जिसके लिए आधुनिक ऑपरेटिंग सिस्टम की जरूरत होती है। पुराने सिस्टम पर ऐप चलाने से न सिर्फ सिक्योरिटी का खतरा बढ़ता है, बल्कि ऐप के नए फीचर्स का फायदा भी नहीं मिलता।

# वार्षिक राशिफल 2025

## कर्क राशि

वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कर्क राशि वालों के लिए नया वर्ष 2025 कैसा रहने वाला होगा?

**राशि नामाक्षर- ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

### नौकरी और व्यवसाय

कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ उत्तम रहेगा। वर्ष की शुरुआत में सप्तम स्थान पर गुरु ग्रह के दृष्टि प्रभाव से आप व्यापार में उन्नति करेंगे। अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य लें। व्यापार में आपको भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए एकादश स्थान के गुरु कुछ लाभ और प्रमोशन की संभावनाएं निश्चित रूप से बनाएंगे। शनि का गोचर मार्च तक आपकी राशि से अष्टम भाव पर रहेगा शनि की अष्टम ढैया के प्रभाव से आप मार्च में मुक्त हो जाएंगे इसलिए मार्च तक का जो समय है उसमें विशेष रूप से आपको कार्य क्षेत्र और नौकरी में कुछ सावधानी बरतनी चाहिए। अपने काम में लापरवाही ना करें अन्यथा इसका प्रभाव आपके करियर पर आगे विपरीत स्थितियों के रूप में पड़ेगा।

**आर्थिक राशिफल :** आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ उत्तम रहेगा। धनागम में निरंतरता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में आपके भाइयों का पूर्ण सहयोग आपको प्राप्त होगा। वर्ष के मध्य तक एकादश स्थान के गुरु आपके लिए लाभ के कुछ नए अवसर बनाते रहेंगे। फरवरी में देवगुरु बृहस्पति का मार्गी होना आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा। वर्ष मध्य के पश्चात आपकी राशि से 12वीं भाव में गुरु ग्रह का गोचर धन के निवेश के मामले में विशेष रूप से सावधानी बरतने का संकेत करता है।

**पारिवारिक राशिफल :** पारिवारिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। व्यवसायिक व्यवस्था के कारण आप अपने परिजनों को अधिक समय नहीं दे पाएंगे परंतु आपके परिवार में सुख शांति का वातावरण बना रहेगा। आपके भाइयों का सहयोग विशेष रूप से प्राप्त होगा। संतान की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। पंचम स्थान पर गुरु ग्रह की दृष्टि प्रभाव से आपके बच्चों की उन्नति होगी यदि आपके बच्चे विवाह के योग्य हैं तो उनका विवाह वर्ष के मध्य तक निश्चित रूप से हो जाएगा। आपकी संतान अपने बौद्धिक बल से अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे उनकी शिक्षा में भी सुधार होगा।

**स्वास्थ्य राशिफल :** स्वास्थ्य की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। वर्ष के मध्य के पश्चात देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से 12वीं और राहु का गोचर अष्टम भाव में होने से स्वास्थ्य की स्थितियां कुछ प्रतिकूल होती हुई नजर आ रही है आपको अपने खान-पान पर पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता होगी। राहु के गोचर अष्टम भाव में होने की वजह से किसी नई बीमारी के शिकार आप हो सकते हैं।

**प्रेम राशिफल :** प्रेम संबंधों के मामले में वर्ष के मध्य तक की स्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेगी। जहां एक ओर देव गुरु बृहस्पति आपके पांचवे भाव को बल प्रदान कर रहे हैं वहीं नवम भाव से राहु अपनी नवम दृष्टि से पांचवें भाव में कुछ विपरीत स्थितियों भी उत्पन्न कर रहे हैं कुल मिलाकर प्रेम संबंधों के मामले में वर्ष के मध्य तक की स्थितियां कुछ मिला-जुला प्रभाव देने वाली दिखाई देती है।

*उपाय- वर्ष की शुरुआत भगवान शिव का अभिषेक करके करें। पीली वस्तु में जैसे केला,बेसन की मिठाई मंदिर में दान करें। गुरुवार का व्रत रखें। श्री दुर्गा चालीसा का पाठ पूरे वर्ष आपके लिए लाभदायक रहेगा।*

## सिंह

वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं सिंह राशि वालों के लिए नया वर्ष 2025 कैसा रहने वाला होगा?

**राशि नामाक्षर-मा,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

### नौकरी और व्यवसाय

कार्य व्यवसाय की दृष्टि से या वर्ष मिला-जुला परिणाम देने वाला रहेगा। वर्ष आरंभ में सप्तम शनि के प्रभाव से आप अपने कार्य क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। किसी अनुभवी व्यक्ति से मिलकर व्यापार में उन्नति के लिए नई योजना भी बनाएंगे जिससे व्यवसाय को एक नया मोड़ मिलेगा। दशमस्थ गुरु के प्रभाव से नौकरी करने वाले व्यक्तियों की पदोन्नति होगी तथा इच्छित स्थान पर स्थानांतरण भी हो सकता है। वर्ष के मध्य के पश्चात शनि का गोचर आपकी राशि से अष्टम भाव पर होगा और देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से एकादश भाव पर होगा यह दोनों संभावनाएं लाभ और हानि दोनों का संकेत दे रही हैं शनि का गोचर अष्टम भाव पर यह संकेत करता है कि कोई भी निर्णय आपको बहुत सोच समझ कर लेना चाहिए ।

**आर्थिक राशिफल :** वर्ष द्वितीय एवं चतुर्थ स्थान पर गुरु के दृष्टि प्रभाव से भूमि भवन वाहन इत्यादि वस्तुओं की प्राप्ति होगी। वर्ष के मध्य के पश्चात देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से एकादश भाव पर होगा वहां पर यह संकेत मिलता है की आमदनी के कुछ नए स्त्रोत वर्ष के मध्य के पश्चात आपको मिलेंगे। शनि का गोचर राशि से अष्टम भाव में होने से कुछ आकस्मिक धन लाभ की संभावनाएं बनेंगी किंतु शनि की ढैया होने के कारण कोई भी निवेश वर्ष के मध्य के पश्चात बहुत सोच समझकर करें अन्यथा लाभ के स्थान पर हानि का सामना आपको करना पड़ेगा।

**पारिवारिक राशिफल :** पारिवारिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। चतुर्थ स्थान पर गुरु और शनि ग्रह के संयुक्त दृष्टि प्रभाव से परिवार में सुख शांति का वातावरण बना रहेगा। आपके माता-पिता सहित पूरे परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। वर्ष के मध्य के पश्चात राहु का गोचर आपकी राशि से सप्तम भाव पर होगा और केतु का गोचर आपकी राशि पर होगा सातवें भाव पर राहु का गोचर पत्नी के स्वास्थ्य और उनसे संबंधों में कुछ परेशानियों का संकेत देता है। आपको आपसी सद्भाव और विश्वास भी कायम रखना होगा अन्यथा कोई भी छोटी बात बड़ा रूप ले सकती है ।

**स्वास्थ्य राशिफल :** स्वास्थ्य की दृष्टि से यह वर्ष नहीं रहेगा मानसिक रूप से आप संतुष्ट नहीं रहेंगे। वर्ष आरंभ में आपकी राशि स्थान पर शनि की दृष्टि प्रभाव से मौसम जनित बीमारियों से परेशानी हो सकती है मानसिक चिंता जैसी छोटी-मोटी परेशानियां होती रहेंगी।मार्च के पश्चात शनि के अष्टम ढैया का प्रभाव भी आपको देखना पड़ेगा इसलिए कुछ मानसिक तनाव की स्थितियां बनेगी।

**प्रेम राशिफल :** प्रेम संबंधों के मामले में वर्ष के मध्य के पक्ष का समय अनुकूल रहेगा। जिससे आपका प्रेम संबंधों में निश्चित रूप से सुधार आएगा। वर्ष की शुरुआत से लेकर वर्ष के मध्य तक का जो समय है उसमें प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी बहुत परेशानी बनी रहेगी किंतु वर्ष के मध्य के पश्चात आपके लिए प्रेम संबंधों में निश्चित रूप से अनुकूलता बनी रहेगी।

*उपाय- वर्ष की शुरुआत श्री हनुमान जी के दर्शन के साथ करें। वर्ष के किसी शनिवार और मंगलवार को हनुमान जी को चोला चढ़ाएं एवं शनिवार और मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा का पाठ करें।*

## कन्या

वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कन्या राशि वालों के लिए नया वर्ष 2025 कैसा रहने वाला होगा?

**राशि नामाक्षर- टो,पा,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

### नौकरी और व्यवसाय

व्यवसाय की दृष्टि से यह वर्ष अच्छा रहेगा। वर्षारम्भ में आपको कार्य व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी। अपने भाग्य के द्वारा व्यवसाय में उन्नति करेंगे। गुरु एवं शनि ग्रह का अनुकूल स्थान में होना चौमुखी विकास के संकेत हैं। इस वर्ष आय के नये मार्ग प्रशस्त होंगे। वरिष्ठ लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। वर्ष के मध्य तक आपकी राशि में केतु और सातवें भाव में राहु की स्थिति रहेगी। इसलिए कोई भी व्यवसाय साझे में ना करें और किसी पर भी आंख मूंद कर विश्वास ना करें। नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए मई के पश्चात जब देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी दशम भाव पर होगा तो आपके प्रमोशन की स्थितियां बनेंगी। शनि मार्च के पश्चात आपके सातवें भाव में भाव में उपस्थित होंगे।

**आर्थिक राशिफल :** आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष उत्तम फलदायक रहेगा। व्यापारिक अनुकूलता होने के कारण इच्छित बचत करने में सफल रहेंगे। वर्ष के आरंभ में आप अपने भौतिक सुख सुविधाओं पर भी खर्च करेंगे। वर्ष के मध्य के पश्चात देव गुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से दशम भाव पर होगा यह स्थिति आपके लिए निश्चित रूप से लाभदायक होगी। देवगुरु बृहस्पति जहां संचित धन में वृद्धि करेंगे वहीं आपके जीवन में भौतिक सुख सुविधाओं के साधनों में भी वृद्धि करेंगे यदि आप वाहन या मकान लेने के इच्छुक हैं तो इस वर्ष आपकी यह इच्छा पूरी हो सकती है।

**पारिवारिक राशिफल :** वर्ष के आरंभ में अधिक व्यस्तता के कारण परिजनों को अधिक समय नहीं दे पाएंगे। आपके परिवार में इस वर्ष सुख शांति का वातावरण तो बना रहेगा किंतु राहु और केतु के प्रभाव से आपके वैवाहिक जीवन में कुछ परेशानियां वर्ष के मध्य तक रहेंगी।तृतीय स्थान पर गुरु ग्रह की दृष्टि प्रभाव से आपकी सामाजिक पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होती रहेगी किंतु वर्ष के मध्य तक राहु और केतु और मार्च के बाद शनि का गोचर भी सातवें भाव में होने से आपको आपके वैवाहिक जीवन में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**स्वास्थ्य राशिफल :** वर्ष का प्रारंभ स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छा रहेगा। आपकी राशि से नवम भाव में स्थित गुरु की दृष्टि आपकी राशि पर होगी उसके प्रभाव से शारीरिक आरोग्यता की प्राप्ति और कार्य क्षमताओं में वृद्धि के संकेत हैं किंतु राहु और केतु का गोचर समय-समय पर मानसिक शांति प्रसन्नता व सकारात्मक सोच में बाधक भी सिद्ध होगा। वर्ष के मध्य के पश्चात स्वास्थ्य अनुकूल बना रहेगा।

**प्रेम राशिफल :** प्रेम संबंधों के मामले में वर्ष की शुरुआत आपके लिए अच्छी रहेगी। राशि से नवम भाव पर गुरु का गोचर अपनी नवम दृष्टि से आपके पंचम भाव को देखेंगे, पंचम भाव के स्वामी शनि अपनी राशि कुंभ में मार्च तक रहेंगे इसके पश्चात वह सातवें भाव पर गोचर करेंगे वर्ष के मध्य के पश्चात जो लोग बहुत लंबे समय से प्रेम विवाह की प्रतीक्षा कर रहे थे ।

*उपाय- भगवान गणेश जी के दर्शन और उन्हें दूर बार अर्पित करके करें पूरे वर्ष नित्य श्री गणेश जी के मंत्र का पाठ करें एवं नित्य प्राणायाम करें एक नारियल अपने सर से सात बार घूमर बहते हुए पानी में शनिवार के दिन बहा दें।*

# बॉक्सिंग डे टेस्ट के रिकॉर्ड पर स्मिथ और कमिंस की नजरें

**एजेंसी । मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलियाई स्टार स्टीव स्मिथ और कप्तान पैट कमिंस के लिए भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान बड़ी उपलब्धियां हासिल करने का मौका है। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के साथ दोनों टीमें 26 दिसंबर से बहुप्रतीक्षित बॉक्सिंग डे टेस्ट खेलेंगी और लक्ष्य सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में होने वाले अंतिम टेस्ट से पहले महत्वपूर्ण बढ़त और बढ़त हासिल करना होगा। स्मिथ 'बॉक्सिंग डे' के धुरंधर हैं और आंकड़े इसे साबित करते हैं। उनके सभी बॉक्सिंग डे मैच एमसीजी में हुए हैं। उन्होंने 11 मैचों में 78.07 की औसत से 1,093 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम चार शतक और पांच अर्द्धशतक हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर भारत के खिलाफ 192 रन है। भारत के खिलाफ 192 रनों की पारी शायद बॉक्सिंग डे टेस्ट में उनका सबसे यादगार प्रदर्शन है। 305 गेंदों में 15 चौकों और दो छक्कों की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को लगभग दो दिनों तक बल्लेबाजी करने के बाद पहली पारी में 530 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। विराट कोहली के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ जिनकी 169 और 54 रनों की पारियों ने भारत को जीत की ओर अग्रसर रखा। ब्रिसबेन में 25 पारियों के बाद फॉर्म में वापसी करने वाले शतक के बाद तरोताजा स्मिथ 10,000 टेस्ट रन से 191 रन दूर हैं और वह रिकी पोंटिंग, एलन बॉर्डर और स्टीव वॉ के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे बल्लेबाज बन जाएंगे। स्मिथ ने 112 टेस्ट और 200 पारियों में 56.05 की औसत से 9,809 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम 33 शतक और 41 अर्द्धशतक हैं और 239 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। दूसरी ओर, कप्तान कमिंस भी अपने शानदार करियर के एक बड़े मील के पत्थर के करीब पहुंच रहे हैं, जो 2020 के दशक में कप्तानी और 50 ओवर और टेस्ट प्रारूप में दो विश्व खिताब जीतने के बाद बड़ी ऊंचाइयों पर पहुंच गया है।


ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने बॉक्सिंग डे टेस्ट पर बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं

कमिंस अगर 8 और विकेट ले लेते हैं तो ऑस्ट्रेलिया के लिए 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले सातवें गेंदबाज बन सकते हैं। वर्तमान में उन्होंने 212 मैचों में 24.53 की औसत से 492 विकेट लिए हैं जिसमें 6/23 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े और कुल 14 बार 5 विकेट लिए हैं। 11 और विकेट लेने के बाद वह आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले क्रिकेटर बन जाएंगे जो 2019 में लीग के रूप में लॉन्च होने के बाद से है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान अपने कुछ बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं, अब तक 7 टेस्ट में 17.00 की औसत से 35 विकेट लिए हैं।

### टीम

- **ऑस्ट्रेलियाई टीम :** पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, ट्रैविस हेड (उप-कप्तान), जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, झे रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ (उप-कप्तान), मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर
- **भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रित बुमरा (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, शुबमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर। रिजर्व: मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद, यश दयाल।

# दो स्वर्ण पदक जीत कर घर पहुंची अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग


हॉकी सिमडेगा ने किया भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मस्कट,ओमान में 07 से 15 दिसंबर 2024 तक आयोजित महिला जूनियर एशिया कप 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल मैच में चीन को पेनाल्टी शूटआउट में 3=2 से पराजित कर लगातार दूसरी बार विजेता बनी। विजेता 18 सदस्यीय भारतीय टीम में झारखंड के सिमडेगा जिला की बेटी ब्यूटी डुंगडुंग और रजनी केरकेट्टा शामिल थी और जिला की दोनो ही खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया और अपने टीम के लिए गोल भी किए। इससे पूर्व भी 11 से 20 नवंबर 2024 तक बिहार के राजगीर में आयोजित महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भी भारतीय महिला हॉकी टीम प्रतियोगिता में अपराजेय रहते हुए फाइनल मैच में चीन को ही 1-0 से पराजित कर इसमें भी लगातार दूसरी बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया। झारखंड के सिमडेगा जिला की ही बेटी सलीमा टेटे की कप्तानी में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में भी जिला की संगीता कुमारी के साथ ब्यूटी डुंगडुंग भी शामिल थी। जिसमे तीनों ही खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था और देश के लिए गोल भी किए थे।

इन दोनों ही प्रतियोगिताओं में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर ब्यूटी डुंगडुंग अपने घर सिमडेगा वापस लौटी। ब्यूटी डुंगडुंग के घर वापस आने पर हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी के अगुवाई में संघ के पदाधिकारियों पैंखरासियुस् टोप्पो, सुनील तिर्की, करिश्मा परवार, सुशीला कुजूर इत्यादि ने ब्यूटी डुंगडुंग के घर पहुंचकर उन्हें तथा उनकी माता जी को बधाई दी और उन्हे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। यह है कि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग सिमडेगा जिला के केरसई प्रखंड अंतर्गत करंगागुड़ी बाजू टोली की रहने वाली है। बाल्य अवस्था से ही हॉकी की शुरूवात कर ब्यूटी मात्र साढ़े बारह साल की उम्र में झारखंड टीम से चयनित होकर जनवरी 2016 राष्ट्रीय सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में भाग ली । 2018 में जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम से देश का प्रतिनिधित्व करने की शुरूवात कर जूनियर एशिया कप,जूनियर विश्व कप सहित कई अंतर्रास्त्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए अब वह सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रमुख सदस्य है।अभी 12 जनवरी से महिलाओ के लिए अगली बार आयोजित हॉकी इंडिया लीग में भी वह बंगाल टाइगर की टीम से खेलती हुई नजर आएगी।

### सेल स्पोर्ट्स क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट 2024-25

# रोमांचक फाइनल में टीम 2 की जीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सेल यूनिट स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट 2024-25 का फाइनल मैच हुआ। यह मैच सेल सैटेलाइट टाउनशिप फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित किया गया था। फाइनल मैच में उज्ज्वल मंडल के नेतृत्व वाली टीम 2 और विजय कुमार के नेतृत्व वाली टीम 3 के बीच मुकाबला हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल तीन टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें लीग मैचों के जरिए अंकों के आधार पर फाइनलिस्ट का निर्धारण किया गया। फाइनल मैच में टीम 2 नियमित खेल समय में 1-0 के स्कोर से विजेता बनी। सीजीएम (एफ एंड ए) पीसी मिश्रा द्वारा व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए गए, जिसमें कृष्णा टोप्पो को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर, उज्ज्वल मंडल को सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड, प्रिंस करकेटा को सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर और एके झा को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के साथ-साथ प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। रेफरी नयन बारला, लाइनमैन नीरज बारला और अनमोल लिंडा ने टूर्नामेंट के सुचारू प्रबंधन को सुनिश्चित किया और इसकी सफलता में योगदान दिया। यह टूर्नामेंट खेल भावना और सौहार्द की भावना का प्रमाण था, जिसने टीमों और दर्शकों को फुटबॉल के जश्न में एक साथ ला खड़ा किया।



### विजय हजारे ट्रॉफी

# ईशान किशन के शतक से झारखंड ने मणिपुर को आठ विकेट से हराया

**जयपुर।** ईशान किशन की शतकीय पारी की बदौलत झारखंड ने विजय हजारे ट्रॉफी के तहत यहां खेले गए मैच में मणिपुर को आसानी से 8 विकेट से हरा दिया। मणिपुर ने पहले खेलते हुए सात विकेट पर 253 रन बनाए। जॉनसन ने 69, प्रायोजित ने 43, बी रमन ने 26 एवं जेपी जैन ने 35 रन बनाए। झारखंड की ओर से उत्कर्ष सिंह एवं अनुकूल राय दो दो तथा विकास कुमार, सुप्रियो एवं मनीषी ने एक - एक विकेट लिया। जवाब में झारखंड में दो विकेट पर आवश्यक रन बना लिए। ईशान किशन ने 78 गेंदों में छह छक्के एवं सोलह चौके की मदद से 134, उत्कर्ष सिंह ने 68 रन बनाए। दोनों ने 190 रनों की साझेदारी निभाई। कुशाग्र ने 26 व अनुकूल राय ने 17 रन बनाएं।

### बीसीसीआई अंडर 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट

# जम्मू कश्मीर के हाथों झारखंड 79 रनों से हुआ पराजित

**रायपुर।** जम्मू कश्मीर ने बीसीसीआई अंडर-23 ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत यहां खेले गए मैच में झारखंड को 79 रनों से हरा दिया । जम्मू कश्मीर ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 273 रन बनाएं । जुनैद ने 17 व ए हसन ने 17 रन बनाए, जबकि कन्हैया ने तीन छक्के एवं 10 चौकी मदद से 121 रनों की शतकीय पारी खेली। यूसुफ ने 26, कमलप्रीत ने 22 एवं अर्चित महाजन ने 29 रन बनाए। झारखंड की ओर से साहिल राज ने दो विकेट लिए। शमशाद , कुनैन एवं शुभ शर्मा ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में झारखंड की टीम 194 रन ही बना सकी ।कुंनैन कुरैशी ने सबसे अधिक 64, आर्यन हुड्डा ने 42 एवं साहिल राज ने 31 रन बनाए। जम्मू कश्मीर की ओर से अर्चित महाजन एवं एस सिंह ने तीन-तीन तथा मोहम्मद अशोक ने दो विकेट लिए।

# राकेश तिर्की ने जीता स्वर्ण पदक, झारखंड चौथे स्थान पर




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिकोकई कराटे इंटरनेशनल उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में वाराणसी में संपन्न ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया। वहीं दो स्वर्ण पदक , एक रजत पदक और चार कांस्य पदक जीतकर झारखंड को चौथा स्थान दिलाया। जहां प्रतियोगिता के पहले दिन आदित्य राज ने एक स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता और मिस्टी कुमारी ने दो कांस्य पदक जीते। वहीं प्रतियोगिता की आखिरी दिन राकेश तिर्की ने पुरुष वर्ग के काता स्पर्धा में मेजबान उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया और 55 किलो के कुमिते स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। वही 50 किलो वर्ग के कुमिते स्पर्धा में झारखंड के खिलाड़ी अभिजीत बनर्जी ने अपने प्रतिद्वंदियों को हरा कर कांस्य पदक राज्य के नाम किया और झारखंड के खाते में एक और पदक जोड़ा। झारखंड के खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन पर कोच अनिल किस्पोट्टा ने कहा कि झारखंड से चार खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लिए थे। सभी ने पदक जीतकर राज्य को गौरवान्वित किया है। विजेता खिलाड़ियों को कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हंसी भरत शर्मा ने पुरस्कृत किया। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राइबल और माइनॉरिटी कमीशन के चेयरमैन शिहान सुनील किस्पोट्टा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा की इन खिलाड़ियों ने राज्य का मान बढ़ाया है। आगामी अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भी उनके अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

# जेएसए-ए ने 38 रन से जीत हासिल की



**रांची।** लिटिल विंग बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट टाटीसिल्वे मैदान में जेएसए ए बनाम नवभारत सीसी के बीच खेला गया। जेएसए ए ने 35 ओवर में नौ विकेट पर 195 रन बनाया। अभिताभ ने सौ गेंद पर 93 रन बनाया। वहीं अक्षय कुमार व रंजीत कुमार ने दो-दो विकेट लेकर 30-30 रन दिये। नवभारत सीसी की टीम ने 24.5 ओवर में 10 विकेट पर 157 रन बनाया। रैम ने 16 गेंद पर 27 व अक्षय कुमार ने 21 गेंद पर 23 रन बनाया। होमी आनंद ने तीन विकेट लेकर 14 रन दिया। वहीं राजीव ने दो विकेट लेकर 32 रन दिया। जेएसए ए ने 38 रन से जीता हासिल की।

# रौनक बघेला की घातक गेंदबाजी से दिल्ली ने केरल को 8 विकेट से हराया

- **आंध्र प्रदेश , सौराष्ट्र एवं हरियाणा ने भी अपने-अपने मैच जीते**
- **बीसीसीआई अंडर 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रौनक वाघेला की घातक गेंदबाजी से दिल्ली ने यहां चल रहे बीसीसीआई अंडर 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत खेले गए एक मैच में केरल को आसानी से 8 विकेट से हरा दिया। मेकन ग्राउंड में खेले गए मैच में केरल ने पहले खेलते हुए 25.4 ओवर में मात्र 108 रन बनाए। रौनक बघेला ने 21 रन आठ विकेट लिया। केरल की ओर से जेरिन पीएस ने एक छक्के व तीन सात चौके की मदद से 36 एवं अभिषेक नायर ने 27 रन बनाए। गोविंद देव ने 18 रनों का योगदान किया। जवाब में दिल्ली ने दो विकेट पर 114 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया। आयुष डोसुजा ने चार चक्के व पांच चौके की मदद से नाबाद 59 एवं अर्पित राणा ने एक छक्के में साथ चौके की मदद से 38 रन बनाए। केरल की ओर से पवन राज एवं जैक ने एक-एक विकेट लिया। जेएससीए स्टेडियम में खेले गए मैच में हरियाणा ने नागालैंड को 298 रनों के भारी अंतर से पराजित कर दिया। इस मैच में हरियाणा ने पहले खेलते हुए 8 विकेट पर 385 रन बनाए। यशो वर्धन एवं मयंक ने शतकीय पारी खेली। यशोवर्धन ने दो छक्के एवं 10 चौके की मदद से 102 एवं मयंक ने 6 छक्के एवं 9 चौके की मदद से 135 रन बनाए। नागालैंड की ओर से डोजी ने तीन एवं ओडीलांबा ने दो विकेट लिए। जवाब में नागालैंड ने 20.5 ओवर में मात्र 87 रन बनाए। अर्जुन ने 11 केविटो 14 एवं जापुटो ने 16 रन बनाए। हरियाणा की ओर से पीयूष दाहिया एवं अनुज ठकराल में चार - चार विकेट लिए। उषा मार्टिन मैदान में खेले गए मैच में सौराष्ट्र ने उत्तराखंड को 7 विकेट से हराया। इस मैच में उत्तराखंड में पहले खेलते हुए 49.1 ओवर में 175 रन बनाए। हितेश ने 38 , ए चौधरी ने 29, रविंद्र 29 एवं लिंकन ने 20 रन बनाए । सौराष्ट्र की ओर से बी गोहित व फुलेटरा ने दो- दो एवं जी समर ने तीन विकेट लिया। जवाब में सौराष्ट्र की टीम तीन विकेट पर 176 में बनाकर आसानी से मैच अपने नाम कर लिया । अंश गोसाई ने नाबादह 59, रचित मेहता ने नाबाद 50, एच कोटक ने 27 एवं पी चौहान ने 22 रन बनाए। उत्तराखंड के रविंद्र एवं रूही को एक -एक मिला।

ओवल मैदान पर खेले गए मैच में आंध्र प्रदेश ने मणिपुर को 234 रनों से हराया। आंध्र प्रदेश ने पहले खेलते हुए 387 रन बनाए। जीएसपी तेजा ने चार चक्के हुए 18 चौके मदद से 152 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। रेमंत रेड्डी ने 83 एवं हेमंत रेड्डी ने 39 रन बनाए। के एस राजू ने 30 एवं एम लेकर ने 26 रन बनाए। मणिपुर की ओर से रोमारियो ने चार एवं दीपक ने तीन विकेट लिया। जवाब में मणिपुर की टीम 39.5 बोर्ड में 153 रन ही बना सकी। एंडी रोशन ने 31, मोहम्मद इरफान ने 26 , संजीत ने 33 रन बनाए। आंध्र प्रदेश की ओर से यशवंत ने तीन तथा शिवा एवं धरनी कुमार दो-दो विकेट लिए।

# यंग मोनार्क व अरगोड़ा ऑरेंज के बीच मैच हुआ टाई

**रांची।** लिटिल विंग बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू मैदान में यंग मोनार्क बनाम अरगोड़ा ऑरेंज के बीच खेला गया। अरगोड़ा ऑरेंज ने 29.4 ओवर में 10 विकेट पर 152 रन बनाया। अक्षत ने 38 , शिवम ने 27, उदय ने 28, सुजल ने 18 रन बनाया। अमित ने चार विकेट लेकर 37 रन बनाया। वहीं आयुष ने दो विकेट लेकर 35 रन दिया। यंग मोनार्क ने 26.2 ओवर में 10 विकेट पर 152 रन बनाया। अमित ने 29, अंकित ने 23, धीरज ने 21 व सुप्रभात ने 13 रन बनाया। सुजल ने चार विकेट लेकर 32 रन, प्रणव ने दो विकेट लेकर 29 व दानिश ने दो विकेट लेकर 19 रन दिया। दोनों के बीच खेले गये मैच टाई हो गया।





# सरला बिड़ला स्कूल ने 115 रन से जीता टूर्नामेंट



**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर मैदान सरला बिड़ला स्कूल बनाम आचार्यकुलम स्कूल के बीच खेला गया। सरला बिड़ला स्कूल ने 30 ओवर में 10 विकेट पर 283 रन बनाया। शौर्यमान ने 36, अक्षत ने 133 व ग्रन्थ ने 33 रन बनाया। हिमांशु ने दो विकेट लेकर 65, प्रथम ने दो विकेट लेकर 61, नैतिक ने दो विकेट लेकर 29 व सार्थक ने तीन विकेट लेकर 11 रन दिया। आचार्यकुलम स्कूल की टीम ने 26.5 ओवर में 10 विकेट पर 168 रन बनाया। समर ने 22, प्रथम ने 19 रन बनाया। वहीं आर्यन ने तीन विकेट लेकर 20 रन, कुमार ने दो विकेट लेकर 27 रन व आर्यन धमीजा ने तीन विकेट पर 24 रन दिया। सरला बिड़ला स्कूल ने 115 रन से टूर्नामेंट में जीत दर्ज किया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# वैश्विक औसत से भारत की बचत दर निकली आगे

- **एसबीआई ने जारी की रिपोर्ट, वित्तीय समावेशन में उछाल**

**एजेंसी । नई दिल्ली**




एसबीआई की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत की बचत दर वैश्विक औसत से आगे निकल गई है। देश में वित्तीय समावेशन (फाइनेंशियल इंक्लूजन) में उछाल आया है और अब 80 प्रतिशत से अधिक वयस्कों के पास फॉर्मल फाइनेंशियल अकाउंट हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बचत दर 30.2 प्रतिशत है, जो वैश्विक औसत 28.2 प्रतिशत से अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है, विभिन्न उपायों के कारण, भारत के वित्तीय समावेशन में जबरदस्त सुधार हुआ है और अब भारत में 80 प्रतिशत से अधिक वयस्कों के पास फॉर्मल फाइनेंशियल अकाउंट है, जबकि वर्ष 2011 में यह लगभग 50 प्रतिशत था, जिससे भारतीय परिवारों की बचत दर के वित्तीयकरण में सुधार हो रहा है। कुल घरेलू बचत में शुद्ध वित्तीय बचत की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2014 में 36 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2021-22 में लगभग 52 प्रतिशत हो गई है, हालांकि, वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान हिस्सेदारी में कमी आई है। वित्त वर्ष 2024-25 के रुझान बताते हैं कि फिजिकल बचत की हिस्सेदारी फिर से घटने लगी है।

# सेंसेक्स 498.58 अंक की बढ़त के साथ हुआ बंद

**मुंबई ।** पिछले पांच कारोबारी सत्रों में लगभग 5 प्रतिशत की गिरावट के बाद मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को घरेलू बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी के रियल्टी और पीएसयू बैंक सेक्टर में भारी खरीदारी देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 498.58 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,540.17 पर बंद हुआ और निफ्टी 165.95 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,753.45 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 558.40 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,317.60 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 186.15 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,092.9 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 26.50 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,687.80 पर बंद हुआ। हाल ही में हुई बिकवाली के बाद भारतीय शेयर बाजार में आशावाद दिखा। बाजार के जानकारों के अनुसार, अमेरिका में पर्सनल कंजप्शन एक्सपेंडीचर (पीसीई) की अपेक्षा से कम आंकड़े ने ब्याज दर-सेंसिटिव सेक्टर में निवेशकों की धारणा को मजबूत किया। व्यापक आधार पर खरीदारी देखी गई, जिसमें मेटल क्षेत्र को स्टील आयात करों में वृद्धि से विशेष रूप से लाभ हुआ। जानकारों ने बताया, पॉजिटिव मार्केट सेंटीमेंट के बावजूद, नए कैटेलिस्ट की कमी और त्योहारी सीजन और छुट्टियों के प्रभाव के कारण शॉर्ट टर्म आउटलुक स्थिर रहने की उम्मीद है।



# गोल्ड ने वर्ष 2024 में दिया शेयर बाजार से दोगुना रिटर्न

- **19 प्रतिशत रिटर्न से निवेशक हुए मालामाल**

**नई दिल्ली ।** गोल्ड ने वर्ष 2024 में निवेशकों पर जमकर धन बरसाया है। इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक गोल्ड इंवेस्टर्स को 19 प्रतिशत की रिटर्न दे चुका है, जो कि समान अवधि में सेंसेक्स द्वारा दिए गए 8.35 प्रतिशत के रिटर्न से भी दोगुना है। एक जनवरी, 2024 को 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 63,970 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो कि 23 दिसंबर को बढ़कर 76,160 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इस दौरान 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 12,190 रुपये प्रति 10 ग्राम या 19 प्रतिशत बढ़ी है। वर्ष 2024 में गोल्ड की कीमत बढ़ने के पीछे कई कारण थे। गोल्ड महंगाई के खिलाफ वैश्विक स्तर पर एक अच्छा हेज माना जाता है। इस कारण से जब भी महंगाई अधिक होती है, तो गोल्ड की कीमतों में तगड़ा उछाल देखा जाता है। ब्याज दरों और गोल्ड की कीमतों में हमेशा एक विपरीत संबंध होता है। जब भी ब्याज दरें बढ़ती हैं, तो गोल्ड की कीमतें नीचे जाती हैं। वहीं, जब भी ब्याज दरें नीचे जाती हैं, तो गोल्ड की कीमतें ऊपर जाती हैं। इस कारण से जब सितंबर, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की गई थी।

# खाड़ी देशों से भारत में एफडीआई फ्लो 24.54 बिलियन डॉलर हुआ

- **यह भारत व खाड़ी क्षेत्र के बीच मजबूत होते आर्थिक संबंधों को दर्शाता है**

**नई दिल्ली ।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2013 से सितंबर 2024 के बीच खाड़ी सहयोग परिषद देशों से भारत में एफडीआई फ्लो बढ़कर 24.54 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। यह अप्रैल 2000 से सितंबर 2013 के बीच इन देशों से आए 3.046 बिलियन डॉलर के एफडीआई के आंकड़े की तुलना में 8 गुना वृद्धि को दर्शाता है। आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि जीसीसी देशों से भारत में आए एफडीआई फ्लो का 89 प्रतिशत पिछले 10 वर्षों में आया है, जो भारत और खाड़ी क्षेत्र के बीच मजबूत होते आर्थिक संबंधों को प्रदर्शित करता है। कुवैत वर्तमान में खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) की अध्यक्षता कर रहा है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमीरात यात्रा से बहरीन, ओमान, कतर, सऊदी अरब, यूएई और कुवैत से मिलकर बने इस प्रभावशाली समूह के साथ भारत के जुड़ाव को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को कुवैत गए थे और 43 वर्षों में खाड़ी देश का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बड़की नदी पुल के उपर रविवार की देर रात बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घायल युवक गिरिडीह के राजधनवार गांव के विष्णु साव के पुत्र अरविंद कुमार साव बताया जा रहा है। बताया जाता है कि बाइक से युवक हजारीबाग की ओर से चतरा की ओर जा रहा था। इस क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे कोल वाहन के चपेट में बाइक आने से अनियंत्रित होकर पुल के डिवाइडर में जा टकराया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए युवक को हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### प्रशासन गांव की ओर के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# स्वरोजगार से जोड़ने का उचित प्रयास किया जा रहा है : अपर समाहर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। समाहरणालय सभागार में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर समाहर्ता रामा रविदास ने दीप प्रज्जवलित कर प्रशासन गांव की ओर से संबंधित कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास ने कहा कि प्रशासन गांव की ओर एक अति महत्वपूर्ण बिंदु है। प्रशासन की पहुंच गांव तक होनी चाहिए। प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान कर बेरोजगार युवाओं, इक्षुक महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उचित प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वंचित लोगों को भी मुख्य धारा में लाया जा सके।

गांव की विकास को बढ़या जा सकें। उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। गांव का विकास बगैर उनके संभव नहीं है। सभी के सहयोग और समन्वय से इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकेगा। केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित सुशासन सप्ताह के तहत क्रियान्वित होने वाली लोक कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया जा रहा है। योजनाओं से संबंधित समस्याओं को यथासंभव ऑन द स्पॉट निबटारा किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और सरकारी योजनाओं का फायदा अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। कार्यशाला में विषय पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मियों को कई आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिये गए। सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के माध्यम से अपर समाहर्ता ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों के साथ संवाद किया। साथ ही इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए वीडियो का प्रसारण किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



## सेवानिवृत्ति सहायक अध्यापक को दी गई विदाई

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय तिलैया में कार्यरत सहायक अध्यापक मो.नईमुद्दीन अंसारी सेवानिवृत होने पर उन्हेंभावभीनी विदायी दी गई। सेवानिवृत सहायक अध्यापक को अंग वस्त्र के साथ-साथ पाठ पुस्तक देकर उन्हें विदाई दिया गया। बताया गया कि मो. नईमुद्दीन अंसारी विद्यालय को 17 वर्ष अपना बेहतर सेवा दिया। मौके पर प्रमुख अनीता यादव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र यादव के साथ साथ कई अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस का पैदल मार्च आज, विधायक होंगे शामिल

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के अम्वाटीकर स्थित आंबेडकर चौक से लेकर समाहणालय गेट तक कांग्रेस कमेटी द्वारा पैदल मार्च का आयोजन किया गया है। युथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अमित आर्यन ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और प्रदेश युवा कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के अपमान करने के विरोध में पैदल मार्च का आयोजना किया गया है। इस कार्यक्रम में सभी जिला कमेटी, विधानसभा कमेटी, प्रखंड कमेटी के लोग भाग लेंगे। साथ ही इस कार्यक्रम में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह भी शामिल रहेंगे।

## पुलिस ने आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**लातेहार।** थाना क्षेत्र के प्राथमिकी अभियुक्त अशोक राम पिता स्व जवाहीर राम साकिन टिटैया टोला आसेहार थाना पांकी जिला पलामू के घर पर सोमवार को पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। सब इंस्पेक्टर रामाकांत गुप्ता,असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रविंद्र महली असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रामनाथ मंडल एवं सशस्त्र बल द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति व अभियुक्त के परिजनों के समक्ष इश्तेहार चिपकाया। साथ ही अभियुक्त को लातेहार थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण कराने के लिए कहा गया। आत्म समर्पण करने पर न्यायालय के आदेश से शीघ्र ही कुर्की जप्ती की कारवाई की जाएगी।

## आरसीए सीनियर ने 52 रन से मैच हराया

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान खेले जा रहे लीग मैच में सोमवार को नगवां रॉक्स बनाम आरसीए सीनियर के बीच लीग मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीए सीनियर ने 19.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 157 रन बनाया।

## प्रशासन गांव की ओर शिविर में 203 मामलों का निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के तहत सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के मासियातु पंचायत भवन में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव सहित प्रखंड के विभिन्न विभाग के कर्मी उपस्थित थे। शिविर में अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों में योजना का जानकारी लेने व लाभान्वित होने के लिए काफी उत्साहित की गई। शिविर में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए कुल 14 आवेदन, 4 जाति प्रमाण पत्र, अंचल रशीद के लिए एक आवेदन प्राप्त हुए। स्वास्थ्य विभाग में काफी आवेदन प्राप्त हुए। वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड,आधार सुधार,नया कार्ड आदि के लिए भी कई आवेदन प्राप्त हुए। एक क्रेडिट आजीविका सखी मंडल द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ। देखा जाए तो विभिन्न विभाग से कुल 313 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें त्वरित 203 मामलों का निष्पादन किया गया। शेष 110 मामला का निष्पादन शीघ्र ही समाधान करने का आवेदकों को आश्वासन दिया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि यह सरकार का बहुत ही अच्छी पहल है। सरकार का एक ही लक्ष्य है कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति को जानकारी देना और लाभान्वित करना है। ग्रामीण कार्यक्रम से जुड़कर योजना का लाभ लेने की अपील की। मौके पर बीडीओ, जेएसपीएलएस बीपीएम सुनील कुमार पशुपालन विभाग डॉ नीलिमा तिर्की, मुखिया, चाँदनी देवी, मुखिया उर्मिला देवी, पंचायत सेवक उमेश कुजूर, कंप्यूटर ओप्रेरेटर सोनू कुमार,

## प्रशासन गांव की ओर के तहत शिविर का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के बारियातू व पहरा पंचायत में प्रशासन गांव की ओर के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिप सदस्य अनिता देवी,प्रमुख अनीता यादव,मुखिया देगन गंझू, मुखिया बेबी देवी,बीडीओ राहुल देव,सीओ अनंत शयनम विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाए गए थे, परंतु कई विभाग का कुर्सी खाली रह गया और कर्मी नहीं पहुंचे। इसे देखकर जिला परिषद सदस्य अनीता देवी भड़क गई। उन्होंने कहा कि शिविर का सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है। कई विभाग के कर्मी नहीं पहुंचे हैं और स्टॉल खाली रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्रामीण भी नहीं पहुंच पाए हैं, जिस पर उन्होंने कहा कि प्रचार प्रसार नहीं होने के कारण ग्रामीणों के भीड़ नहीं लगी। उन्होंने कहा कि शिविर में लोग पहुंचते हैं, परंतु ग्रामीणों का किसी प्रकार का कोई काम नहीं होता है सिर्फ और सिर्फ कागज पर सिमट कर रह जाता है। इसीलिए शिविर से ग्रामीणों का विश्वास हट चुका है। इसलिए ग्रामीण शिविर में आना नहीं चाहते। यहां तक की कई ग्रामीण स्लॉट में वृद्धा पेंसन,अबुवा आवास, मंईयां सम्मान योजना आदि के फार्म ढूंढते रहे परंतु नहीं मिल पाया। इससे ग्रामीण बैरंग वापस लौट गए। मौके पर उपप्रमुख प्रीतम यादव, पंचायत समिति सदस्य रहमती प्रवीण, कामेशर भारती, पंचायत सेवक दिगम्बर पांडे, उज्वल कुमार सिंह,प्रियंका प्रिया,बीपीओ राजकुमार सिंह एई मनोज कुमार,रोजगार सेवक, सतेंद्र कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार, निर्मल दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

## विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों ने की विधायक से औपचारिक मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू (लातेहार)।** प्रखंड को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सोमवार को बीडीओ अभय कुमार, अंचल अधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, पूर्वी रेंजर उमेश कुमार दुबे ने मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान बीडीओ ने प्रखंड में चल रहे विकास योजनाओं की जानकारी दी और उनके प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट साझा की। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि गारू प्रखंड के हर गांव तक विकास की रोशनी पहुंचानी होगी। उन्होंने कहा, गारू सुदूरवर्ती और ग्रामीण क्षेत्र है। यहां के लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं और विकास कार्यों का लाभ मिलना चाहिए। सभी विभागों को मिलकर समन्वय से कार्य करना होगा, ताकि क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो सके। इस दौरान विधायक ने ग्रामीण इलाकों में सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए सभी विभागों को प्राथमिकता के आधार पर काम करना होगा। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इस अवसर पर गारू प्रखंड के विकास की योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी और जल्द से जल्द इन योजनाओं को धरातल पर उतारने का भरोसा दिया।

## पेज एक के शेष

### तोरपा में सड़क...

विजय का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में करने के बाद रांची ले जाया गया। घटना की सूचना पाकर रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, तोरपा थाना के सब इंस्पेक्टर संजीव सिंह घटनास्थल पहुंचे। तोरपा थाने की पुलिस दोनों शवों को थाना ले आई। उनका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल खूंटी में कराया जाएगा। अरशद की मौत की खबर सुन तोरपा पहुंचे उसके परिजनों ने बताया कि अरशद के पिता नहीं हैं। घर में छोटा भाई है। अरशद घर का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था। वह गेल में कंप्यूटर ऑपेरटर था। वहां से जो पैसे मिलते थे, उसी से घर चलता था। जबकि आशीष उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला का रहने वाला था। एक वर्ष पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। उसकी मौत की खबर सुनकर उसके बड़े भाई और अन्य स्वजन तोरपा पहुंचे।

### जन समस्याओं को...

सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 से जुड़े विवादों को लेकर दर्ज मामले में जो निर्देश दिए गए हैं, उसके अनुरूप पूरी निष्पक्षता के साथ जांच पूरी कर रिपोर्ट सुपुर्द करें। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान परीक्षा आयोजन के दौरान हुई गड़बड़ियों तथा मिली शिकायतों और परीक्षा परिणाम के बाद हुए विवाद एवं हंगामें की भी जांच हो और इसमें जो भी दोषी हों, उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में नियुक्तियों को लेकर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं में गड़बड़ियों की गुंजाइश न हो, इस दिशा में ऑनलाइन मोड में परीक्षा आयोजित करने की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) माध्यम से परीक्षा लेने पर काफी हद तक पेपर लीक जैसे मामलों को नियंत्रित किया जा सकता है। वहीं, ऑफलाइन परीक्षा आयोजन को लेकर होने वाली परेशानियों के साथ समय की भी बचत होगी। मुख्यमंत्री ने पोक्सो एक्ट, महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा अत्याचार और यौन उत्पीड़न, ह्यूमन ट्रैफिकिंग और पलायन जैसे मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिए। स्कूल-कॉलेज में अवेयरनेस कैंपेन चलाये जाएं। शहरों के साथ ग्रामीण इलाकों में भी पुलिस की सघन पेट्रोलिंग होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के जरिये संचालित सर्विसेज और हेल्पलाइन नंबर के लिए राज्य स्तर पर इंटीग्रेटेड एप बनाया जाए। इस एप का व्यापक प्रचार प्रसार भी हो, ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिले और वे इसका लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि महिला हिंसा से जुड़े मामलों में दर्ज शिकायतों और उसपर हुई कार्रवाई की हर महीने रिपोर्ट तैयार होनी चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जमीन विवाद से जुड़ी कई शिकायत लगातार सामने आ रही हैं। विशेष कर अंचल कार्यालयों में दाखिल-खारिज के नाम पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इस पर नियंत्रण करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इसमें शामिल अधिकारियों, कर्मियों के साथ जमीन दलालों के खिलाफ कार्रवाई करें। बैठक में राज्य के सभी वरीय अधिकारी मौजूद थे।

### डेढ़ साल में...

उन्होंने कहा कि पिछले दशक की नीतियों को देखें। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, हर योजना युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई है। भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी नीतियों में बदलाव किया। भारत ने अपने रक्षा क्षेत्र में मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया और इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को हुआ। आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। आज जब कोई युवा अपना स्टार्टअप शुरू करने का फैसला करता है, तो उसे समर्थन देने के लिए पूरा इकोसिस्टम मिल जाता है। आज जब कोई युवा खेलों में अपना करियर बनाने की योजना बनाता है, तो उसे विश्वास होता है कि वह असफल नहीं होगा। आज खेलों में प्रशिक्षण से लेकर टूर्नामेंट तक हर कदम पर युवाओं के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आज हम कितने ही क्षेत्रों में आमूलचूल परिवर्तन देख रहे हैं। आज भारत मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। आज अक्षय ऊर्जा से लेकर जैविक खेती तक, अंतरिक्ष क्षेत्र से लेकर रक्षा क्षेत्र तक, पर्यटन से लेकर वेलनेस तक, हर क्षेत्र में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उल्लेखनीय है कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्मसशक्तीकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करता है। रोजगार मेला देशभर में 45 स्थलों पर आयोजित किया गया। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए भर्तियां हो रही हैं। देशभर से चयनित नए कर्मचारी गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में शामिल होंगे।

### फिल्म निमार्ता श्याम...

उन्होंने फिल्मों के अलावा डॉक्यूमेंटरी, टेलीविजन धारावाहिक और शॉर्ट फिल्में भी बनाई थी। इसमें ह्यनेहरूह्न (1985) और ह्यसत्यजित राय, फिल्मकारह्न को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला। टेलीविजन धारावाहिक में ह्ययात्राह्न (1986), कथासागर (1986), भारत एक खोज (1988) और शॉर्ट फिल्मों में ह्यघर बैठा गंगाह्न (1962), ह्यपूवनमह्न (1969), ह्यफ्लॉवर गार्डनह्न (1969), ह्यहीरोह्न (1975) शामिल हैं।

## कांग्रेसियों ने किया प्रखंड अध्यक्ष को सम्मानित

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय मे सोमवार दिन को मनिका प्रखंड के मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष दरोगी यादव के लिए प्रखंड कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें बधाई दी। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने यादव को माला पहनाकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में उपस्थित मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की कार्यकर्ताओ की बदौलत और क्षेत्र की जनता के आशिर्वाद से विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने विजयी मुकाम हासिल की है। उम्मीद ही नहीं उन्हें पूरा विश्वास है प्रखंड के नये कांग्रेस अध्यक्ष सभी कार्यकर्ताओ का मान सम्मान रखेंगे। मनोनीत कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष दरोगी यादव ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी को और मजबूत बनाने के साथ साथ सभी कार्यकर्ताओ का मान सम्मान रखेंगे।

## रामानुजम की जीवनी से प्रेरणा लेने की जरूरत : प्राचार्य

**लोतेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडेय, जिला संघचालक अनिल कुमार ठाकुर, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, वरिष्ठ आचार्य ओंकार नाथ सहाय, विद्यालय के गणित प्रमुख आलोक कुमार पांडेय, राकेश कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र और रामानुजन के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया। कक्षा 9 की बहन रूपाली राज और दशम के राज ने गणित हमारा जीवन व रामानुजन की जीवनी शीर्षक पर अपने वृत को रखा। कार्यक्रम की प्रस्तावना विद्यालय के गणित प्रमुख आचार्य आलोक पांडेय ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कक्षा तृतीय से दशम तक के भैया बहनों ने कुल 45 ग्रुप बनाकर रेखाएं और कोण, वर्ग और वर्गमूल, वृत्त के प्रकार, त्रिकोणमिति, आकार, क्षेत्रमिति, बहुपद , कोण के प्रकार इत्यादि पर एक से बढ़कर एक मॉडल बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि बच्चे यदि रुचि लेकर गणित विषय का अध्ययन करें तो वह परीक्षा में प्रथम अंक प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडेय, रामानुजम जयंती के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने कहा रामानुजम भारत के प्रख्यात गणितज्ञ है। उन्होंने गणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही जिला संघ चालक अनिल कुमार ठाकुर ने भैया बहनों को रामानुजम की जीवनी से प्रेरणा लेने की बात कही। प्रतियोगिता का सफल आयोजन में गणित आचार्य आलोक पांडेय, राकेश सिन्हा, रूबी सिंह, उपासना कुमारी के साथ सभी आचार्य का पूर्ण सहयोग रहा।

## नाबालिग चालकों की वजह से बढ़ रही है कोल वाहनों से दुर्घटनाएं

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र में प्रतिदिन कोल वाहनों की दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। इसका मुख्य वजह है, नाबालिक चालकों द्वारा कोल वाहनों का संचालन करना है। निर्धारित गति सीमा से अधिक तेजी के साथ कोल वाहन को चलाया जा रहा है। वैसे में अनियंत्रित होकर कोल वाहन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। सोमवार की शाम 3 बजे सुबह थाना क्षेत्र के बड़की नदी के समीप अनियंत्रित होकर कोल वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में चालक व उपचालक बाल-बाल बच गए। बताया जाता है कि कोयला लेकर कोल वाहन टंडवा से कटकमसांडी जा रहा था। इस क्रम में गिद्धौर के बड़की नदी के समीप तीखा मोड़ रहने के कारण वहां अनियंत्रित हो गया। इससे करीब सात फीट गड्ढा में जाकर कोल वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने कोल वाहन को कम गति के साथ चलाने की मांग की है।

## जेएसएलपीएस के तहत एक दिवसीय मोबलाइजेशन शिविर का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में जेएसएलपीएस के तत्वावधान में सोमवार को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत एक दिवसीय मोबलाइजेशन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान, अंचल पदाधिकारी नंद कुमार राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड उपप्रमुख निशा शाहदेव, 20 सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। बीपीएम मुजीबुल आर्फिन ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले विभिन्न तरह के प्रशिक्षणों के संबंध में विस्तृत रूप से बताया। बीडीओ अमित कुमार पासवान ने कहा कि बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए यह सुनहरा अवसर है। लाभुक इसका लाभ अवश्य उठाए और प्रशिक्षण लेकर रोजगार करके स्वावलंबी बने। सीओ नंदकुमार राम ने बारियातू प्रखंड में जेएसएलपीएस के दीदियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बताने, जागरूक करने व प्रशिक्षण लेकर रोजगार करने के लिए प्रेरित करने की अपिल की। प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,उप प्रमुख निशा साहदेव व 20 सूत्री अध्यक्ष ने प्रखंड क्षेत्र के बेरोजगार युवक -युवतियों को भारी संख्या में प्रशिक्षण लेने व रोजगार अपनाने की बात कही। सीसी उत्तम कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों से ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थी व उनके माता-पिता को समझाने में मदद करने की अपील की। मौके पर डीएम (स्कील) नवनीत कुमार, मोबलाइजर चंदू यादव, दिलीप उरांव,सीसी अनिल उरांव, उत्तम कुमार,सोनी खातुन,सत्येन देवी, बीपीओ केतन गुप्ता सहित भारी संख्या में जेएसएलपीएस के दीदी व प्रशिक्षण के इच्छुक युवक युवतियां उपस्थित थे।

## उर्दू प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बीच पोशाक का वितरण

हुसैनाबाद। लंबी गली स्थित राजकीय उर्दू प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बीच पोशाक व गरम वस्त्र का वितरण पूर्व वार्ड पार्षद सुहैल आलम ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बच्चों को पोशाक के साथ गरम वस्त्र व जूता आदि उपलब्ध करा कर सरकार ने बच्चों के बीच एकरूपता लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पोशाक में बच्चों के स्कूल आने से बेहतर वातावरण का निर्माण होने के साथ बच्चों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि वह प्रतिदिन पोशाक में स्कूल आएं। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को कहा कि बच्चों को पोशाक में आने को प्रेरित करेंगे।

## मनरेगा का सामाजिक अंकेक्षण के दौरान ली जानकारी

**नीलाम्बर पीतांबरपुर।** प्रखंड स्तरीय महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का वित्तीय वर्ष 2020- 21,2021-22,2022- 23 का सामाजिक अंकेक्षण प्रखंड कार्यालय के सभागार में हुआ। इसमें ज्यूरी सदस्य प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान, पूर्वी जिला परिषद सदस्य विजय राम, लोकपाल पलामू शंकर कुमार, बीजीभीएस लेस्लीगंज शैलेश प्रसाद वर्मा,झारखंड सामाजिक अंकेक्षण सोसायटी कार्यकारिणी सदस्य जेम्स हेरेंज,प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर अकेक्षण कार्य का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान ने की।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** राजकीय मध्य विद्यालय करकोमा के परिसर में सोमवार को मुखिया, बीरेन्द्र नाथ तिवारी ने छात्राओं के बीच, साइकिल का वितरण किया। साइकिल का वितरण, वर्ग आठ के छात्राओं को किया गया है। इस अवसर पर मुखिया बीरेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि सरकार के द्वारा छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराने का उद्देश्य है कि छात्राएं शिक्षा के प्रति जागरूक हो। ताकि पढ़ लिखकर समाज में जिला और , प्रदेश में अपना नाम को रोशन करें। उन्होंने कहा कि छात्राओं को पढ़ाई में सुविधा के लिए साइकिल दिया गया है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक वरुण कुमार सहायक शिक्षक मिथिलेश तिवारी ओमप्रकाश तिवारी सत्येंद्र तिवारी वार्ड सदस्य राजेंद्र तिवारी संहित अनेकों लोग वितरण के मौके पर उपस्थित थे।

**कार्यक्रम**

### स्कूलों में मनाई जाएगी संविधान वर्ष की 75वीं वर्षगांठ

## स्कूलों में संविधान वर्ष से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करें: बीईईओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के सभी स्कूलों में 26 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक संविधान के लागू होने की 75वीं वर्षगांठ मनाने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में स्कूली साक्षरता विभाग द्वारा सभी विद्यालयों को कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। खरौंधी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) प्रतिभा कुमारी ने सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी कर कहा है कि वे अपने-अपने स्कूलों में संविधान वर्ष से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देश पर यह महत्वपूर्ण अवसर बच्चों को




संविधान की जानकारी और उसके महत्व से अवगत कराने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की जानकारी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) नवीन प्रकाश ने भी दी। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों को दीक्षा प्लेटफार्म पर उपलब्ध सामग्री का उपयोग करते हुए संविधान से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित करनी हैं। इन गतिविधियों में निबंध लेखन, वाद-विवाद, चित्रांकन, और अन्य शैक्षणिक गतिविधियाँ शामिल होंगी, जो बच्चों को संविधान के प्रति जागरूक बनाएंगी। कार्यक्रम से संबंधित सभी तस्वीरें, वीडियो, और प्रतिवेदन बीआरसी कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। बीईईओ प्रतिभा कुमारी ने कहा कि यह आयोजन छात्रों में संविधान के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।इस पहल से बच्चों में न केवल संविधान की जानकारी बढ़ेगी, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों की भी गहरी समझ मिलेगी। प्रखंड के सभी विद्यालयों को इसे सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### दिल्ली में विहिप के कार्यक्रम में सात से आठ हजार त्रिशूल बांटे जा चुके हैं

# विस चुनाव से पहले 50 हजार त्रिशूल बांटने का लक्ष्य

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) दिल्ली में त्रिशूल बांट रही है, सात से आठ हजार त्रिशूल बांटे जा चुके हैं। चुनाव से पहले 50 हजार से ज्यादा त्रिशूल बांटने का लक्ष्य है। जबकि, विहिप का कहना है कि इसका चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी, 2025 को समाप्त हो रहा है। जनवरी के पहले सप्ताह में चुनाव तारीखों की आधिकारिक घोषणा हो सकती है तथा फरवरी मध्य में मतदान हो सकते हैं। इससे पहले त्रिशूल अभियान की शुरुआत 15 दिसंबर को हुई थी, जब पहला समारोह पहाड़गंज में हुआ था। अगला बड़ा समारोह 19 जनवरी, 2025 को होना है। कोई भी व्यक्ति इन कार्यक्रमों में पहुंचकर त्रिशूल ले सकता है। विहिप वॉट्सऐप के जरिये आम जनता को आमंत्रित कर रहा है, आप सभी अपना नाम लिखवाएं और शस्त्र धारण करें। यह एक तरह से विहिप की युवा इकाई बजरंग दल में भर्ती का कार्यक्रम भी है। गुप्ता बताते हैं, जो संगठन में पहले से हैं, उन्हें तो (त्रिशूल) धारण करना ही होता है। जो संगठन में नहीं होता है और धारण करने की इच्छा जताता है, उसे संगठन में शामिल कर लिया जाता है। दिल्ली में त्रिशूल बांटने का काम लंबे समय बाद हो रहा है। प्रांत मंत्री के मुताबिक, वर्ष 2024 से पहले दिल्ली में आखिरी बार त्रिशूल बांटने का काम वर्ष 2012 (या 2015) में किया गया था।

क्या इतने साल बाद चुनाव के मद्देनजर त्रिशूल बांटे जा रहे हैं? इस पर सुरेंद्र गुप्ता कहते हैं, त्रिशूल दीक्षा का कार्यक्रम बजरंग दल की स्थापना के समय से हो रहा है। दिल्ली में भी समय-समय पर हुआ है। यह कार्यक्रम ऐसा ही होता है, पांच-दस साल में एक बार। क्योंकि, जिस जेनरेशन को हमने पहले (त्रिशूल) दे दिया है, उसके पास तो रहता ही है। गुप्ता आगे कहते हैं, अगर चुनाव को ध्यान में रखकर ये कर रहे होते, तो अभी जब लोकसभा चुनाव हुआ, तब क्यों नहीं किया? उससे पहले नगर निगम के चुनाव में क्यों नहीं किया? हिंदू समाज की रक्षा करने का जो संकल्प विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का कार्यकर्ता लेता है, वो चुनाव के आधार पर नहीं लेता। हालांकि, पहाड़गंज के समारोह में उसी मुद्दे की गूंज थी, जिसे भाजपा चुनावी मुद्दा बना रही है- बांग्लादेशी घुसपैठिया।

मुख्य वक्ता के तौर पर समारोह में शामिल हुए विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र जैन ने दिल्ली के उपराज्यपाल का धन्यवाद करते हुए कहा था, उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना जी की पहल से दिल्ली पहला राज्य बन गया है, जिसने बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें भारत से निकालने का प्रयास प्रारंभ किया है। किंतु, हमें संदेह है कि उपराज्यपाल महोदय के इस सराहनीय पहल और निर्देश का उनके प्रशासनिक अधिकारी गंभीरता से पालन करेंगे। बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बाहर खदेड़ने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल और प्रशासन को सहयोग देने के लिए तैयार हैं। विहिप ने सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए 18 दिसंबर को दिल्ली के उपराज्यपाल को एक पत्र भी लिखा है।

जहां तक समारोह के राजनीतिक सरोकार का सवाल है, तो खुद सुरेंद्र गुप्ता ने 'त्रिशूल दीक्षा समारोह' का ऐसा पोस्टर शेयर किया था, जिस पर उसी नारे का इस्तेमाल किया गया था, जो पीएम मोदी ने चुनाव के दौरान किया था- एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

15 दिसंबर के समारोह में टीवी चैनल सुदर्शन न्यूज से बात करते हुए विहिप के दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष कपिल खन्ना ने कहा था, हमने संकल्प लिया कि विधर्मियों के कुचक्र को दिल्ली में समाप्त करेंगे। हमने संकल्प लिया कि दिल्ली में विधर्मियों द्वारा फैलाए जा रहे लव जिहाद, लैंड जिहाद, इन सब कुकर्मों को समाप्त करेंगे। हमने गोरक्षा का भी संकल्प लिया है। पहाड़गंज के समारोह में हथियार वितरण के दौरान संकल्प दिलाने का काम बौद्ध धर्म के एक संत राहुल भंते ने किया, जिनकी मुख्य दीक्षा ही अहिंसा और करुणा की होती है। जैन ने उस दिन कहा था कि संभल की हिंसा 'सोची समझी साजिश का हिस्सा' थी। 'हिंदुओं की धार्मिक यात्राओं पर जिहादी तत्व हमले करवाते हैं और यदि स्थापित मंदिरों का कानूनी तरीके से सर्वे किया जाता है, तो भी सांप्रदायिक उन्माद फैलाने का प्रयास किया जाता है। अब ऐसे हमलों का जवाब देने के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है,' जैन ने कहा था।



### महाकाल का आशीर्वाद है त्रिशूल : सुरेंद्र गुप्ता

हथियार वितरण का यह कार्यक्रम विहिप क्यों चलाता है? इसके जवाब में सुरेंद्र गुप्ता कहते हैं, हमारे सभी देवी-देवताओं के हाथ में शस्त्र है। हम विजयदशमी के दिन शस्त्र पूजन भी करते हैं। हम चाहते हैं कि प्रतीक के रूप में भगवान महाकाल का जो आशीर्वाद है त्रिशूल, उसे हर हिंदू धारण करे।

**संगठन** ने कहा, चुनाव से कोई लेना-देना नहीं

**15** दिसंबर को हुई थी अभियान की शुरुआत

### अटलांटिक को प्रशांत से जोड़ने वाला कृत्रिम जलमार्ग है पनामा नहर

# ट्रंप ने पनामा नहर को वापस अमेरिकी कब्जे में लेने को कहा

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** क्या अमेरिका के राष्ट्रपति पद का शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रंप पनामा नहर को वापस अमेरिकी कब्जे में ले पाएंगे? क्योंकि, डोनाल्ड ट्रंप ने 22 दिसंबर को कहा कि उनका प्रशासन पनामा नहर पर नियंत्रण हासिल करने का प्रयास कर सकता है, जिसे अमेरिका ने 'मूर्खतापूर्ण' तरीके से पनामा को सौंप दिया था। ट्रंप ने अपनी इस बात के पीछे तर्क दिया कि अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाली इस अहम नहर से गुजरने के लिए जहाजों से बेवजह शुल्क वसूला जाता है।

डोनाल्ड ट्रंप के इस कथन के जवाब में पनामा के राष्ट्रपति मुलिनो ने कहा, नहर का प्रत्येक वर्ग मीटर पनामा का है और आगे भी उनके देश का ही रहेगा। मालूम हो कि अमेरिका ने 1900 के दशक की शुरुआत में इस नहर का निर्माण किया था और उसका उद्देश्य अपने तटों के बीच वाणिज्यिक व सैन्य जहाजों के आवागमन को सुविधाजनक बनाना था। वाशिंगटन ने 1977 में राष्ट्रपति जिमी कार्टर द्वारा हस्ताक्षरित एक संधि के तहत 31 दिसंबर 1999 को जलमार्ग का नियंत्रण पनामा को सौंप दिया था। यह नहर जलाशयों पर निर्भर है और वर्ष 2023 में पड़े सूखे से यह काफी प्रभावित हुई थी, जिसके कारण देश को इससे गुजरने वाले जहाजों की संख्या को सीमित करना पड़ा था। इसके अलावा नौकाओं से लिया जाने वाला शुल्क भी बढ़ा दिया गया था। हालांकि, इस साल मौसम सामान्य होने के साथ नहर पर ट्रांसपोर्टेशन सामान्य हो गया है, लेकिन शुल्क में बढ़ोतरी अगले साल भी कायम रहने की उम्मीद है। पनामा अमेरिका का एक महत्वपूर्ण सहयोगी है और नहर इसकी अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। पनामा के राष्ट्रपति ने समय-समय पर अनेक मुद्दों पर ट्रंप का साथ दिया है। ट्रंप ने अपने संबोधन में कहा कि जब उनका दूसरा कार्यकाल शुरू होगा और उस दौरान यदि कुछ सिद्धांतों का पालन नहीं किया गया, तो वे पनामा नहर को अमेरिका को पूर्ण रूप से, शीघ्रता से और बिना किसी सवाल के वापस करने की मांग करेंगे।

ट्रंप के संबोधन के बाद पनामा के राष्ट्रपति मुलिनो ने एक वीडियो जारी करके कहा, नहर का प्रत्येक वर्ग मीटर पनामा का है और आगे भी उनके देश का ही रहेगा। उन्होंने कहा, पनामा के लोगों के कई मुद्दों पर अलग-अलग विचार हो सकते हैं, लेकिन जब हमारी नहर और हमारी संप्रभुता की बात आती है, तो हम सभी एकजुट हैं।

पनामा नहर अटलांटिक महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ने वाला कृत्रिम जलमार्ग है। पनामा नहर के निर्माण की परिकल्पना काफी समय से की जा रही थी, क्योंकि दक्षिण अमेरिका के सिरे से घूमकर एक महासागर से दूसरे महासागर तक जाना महंगा और समय लेने वाला काम था। इसका निर्माण वर्ष 1904 से 1914 के बीच हुआ था, जिसका श्रेय मुख्य रूप से अमेरिकी प्रयासों को जाता है। उससे पहले इस क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण भौगोलिक स्थिति के कारण नहर का निर्माण कठिन माना जाता था। वर्ष 1903 तक कोलंबिया ने पनामा पर नियंत्रण रखा, जब अमेरिका समर्थित तख्तापलट ने पनामा को स्वतंत्रता दिलाने में मदद की। बदले में, अमेरिका को 1903 की हे-बुनौ-वरिला संधि के माध्यम से नहर बनाने और उसे चलाने के अधिकार और पनामा नहर क्षेत्र के स्थायी अधिकार प्राप्त हुए।



- पनामा के राष्ट्रपति मुलिनो ने कहा, नहर का प्रत्येक वर्ग मीटर पनामा का है और आगे भी उनके देश का ही रहेगा
- पनामा नहर का निर्माण 1904 से 1914 के बीच हुआ था, जिसका श्रेय मुख्य रूप से अमेरिकी प्रयासों को जाता है

### पनामा नहर खुलने के बाद बन गया विवाद का विषय

पनामा नहर खुलने के बाद से इसका नियंत्रण पनामा और अमेरिका के बीच विवाद का विषय बन गया, जिसके कारण वर्ष 1964 में इस क्षेत्र में दंगे भी हुए। कई बार बातचीत के प्रयास भी किए गए, लेकिन कोई खास सफलता नहीं मिली। 1970 के दशक में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जिमी कार्टर ने भी संधि का विरोध किया था, लेकिन 1976 में चुनावी जीत के बाद उनका नजरिया बदल गया। अगले साल, टोरिजोस-कार्टर संधियों पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे अमेरिका को पनामा नहर की तटस्थता के लिए किसी भी खतरे के खिलाफ सैन्य रूप से रक्षा करने की शक्ति मिली। इसके अलावा, यह भी तय हुआ कि पनामा नहर 31 दिसंबर, 1999 को पनामावासियों को सौंप दी जाएगी। इस संधि के तहत पनामा नहर 31 दिसंबर, 1999 को पनामावासियों को सौंप दी गई। लेकिन, अब ट्रंप धमकी दिए हैं कि अमेरिका पनामा को वापस अपने क जे में ले लेगा। देखिए क्या होता है?

### हूती ग्रुप का अंजाम दूसरे आतंकी समूहों जैसा होगा : नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल यमन में हूती ग्रुप के खिलाफ 'बलपूर्वक कार्रवाई' करेगा। उन्होंने कहा कि हूती ग्रुप का अंजाम दूसरे आतंकी समूहों की तरह होगा। उनका यह बयान हूती ग्रुप की ओर से तेल अवीव क्षेत्र में मिसाइल दागे जाने के एक दिन बाद आया। नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, जिस तरह हमने ईरान के (अन्य) सहयोगियों के खिलाफ बलपूर्वक कार्रवाई की, उसी तरह हम हूती ग्रुप के खिलाफ भी कार्रवाई करेंगे।

### तीन आतंकवादी पीलीभीत में मुठभेड़ में ढेर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में सोमवार को पंजाब पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस की सयुंक्त कार्रवाई में खालिस्तान समर्थक तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने दी। मारे गए तीनों आतंकियों पर गुरदासपुर की पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले में संलिप्तता का भी आरोप है।

## गणतंत्र दिवस परेड में फिर नहीं दिखेगी दिल्ली की झांकी

- रक्षा मंत्रालय ने इस वर्ष भी नहीं दी इजाजत
- पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने जताई नाराजगी

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अगले माह 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में भी बीते कई वर्ष की तरह फिर दिल्ली की झांकी नहीं दिखेगी। क्योंकि, रक्षा मंत्रालय को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार की बनाई झांकी का मॉडल पसंद ही नहीं आया। सो, उसकी इजाजत नहीं दी। इस पर 'आप' नेता अरविंद केजरीवाल ने नाराजगी जाहिर की है। असल में पिछले साल भी दिल्ली की झांकी को परेड में जगह नहीं मिली थी। इस बार फिर झांकी की थीम को ही खारिज कर दिया गया है। इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी व भाजपा के बीच में आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। अरविंद केजरीवाल ने एक जारी मैसेज में कहा कि पिछले कई सालों से दिल्ली की झांकी को परेड में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिल रहा है। आखिर यह कैसी राजनीति है? दिल्ली के लोगों से ऐसी क्या नफरत है। दिल्ली के लोग इन्हें क्यों वोट दें। इनका दिल्ली के लिए कोई विजन नहीं है, सिर्फ केजरीवाल को गाली देते हैं। क्या सिर्फ इस बात के लिए इनको वोट दे दें। आखिर क्यों दिल्ली की झांकी को परेड में हिस्सा लेने से रोका जा रहा है।

गणतंत्र दिवस की जो भी झांकियां निकलती हैं, उनका अप्रूवल रक्षा मंत्रालय द्वारा किया जाता है। रक्षा मंत्रालय द्वारा एक विशेष कमेटी का गठन किया जाता है, जिसमें आर्ट, कल्चर, पेंटिंग, स्कल्पचर, म्यूजिक, आर्किटेक्चर क्षेत्र के लोग होते हैं। जो भी राज्य अपनी झांकी को शामिल करवाना चाहता है, वे अपना प्रस्ताव इस कमेटी को भेजते हैं। जहां झांकी को उसके विषय, डिजाइन, विजुअल इंपैक्ट के आधार पर चेक किया जाता है। इसके ऊपर भी कई और पैरामीटर रहते हैं, जिन्हें देखा जाता है। जिन भी झांकियों को शॉर्टलिस्ट किया जाता है, उन्हें फिर तय समय के अंदर उन झांकियों का एक थ्री डी मॉडल कमेटी को पेश करना होता है। ये प्रक्रिया 6 से 7 राउंड वाली रहती है।

## पति की इजाजत के बिना घर में पत्नी के दोस्तों, रिश्तेदारों का ज्यादा रहना क्रूरता

- कोर्ट ने कहा, तब इसकी और भी अति हो जाती है जब पत्नी घर में न हो

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले में पति के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि पति की इजाजत के बिना पत्नी के दोस्तों व उसके रिश्तेदारों का उसके घर में ज्यादा रहना क्रूरता है। इतना ही नहीं, तब इसकी और भी अति हो जाती है, जबकि पत्नी घर में न हो। न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने 19 दिसंबर को याची पति द्वारा दाखिल अपील पर फैसला सुनाते हुए उसे तलाक की डिक्री दे दी। इसके साथ ही खंडपीठ ने ट्रायल कोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें पति के पक्ष में तलाक का फैसला देने से इनकार कर दिया गया था और इसे विकृत व गलत बताया गया था।

### ट्राई ने लांच की नई वेबसाइट



**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपनी पहुंच और लोगों तक संपर्क को व्यापक बनाने के लिए सोमवार को नई वेबसाइट लांच की है। यह वेबसाइट एनआईसी क्लाउड में भी उपलब्ध है। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि ट्राई ने एक नई वेबसाइट की शुरुआत की है। सोशल मीडिया के बढ़ते महत्व को देखते हुए इस वेबसाइट की नई साझाकरण सुविधाएं सभी हितधारकों तक विनियामक जानकारी के प्रसार को सुगम बनाती हैं। ट्राई की नई वेबसाइट देश में दूरसंचार और प्रसारण विनियमों, नीतियों, कानूनों, सांख्यिकी और रुझानों पर व्यापक जानकारी प्रदान करती है। ये जनसाधारण, हितधारकों, शोधकर्ताओं और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं।

### मार्च 2025 तक कोलकाता की 64% पीली टैक्सियां सड़कों से हट जाएंगी

**कोलकाता।** कोलकाता में चलने वाली प्रतिष्ठित पीली टैक्सी अब राज्य की सड़कों पर नहीं देखी जा सकेंगी। 64 प्रतिशत से ज्यादा टैक्सियों को राज्य परिवहन विभाग द्वारा लगाई गई 15 साल की सेवा सीमा के कारण मार्च 2025 तक सड़कों से हटाया जा रहा है। राज्य परिवहन विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार वर्तमान में राज्य में लगभग 7,000 रजिस्टर्ड पीली टैक्सियां हैं। उनमें से लगभग 4,500 को प्रदूषण मानदंडों के अनुसार सड़कों से हटाना होगा, जो 15 वर्ष या उससे अधिक पुराने वाहनों को सड़कों पर चलने से रोकते हैं। ये पीली टैक्सियां, सभी एंबेसडर, पहले हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड द्वारा पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, हिंद मोटर में बनाई जाती थी।

### आईआईटी दिल्ली के विद्यार्थियों को मिले 1200 से अधिक जॉब ऑफर

- संस्थान का है मजबूत प्लेसमेंट रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के छात्रों को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए जारी प्लेसमेंट सीजन में प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) सहित 1200 से अधिक जॉब ऑफर मिले हैं। अब तक लगभग 1150 व्यक्तिगत छात्रों का चयन किया गया है, जो संस्थान के मजबूत प्लेसमेंट रिकॉर्ड को दर्शाता है।इस वर्ष अब तक कैंपस में डबल डिजिट में ऑफर देने वालों में अमेरिकन एक्सप्रेस, बार्कलेज, बीसीजी, ब्लूस्टोन ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल प्राइवेट लिमिटेड, ड्यूश इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गोल्डमैन सैक्स, गूगल, ग्रेविटन रिसर्च कैपिटल, इंटेल इंडिया, मीशो, माइक्रोन टेक्नोलॉजी, माइक्रोसॉफ्ट, ओला, ओरेकल, पेयू, क्वाडआई, क्वालकॉम, रोबस्ट रिजल्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, शिपरॉकेट, स्क्वायरपॉइंट कैपिटल, टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, ट्राइडेंट ग्रुप और ट्यूरिंग ग्लोबल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

## नीतीश ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

एजेंसी

**बेतिया ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को अपनी 'प्रगति यात्रा' की शुरुआत पश्चिम चंपारण जिले से की। यात्रा के क्रम में उन्होंने कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री आज सुबह पटना से सीधे पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा दो प्रखंड के सतपुर सहिया पंचायत अंतर्गत थारू टोला घोटवा पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। 'प्रगति यात्रा' के क्रम में उन्होंने गांव का भ्रमण किया और विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ करते हुए पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने जीविका की महिलाओं से भी संवाद किया। यात्रा के दौरान उन्होंने 139 करोड़ रुपये की लागत से बनी विद्युत परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना के तहत दोन, दियारा और जंगल क्षेत्रों में नियमित और वोल्टेज युक्त बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बगहा अनुमंडल के विकास के लिए 41 अन्य योजनाओं का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले घोटवा टोला को पूरी तरह से सजाया गया था। गांव की महिलाओं ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। जीविका की महिलाओं द्वारा कई स्टॉल लगाए गए थे, जहां मुख्यमंत्री ने हस्तनिर्मित सामानों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। पूरे क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती से व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही। बताया गया कि बगहा अनुमंडल के बहुत सारे गांव ऐसे हैं, जहां आज भी सोलर प्लांट से बिजली की आपूर्ति की जाती है। ऐसे में लोगों को विद्युत की समस्या से गुजरना पड़ता है। इसे देखते हुए 139 करोड़ की लागत से विद्युत परियोजना का शुभारंभ किया गया है।

स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, यह विद्युत परियोजना दोन, रामनगर, ठकराहा, पिपरासी और दियारावर्ती इलाकों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इलाके में लो वोल्टेज की समस्या का भी समाधान होगा। परियोजना की घोषणा के बाद स्थानीय लोगों में उत्साह है। उल्लेखनीय है कि 'प्रगति यात्रा' के पहले चरण में मुख्यमंत्री 23 से 28 दिसंबर तक छह जिलों में जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार, नीतीश कुमार 24 दिसंबर को पूर्वी चंपारण, 26 दिसंबर को शिवहर-सीतामढ़ी, 27 दिसंबर को मुजफ्फरपुर और 28 दिसंबर को वैशाली का दौरा करेंगे।



- बिहार के मुख्यमंत्री ने पश्चिम चंपारण जिले से शुरू की 'प्रगति यात्रा'

### एलन मस्क ने 'एक्स यूजर्स' के लिए प्रीमियम प्लस सब्सक्रिप्शन की कीमतें बढ़ाई

**नई दिल्ली।** टेक अरबपति एलन मस्क ने 'एक्स यूजर्स' के लिए भारत और वैश्विक स्तर पर टॉप-टायर सब्सक्रिप्शन सर्विस (प्रीमियम प्लस) की कीमतों में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। कीमतों में यह बढ़ोतरी मौजूदा और नए दोनों तरह के यूजर्स के लिए की गई है। अब भारत में प्रीमियम प्लस यूजर्स को 1,750 रुपये प्रति माह देने होंगे, पहले इसके लिए 1,300 रुपये देने होते थे। सर्विस की कीमत में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। नई कीमतें 21 दिसंबर को लागू हो गई हैं। इसी तरह देश में सालाना प्रीमियम प्लस यूजर्स को 18,300 रुपये का भुगतान करना होगा, जो कि पहले 13,600 रुपये था। 2022 में टेक अरबपति द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था) के अधिग्रहण के बाद से यह अब तक सबसे बड़ी मूल्य वृद्धि है।




# धर्म के बारे में अनुचित और अधूरा ज्ञान अधर्म की ओर ले जाता है : संघ प्रमुख

- धर्म हमेशा से ही अस्तित्व में रहा है, इसलिए इसे सनातन कहा जाता है

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बीते रविवार को महाराष्ट्र के अमरावती में एक समारोह में कहा कि धर्म को समझना बहुत कठिन है। धर्म के नाम पर होने वाले सभी उत्पीड़न और अत्याचार गलतफहमी और धर्म की समझ की कमी की वजह से हुए। उन्होंने कहा कि धर्म अहम है, ऐसे में इसके बारे में सही से सिखाया जाना चाहिए।

मोहन भागवत ने कहा कि धर्म को समझना होगा, यदि इसे ठीक से नहीं समझा गया, तो धर्म का आधा ज्ञान अधर्म को जन्म देगा। भागवत ने कहा कि धर्म के बारे में अनुचित और अधूरा ज्ञान अधर्म की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर दुनिया में जो भी अत्याचार और उत्पीड़न हो रहे हैं, वे धर्म के बारे में गलतफहमियों के कारण हुए हैं। उन्होंने कहा, इसलिए यह जरूरी है कि संप्रदाय काम करें। उन्होंने कहा कि धर्म हमेशा से ही अस्तित्व में रहा है और सब कुछ इसी के हिसाब से काम करता है। इसी वजह से इसे सनातन कहा जाता है। धर्म सत्य का आधार है। इसलिए धर्म की रक्षा करना बेहद ही जरूरी है। संप्रदाय कभी भी लड़ना नहीं सिखाता है। वह हमेशा समाज को इकट्ठा करना और जोड़ना ही सिखाता है। धर्म को समझाने के लिए संप्रदाय बहुत जरूरी है। इनके बिना कोई भी मार्ग नहीं चल सकता है। पुणे में बीते गुरुवार को हिंदू सेवा महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए और ऐसा हुआ भी। उनके मुताबिक, यह हिंदुओं की आस्था का स्थल है। हालांकि, उन्होंने सभी को लगातार नए मुद्दे उठाकर देश में विभाजन पैदा करने के खिलाफ आगाह किया। संघ प्रमुख ने कहा, लेकिन, हर दिन तिरस्कार और दुश्मनी के लिए नए मुद्दे नहीं उठाए जाने चाहिए। इसका हल क्या है? हमें दुनिया को दिखाना चाहिए कि हम सद्भावना से रह सकते हैं, इसलिए हमें अपने देश में एक छोटा सा प्रयोग करना चाहिए। हाल ही के दिनों में कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। इनमें कथित तौर पर हिंदू मंदिरों के खंडहरों पर बने अलग-अलग मुस्लिम धार्मिक स्थलों के सर्वे की मांग की गई है। उप्र के संभल में पिछले महीने के आखिर में ऐसे ही सर्वे के कारण जिले में हालात खराब हो गए।



### बांग्लादेश ने की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग

एजेंसी

**ढाका ।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत सरकार को एक राजनयिक नोट भेजकर, देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की है। बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हसीना को 5 अगस्त को अपना देश छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी थी। अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने सोमवार दोपहर ढाका में कहा, हमने भारत को सूचित किया है और न्यायिक उद्देश्यों के लिए शेख हसीना की वापसी का अनुरोध किया है। यह एक नोट वर्बेल (राजनयिक नोट) के माध्यम से संप्रेषित किया गया है।

### महाराष्ट्र के धुले जिले में चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**मुंबई ।** महाराष्ट्र के धुले जिले के न्यू शेरे पंजाब लॉज के एक कमरे में पुलिस ने छापा मारकर बिना इजाजत भारत में घुसे चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। धुले पुलिस, एटीएस और दामिनी पुलिस की टीम इन चारों से गहन पूछताछ कर रही हैं। अब तक छानबीन में पता चला है कि चारों बांग्लादेश के महिदीपुर जिले के मूल निवासी हैं।